Email ID : pmcpd2020@gmail.com, pmcpd2003@gmail.com

सफलतम 271वाँ अंक

# अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी

वर्ष : 23 अंक : 7 फरवरी, 2023

**बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी**– दिल्ली के ऐतिहासिक विजय चौक पर 'बीटिंग द रिट्रीट' समारोह का आयोजन 29 जनवरी, 2023 को किया गया, जिसमें राष्ट्रपति और सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।



सेना, नौसेना, वायु सेना और राज्य पुलिस एवं केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के संगीत बैण्ड द्वारा 29 मनोरम और पैर थिरकने वाली भारतीय धुनें बजाई गईं। समारोह सामूहिक बैंड की 'अग्निवीर' धुन के साथ शुरू हुआ। इस कार्यक्रम का समापन सर्व लोकप्रिय धुन 'सारे जहाँ से अच्छा' के साथ हुआ।

उल्लेखनीय है कि गणतंत्र दिवस समारोह के अन्तर्गत 'बीटिंग द रिट्रीट' सेरेमनी एक अहम् हिस्सा है। 29 जनवरी की शाम को प्रति वर्ष होने वाली यह 'बीटिंग द रिट्रीट' गणतंत्र दिवस समारोह के समापन का प्रतीक है। तीनों सेनाएँ इस खास अवसर पर विशेष धुनें बजाकर राष्ट्रपति से अपनी बैरकों में वापस जाने के लिए आधिकारिक अनुमति माँगती हैं। पारंपरिक धुनों के साथ मार्चपास्ट करती सेनाएँ गणतंत्र दिवस समारोह के समापन की घोषणा भी करती हैं।

इस समारोह की शुरुआत 1950 के दशक की शुरुआत में हुई, जब भारतीय सेना के मेजर रॉबर्ट्स ने स्वदेशी रूप से सामूहिक बैण्ड द्वारा प्रदर्शन के अनूठे समारोह को विकसित किया था। समारोह में राष्ट्रपति बतौर चीफ गेस्ट शामिल होते हैं।

## आपके इस अंक में


| | |
|---|---|
| मासिक घटनाओं का सार संग्रह : स्मरणीय तथ्य | 5 |
| अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य | 6 |
| राष्ट्रीय परिदृश्य | 10 |
| अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी | 15 |
| आर्थिक परिदृश्य | 17 |
| प्रादेशिक परिदृश्य | 20 |
| पुरस्कार एवं सम्मान | 31 |
| खेल परिदृश्य | 37 |
| अद्यतन सामान्य ज्ञान | 40 |
| सम-सामयिक घटनाओं पर आधारित : नवीनतम वस्तुनिष्ठ प्रश्न | 50 |


राजस्थान में कौन, क्या है? के लिए *Scan* करें

भारत में कौन, क्या है? के लिए *Scan* करें


सम्पादक
**एल.सी. गुप्ता**

**सम्पादकीय कार्यालय**
पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स
गंगा मन्दिर, भरतपुर (राज.)
Mob. 8104919720

**इस अंक का मूल्य :** 20/-
**वार्षिक सदस्यता शुल्क :** 240/-
**सदस्यता शुल्क :** पत्रिका के सदस्यता शुल्क हेतु (केवल) इलेक्ट्रॉनिक मनीऑर्डर या इंस्टेंट मनीऑर्डर या पेटीएम द्वारा 'अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी' (Antarrashtriya Chronology) के नाम **'पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, गंगा मन्दिर, भरतपुर (राज.) 321001'** के पते पर भेजें।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक एल.सी. गुप्ता के लिए विकास ऑफ़सेट, एफ-74, हीरावाला इण्डस्ट्रीज एरिया, कानोता, जयपुर से मुद्रित तथा पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, गंगा मन्दिर से प्रकाशित।
**सम्पादक : एल.सी. गुप्ता**


अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी में प्रकाशित किसी भी सामग्री अथवा चित्र के लिए सम्पादक की सहमति होना आवश्यक नहीं है। इस पत्रिका में प्रकाशित सूचनाएँ, समाचार, ज्ञान एवं तथ्य पूरी तरह से सत्यापित किए गए हैं। यदि कोई जानकारी या तथ्य गलत प्रकाशित हो गया है तो प्रकाशक, सम्पादक या मुद्रक, उससे किसी व्यक्ति-विशेष को पहुँची क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं है।

# स्व चिंतन ...

**There are no secretes to success. It is the result of preparation, hard work and learning from failures**

—COLIN POWELL

इस सुंदर ग्रह पृथ्वी पर रहने वाला प्रत्येक व्यक्ति सफल होने की इच्छा रखता है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह व्यक्ति एक बच्चा है, युवा है या बुजुर्ग है। सफलता की चाह रखना अच्छा है क्योंकि सफलता के अभाव में जीवन का गतिमान बने रहना लगभग असम्भव है। लेकिन अजीब स्थिति तब बनती है जब सफलता प्राप्त करने के लिए किए गए हमारे प्रयासों की तुलना में, हम परिणाम की बहुत अधिक उम्मीद करते हैं और चाहते हैं कि सफलता बहुत जल्द हमारे दरवाजे खटखटाए। यदि ऐसा नहीं होता है, तो हम निराश हो जाते हैं और अंततः हीनता के अंधकार में गहरे धसते चले जाते हैं।

वस्तुतः ऐसे व्यक्ति थोड़े से ही प्रयास से सफलताओं को प्राप्त करना चाहते हैं तथा असफलताओं का सामना तो कभी करना ही नहीं चाहते। यदि हम अपने चारों ओर ध्यान से देखें तो पाएंगे कि अधिकांश प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों को पहले अपने जीवन के संघर्षों में गंभीर विफलताओं का सामना करना पड़ा है।

ऐसे ही कुछ व्यक्तित्वों में से एक हैं माइकल जॉर्डन जो खेल की दुनिया के इतिहास में सबसे प्रसिद्ध बास्केटबॉल खिलाड़ियों में से एक है। बचपन में वह कम ऊँचाई वाले ऐसे लड़के थे जिन्हें अक्सर चयन प्रक्रियाओं के दौरान अस्वीकार कर दिया जाता था। बड़े होने पर जब उन्होंने बास्केटबॉल खिलाड़ी की तरह खेलना शुरू किया तो वह 9000 से अधिक शॉट्स मारने में विफल रहे और 300 से अधिक गेम हार गए थे, किन्तु उन्होंने न तो उम्मीद छोड़ी न ही अपने प्रयासों में कोई कमी आने दी। अंततः उनके समर्पण और प्रयासों की निरंतरता ने उन्हें विश्वविख्यात बास्केटबॉल खिलाड़ी के रूप में स्थापित कर दिया।

हेरी पॉटर उपन्यास की प्रख्यात लेखिका जे. के. रोलिंग की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। वस्तुतः एक लेखक बनने के अपने सपने को साकार करने से पहले उन्हें कई वर्षों तक संघर्ष करना पड़ा। अपना उपन्यास लिखने के बाद उसे प्रकाशित करवाने में भी उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ा क्योंकि 12 अलग-अलग प्रकाशकों ने उनके उपन्यास को अस्वीकार कर दिया था। इतना सब होने पर भी वह हताश नहीं हुई,अंततः उनका उपन्यास प्रकाशित हुआ और अब, जेके रोलिंग ऑल टाइम सबसे अधिक बिकने वाले लेखकों में से एक हैं।

इतना सब कुछ जानने के बाद भी मन में यह जानने की उत्कंठा अवश्य रहती है कि सफल व्यक्ति ऐसा क्या करते हैं कि विकट और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद वे सफल हो ही जाते हैं। इस प्रश्न का एक पंक्ति में जबाव मोटिवेशनल स्पीकर और लेखक शिव खेड़ा का वह कथन है जिसमें वह कहते हैं– 'सफल व्यक्ति कोई अलग काम नहीं करते हैं, बल्कि हर काम को अलग ढंग से करते हैं'।

सफल व्यक्तियों के गुणों पर गौर करें तो पाएंगे कि वे जुनूनी होते हैं। वे अपने काम में लगे रहते हैं, उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन उनके बारे में क्या सोचता है। वे अपनी धुन के पक्के होते हैं। दूसरा लक्षण जो उन्हें बाकी लोगों से अलग बनाता है वह यह है कि–वे धारा के खिलाफ तैरते हैं। आपने वह कहावत तो सुनी ही होगी 'लीक-लीक गाड़ी चले, लीकहिं चले कपूत। लीक छोड़ तीनों चलें, शायर, सिंह, सपूत'। कुछ ऐसा ही आचरण इन लोगों का होता है। वे परम्परागत तरीकों से हटकर काम करते हैं फिर चाहे उन्हें इसका कोई भी मूल्य चुकाना हो। वे खतरों से घबराकर किसी सुरक्षित रास्ते की तलाश नहीं करते, बल्कि खतरों में से ही अपनी राह बनाने का जज्बा रखते हैं। जरा सोचिए कि अगर बिल गेट्स या रिचर्ड ब्रैनसन ने जिन्दगी के खेल को सुरक्षित तरीके से खेला होता और स्कूल में ही रहते तो क्या दुनिया उनके द्वारा किए गए महान् कार्यों का साक्षात्कार कर पाती। आशय यह है कि महान कार्य या उपलब्धियाँ सरल मार्गों पर चलकर प्राप्त नहीं होतीं, उसके लिए धारा के खिलाफ तैरना ही होगा, जोखिम लेने के लिए तैयार रहना ही होगा।

सफल व्यक्तियों में एक और महत्वपूर्ण गुण होता है कि वे जो शुरू करते हैं उसे पूरा करते हैं। वे जानते हैं कि यदि किसी कार्य को शुरू किया जाए और उसे पूर्णता तक नहीं ले जाया जाए तो उस कार्य पर निवेश किया गया समय और शक्ति व्यर्थ हो जाती है। इस प्रकार वे अपने समय और शक्ति की उत्पादकता पर फोकस करते हैं और स्वयं को अनुत्पादक कार्यों से बचाए रखते हैं।

हममें से बहुत से लोग गलती हो जाने के डर से किसी कार्य विशेष को करते ही नहीं हैं। इसके विपरीत सफल व्यक्ति गलतियों को भी सीखने का ही एक चरण मानते हैं। वे गलतियों को स्वीकार करते हैं और उनसे कुछ नया सीखते हैं। इसी प्रकार सफल उद्यमी अपनी विफलताओं के बारे में सोचने में समय या ऊर्जा नहीं लगाते हैं क्योंकि वे विफलता को अपने लक्ष्यों तक पहुँचने की प्रक्रिया में एक छोटे और आवश्यक कदम के रूप में देखते हैं। वे स्वयं को सदैव सकारात्मक बनाए रखते हैं, क्योंकि सकारात्मकता को वे ऐसे साधन के रूप में देखते हैं, जो उन्हें उनके लक्ष्य के करीब ले जाती है।

अस्तु सफल व्यक्तियों के गुणों और उनकी कार्यप्रणाली को समझें और उन्हें अपने अंदर विकसित करने का प्रयास करें, ताकि आप भी एक सफल व्यक्ति बन सकें और लोग आपकी जीवनी से प्रेरित हों।

**When something is important enough, you do it even if the odds are not in your favour**

— ELON MUSK

## आगामी प्रतियोगी परीक्षाएँ (सम्भावित तिथियाँ)

- **4, 5, एवं 11 फरवरी, 2023** : CET-I समान पात्रता परीक्षा–2022 (सीनियर सैकेण्डरी लेवल)–राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड
- **12-15 फरवरी, 2023** : राजस्थान लोक सेवा आयोग-वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022
- **19 फरवरी, 2023** : सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (संविदा) भर्ती –2022–राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड
- **25-28 फरवरी से 1 मार्च, 2023** (सम्भावित): तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती परीक्षा (मुख्य)–2022–राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड
- **12 मार्च और 19 मार्च, 2023** : राजस्थान उच्च न्यायालय-कनिष्ठ न्यायिक सहायक, कनिष्ठ सहायक और लिपिक ग्रेड-द्वितीय सीधी भर्ती संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा

**मासिक घटनाओं के नियमित अपडेट के लिए हमारी वेबसाइट https://chronologycurrentgk.com/ पर विजिट करें।**

# मासिक घटनाओं का सार-संग्रह

- हॉकी विश्व कप-2023 की विजेता जर्मनी ने यह टूर्नामेंट इससे पहले कितनी बार जीता है? **दो बार (2002 और 2006 में)**
- शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) फिल्म महोत्सव 27-31 जनवरी, 2023 को कहाँ आयोजित किया गया? **मुम्बई**
- श्रीलंका और अमेरिका के बीच किस अभ्यास का पाँचवाँ संस्करण श्रीलंका के त्रिंकोमाली और मुलिकुल्लम नौसेना बेस पर 19-26 जनवरी, 2023 को आयोजित किया गया? **CARAT/MAREX**
- भारतीय महिला टीम ने पहले 'आईसीसी अंडर-19 टी-20 वर्ल्ड कप 2023' का खिताब किस टीम को हराकर जीता है? **इंग्लैण्ड**
- 'खेलो इंडिया युवा खेल 2022' का कौनसा संस्करण 30 जनवरी, 2023 से मध्य प्रदेश में शुरू हुआ है? **5वाँ संस्करण**
- हाल ही में टेक स्टार्ट-अप फर्म आईजी ड्रोन्स द्वारा विकसित भारत के पहले 5जी सक्षम ड्रोन को क्या नाम दिया गया है? **स्काईहॉक**
- गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर घोषित पद्म पुरस्कारों में किस राजनेता को मरणोपरांत 'पद्म विभूषण' सम्मान प्रदान करने की घोषणा की गई है? **मुलायम सिंह यादव**
- सूर्य के अध्ययन के लिए इसरो किस मिशन को जून-जुलाई 2023 में लॉन्च करने की योजना बना रहा है? **आदित्य एल-1 मिशन**
- अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने किस भारतवंशी अंतरिक्ष यात्री को ब्रिगेडियर जनरल पद पर नामित किया है? **राजा चारी**
- राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री ने कितने रुपये मूल्य का एक स्मारक सिक्का 29 जनवरी, 2023 को जारी किया? **₹ 75**
- वेस्टइंडीज ने किस पूर्व दिग्गज बल्लेबाज को अपनी नेशनल टीम का 'परफॉर्मेंस मेंटर' नियुक्त किया है? **ब्रायन लारा**
- भारतीय टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने किस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल में उपविजेता रहकर अपने ग्रैंड स्लैम कॅरियर का समापन किया? **ऑस्ट्रेलियन ओपन**
- विदेश मंत्री एस. जयशंकर की किस पुस्तक के मराठी अनुवाद 'भारत मार्ग' का विमोचन 28 जनवरी, 2023 को किया गया? **द इंडिया वे : स्ट्रैटेजीज फार एन अनसर्टेन वर्ल्ड**
- इंदौर में 8-10 जनवरी, 2023 को आयोजित 17वें 'प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन' के मुख्य अतिथि कौन थे? **डॉ. मो. इरफान अली (राष्ट्रपति गुयाना)**
- अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन 9-11 जनवरी, 2023 को कहाँ आयोजित किया गया? **जयपुर**
- 'विश्व आर्थिक मंच' की 53वीं वार्षिक बैठक का आयोजन 16-20 जनवरी, 2023 को कहाँ किया गया? **दावोस (स्विट्जरलैण्ड)**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन' (12-13 जनवरी) में विकासशील देशों हेतु किस चिकित्सा आपूर्ति प्रोजेक्ट को लॉन्च किया? **आरोग्य मैत्री**
- विश्व की प्रमुख सैन्य शक्तियों के 'ग्लोबल फायर पॉवर इंडेक्स 2023' (जनवरी 2023 में जारी) में भारत कौनसे स्थान पर है? **चौथा**
- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 21 बड़े अनाम द्वीपों में से सबसे बड़े द्वीप का नाम किस परमवीर चक्र विजेता के नाम पर रखा गया है? **मेजर सोमनाथ शर्मा**
- डाक सेवा बोर्ड के किस पूर्व सदस्य (कार्मिक) ने एपीपीयू (Asian Pacific Postal Union) के महासचिव का पद्भार जनवरी 2023 में सँभाला है? **डॉ. विनय प्रकाश सिंह**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 7 जनवरी, 2023 को शुभारम्भ किए गए 'एस्पिरेशनल ब्लॉक कार्यक्रम' में देशभर से कितने जिलों को शामिल किया जाएगा? **500**
- किस देश से 100 चीतों को भारत लाने के लिए जनवरी 2023 में समझौता किया गया है? **दक्षिण अफ्रीका**
- आईसीसी द्वारा वर्ष की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर की 'सर गारफील्ड सोबर्स ट्राफी' किसे देने की घोषणा जनवरी 2023 में की? **बाबर आजम (पाकिस्तान)**
- राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों से चुने गए कितने बच्चों को 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2023' से 23 जनवरी, 2023 को सम्मानित किया गया? **11**
- राजामौली निर्देशित फिल्म 'आरआरआर' के किस गाने को 80वें गोल्डन ग्लोब पुरस्कारों में बेस्ट ऑरिजिनल सॉन्ग पुरस्कार 10 जनवरी, 2023 को प्रदान किया गया? **नाटू-नाटू**
- वास्तुकार बालकृष्ण दोशी का 24 जनवरी, 2023 को निधन हो गया। उन्हें प्रित्जकर आर्किटेक्चर प्राइज किस वर्ष प्रदान किया गया था? **वर्ष 2018 में**
- केन्द्र सरकार ने जैश-ए-मोहम्मद के किस छद्म संगठन को 6 जनवरी, 2023 को आंतकी संगठन घोषित किया है? **पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट**
- 108वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस (3-7 जनवरी, 2023; महाराष्ट्र) में डॉ. सी. वी. रमन जन्म शताब्दी पुरस्कार किसे प्रदान किया गया? **प्रो. एस. आर. निरंजना**
- एनसीईआरटी द्वारा भारत के किस पहले राष्ट्रीय मूल्यांकन नियामक को जनवरी 2023 में अधिसूचित किया गया है? **परख (PARAKH)**
- वर्ष 2022 के लिए (32वां) घनश्यामदास बिड़ला पुरस्कार किसे दिए जाने की घोषणा 4 जनवरी, 2023 को की गई? **प्रो. नीलेश बी. मेहता**
- ब्रिटिश शाही परिवार के सदस्य प्रिंस हैरी द्वारा संस्मरण पुस्तक किस शीर्षक से लॉन्च की गई है? **स्पेयर (Spare)**



# अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

- मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी की भारत यात्रा
- भारत ने मालदीव को 4 करोड़ डॉलर की सुविधा प्रदान की
- वैश्विक जोखिम रिपोर्ट 2023 जारी
- भारत की जी-20 अध्यक्षता में 11 सहभागी समूहों के साथ होगा विचार विमर्श
- वॉयस ऑफ़ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन
- छह दशक में चीन की जनसंख्या में पहली बार गिरावट
- अब्दुल रहमान मक्की वैश्विक आतंकी घोषित
- चीन ने लॉन्च की एशिया की पहली हाइड्रोजन ट्रेन
- ग्लोबल फ़ायर पॉवर सूचकांक 2023

## मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी की भारत यात्रा

- मिस्र अरब गणराज्य के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी (Abdel Fattah el-Sisi) अपने तीन दिवसीय प्रवास पर 24-26 जनवरी, 2023 को भारत में रहे।
- भारत की अपनी दूसरी राजकीय यात्रा पर आए राष्ट्रपति सिसी **भारत के 74वें गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि** थे।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल फतह अल सिसी के मध्य सम्पन्न द्विपक्षीय वार्ता में दोनों देशों ने रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग को मजबूत करने तथा आतंकवाद से निपटने के लिए सूचना और खुफिया आदान-प्रदान बढ़ाने का निर्णय लिया।
- **समझौता**- राष्ट्रपति सिसी की इस भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच साइबर सुरक्षा, संस्कृति, सूचना प्रौद्योगिकी, युवा कार्य और प्रसारण क्षेत्र से सम्बन्धित समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।
    - ✓ *भारत के प्रसार भारती और मिस्र के राष्ट्रीय मीडिया प्राधिकरण के बीच समाचारों से सम्बन्धित सामग्री के आदान-प्रदान को सुलभ बनाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर 25 जनवरी, 2023 को हस्ताक्षर किए गए।*

## वैश्विक जोखिम रिपोर्ट 2023 जारी

- ✦ **शीर्षक** : वैश्विक जोखिम रिपोर्ट-2023 (Global Risks Report 2023)
- ✦ **जारीकर्ता** : विश्व आर्थिक मंच
- ✦ **संस्करण** : 18वाँ
- ✦ **जारी करने की तिथि** : 11 जनवरी, 2023

- 'विश्व आर्थिक मंच' (World Economic Forum-WEF) द्वारा जारी 'वैश्विक जोखिम रिपोर्ट- 2023' में विश्व से अगले दो वर्षों में 'प्राकृतिक आपदाओं और चरम मौसमी घटनाओं' के लिए तैयार रहने को कहा गया है।
- यह रिपोर्ट 'विश्व आर्थिक मंच' की 53वीं बैठक से पहले जारी की गई। इस बैठक का आयोजन 16-20 जनवरी, 2023 को दावोस (स्विट्जरलैण्ड) में किया गया था।
    - ✓ *डब्ल्यूईएफ की इस वार्षिक बैठक का विषय 'Cooperation in a Fragmented World' था।*

### न्यूज फैक्ट्स

- अगले दशक में दुनिया के सामने आने वाले दो सबसे गम्भीर जोखिम 'जलवायु परिवर्तन को कम करने में विफलता' और 'जलवायु परिवर्तन अनुकूलन की विफलता' हैं।
- आगामी दशक में 'प्राकृतिक आपदाएँ एवं चरम मौसमी घटनाएँ' तथा 'जैवविविधता का नुकसान व पारिस्थितिकी तंत्र के पतन' का भी जोखिम विद्यमान है।
- यूक्रेन-रूस युद्ध और कोविड-19 महामारी ने ऊर्जा संकट, भोजन की कमी और मुद्रास्फीति को सबसे अधिक दबाव वाले वैश्विक मुद्दों के रूप में प्रेरित किया है।
- रिपोर्ट में 'कॉस्ट-ऑफ़-लिविंग क्राइसिस' (Cost-of-living crisis) को अगले दो वर्षों में सबसे गंभीर वैश्विक जोखिम के रूप में स्थान दिया गया है।

## भारत ने मालदीव को 4 करोड़ डॉलर की सुविधा प्रदान की

- भारत ने मालदीव में खेल के बुनियादी ढाँचे के विकास के लिए चार करोड़ डॉलर की रियायती ऋण सुविधा दी है।
- भारत सरकार की 'फिट इण्डिया' और 'खेलो इण्डिया' जैसी महत्वपूर्ण पहल को 'पड़ोसी पहले' नीति के दायरे में लाने के लिए भारत के प्रयास के तहत् यह सुविधा प्रदान की गई है।
- उक्त जानकारी मालदीव की यात्रा पर गए भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर द्वारा 19 जनवरी, 2023 को दी गई।
- अपनी इस यात्रा के दौरान जयशंकर ने शावियानी फोकैधू में एक सामुदायिक परियोजना का भी उद्घाटन किया।
    - ✓ *शावियानी फोकैधू में सामुदायिक केन्द्र उन 45 परियोजनाओं का हिस्सा है, जिसे भारत-मालदीव सरकार की भागीदारी से तैयार कर रहा है। इनमें से 23 परियोजनाएँ पूरी हो चुकी हैं।*

## भारत की जी-20 की अध्यक्षता में 11 सहभागी समूहों के साथ होगा विचार-विमर्श

- विश्व की 20 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं का समूह जी-20 या ग्रुप 20 की अध्यक्षता वर्तमान में भारत के पास है।
- वस्तुत: भारत 1 दिसम्बर, 2022 से 30 नवम्बर, 2023 के दौरान जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। इस दौरान भारत के 60 से अधिक शहरों में 200 से अधिक बैठकें आयोजित की जाएँगी।
- भारत की अध्यक्षता में अलग-अलग क्षेत्रों से सम्बन्धित निम्न 11 सहभागी समूहों के साथ व्यापक विचार-विमर्श आयोजित किए जाएँगे-
    - ✓ *(1) बिजनेस20, (2) सिविल20, (3) श्रम20, (4) संसद20, (5) विज्ञान20, (6) एसएआई20, (7) स्टार्ट-अप20, (8) थिंक20, (9) अर्बन20, (10) वुमन20 और (11) यूथ20*


सरकारी नौकरी की तैयारी
अब है आपकी बारी
• नियमित कक्षायें • नियमित टेस्ट सीरिज
Mother's
Education Hub ®
Your Success Chance is maximum if you are @ Mother's
0141- 2711689
ऑफ़लाइन सेंटर्स पर बैच प्रारम्भ
स्मार्ट रणनीति | समर्पित टीम | सपोर्टिव स्टाफ | गुणवत्ता पूर्ण अध्ययन सामग्री
SSC
FOUNDATION BATCH
Pre+ MAINS (CGL • CHSL• CPO)
Prelims
CGL• CHSL • CPO
MAINS
CGL• CHSL
BANK
PO/CLERK (IBPS•SBI)
GD/दिल्ली पुलिस
कांस्टेबल
DEFENCE
FOUNDATION
BATCH STARTS
More Information
7300051116
EVERY MONDAY
NDA
CDS
NAVY
AIRFORCE
(X & Y GROUP)
+ SSB INTERVIEW
Mock Interview + Psychological + GD
निश्चित सफलता हेतु अभी से कड़ी मेहनत में जुटें।
RAJASTHAN Gopalpura (Head Office)
201, Himmat Nagar, Gopalpura Mode,
Tonk Road, Jaipur-18 | (Mob.) 7073909991
Android App on Google Play
Download Mother's Live App
LALKOTHI 9414748428
JHOTWARA 7073909992
AMBABARI 7073909996
UDAIPUR 9116151416
ALWAR Jail Choraha 7073909994
ALWAR Naya Bass Circle 7300051114
www.motherseudcationhub.org

## न्यूज फैक्ट्स

- **'स्टार्ट-अप 20' सहभागी समूह को भारत की अध्यक्षता में प्रस्तावित किया गया है।**
  - ✓ *यह विकास सम्बन्धी चुनौतियों और अन्य बाधाओं को दूर करने के लिए जी-20 देशों के नेताओं के लिए कार्रवाई की अनुशंसा करेगा।*

## वॉयस ऑफ़ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन

- जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत की मेजबानी में 'द वॉयस ऑफ़ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन' (Voice of Global South Summit) का वर्चुअल आयोजन 12-13 जनवरी, 2023 को किया गया।
- इस सम्मेलन का विषय 'आवाज की एकता, उद्देश्य के लिए एकता' था।
- इस सम्मेलन में लीडर्स के सत्र के समापन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने उद्घाटन भाषण में निम्न प्रमुख घोषणाएँ कीं–
- **ग्लोबल-साउथ सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस-** प्रधानमंत्री मोदी ने भारत द्वारा 'ग्लोबल-साउथ सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस' (Global-South Center of Excellence) स्थापित करने की घोषणा 13 जनवरी, 2023 को की।
  - ✓ *इस केन्द्र की स्थापना विकासशील देशों के लिए विकास समाधानों पर शोध करने के उद्देश्य से की जा रही है।*
- **आरोग्य मैत्री-** इस नई परियोजना के तहत्भारत प्राकृतिक आपदाओं या मानवीय संकट से प्रभावित किसी भी विकासशील देश को आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति प्रदान करेगा।

## छह दशक में चीन की जनसंख्या में पहली बार गिरावट

- विश्व के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश चीन की आबादी में गिरावट शुरू हो गई है।
- चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो द्वारा 17 जनवरी, 2023 को जारी आँकड़ों के अनुसार चीन की आबादी छह दशकों से अधिक समय में पहली बार वर्ष 2022 में घट गई है।
- इस देश में जनसंख्या वर्ष 2021 की तुलना में वर्ष 2022 के अंत में 8,50,000 कम हो गई है।
- 1.041 करोड़ लोगों की मौत के मुकाबले 95.6 लाख लोगों के जन्म के साथ देश की आबादी 2022 के अंत में 1.411.75 अरब रह गई है, जो वर्ष 2021 में 1.41260 अरब थी।
- नेशनल ब्यूरो स्टेटिस्टिक्स के मुताबिक चीन में साल 2021 में जन्म दर 7.52% (1000 लोगों पर 7.52 बच्चे) थी, जो वर्ष 2022 में घटकर 6.67% (1000 लोगों पर 6.67 बच्चे) रह गई है।

## अब्दुल रहमान मक्की वैश्विक आतंकी घोषित

- संयुक्त राष्ट्र ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर ए तैयबा के उप-प्रमुख अब्दुल रहमान मक्की को वैश्विक आतंकवादी घोषित कर दिया है।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् (यूएनएससी) ने अब्दुल रहमान मक्की को अपनी आईएसआईएल (दाएश) और अल-कायदा प्रतिबंध समिति के तहत् एक वैश्विक आतंकवादी के रूप में 16 जनवरी, 2023 को सूचीबद्ध किया है।

## न्यूज फैक्ट

- किसी व्यक्ति या संगठन को 1267 प्रतिबंध समिति के तहत् सूचीबद्ध करने का फैसला सर्वसम्मति से लिया जाता है।
- भारत और अमेरिका पहले ही मक्की को अपने घरेलू कानूनों के तहत् आतंकवादी के रूप में सूचीबद्ध कर चुके हैं।

## चीन ने लॉन्च की एशिया की पहली हाइड्रोजन ट्रेन

- चीन की सीआरआरसी कॉर्पोरेशन लिमिटेड (CRRC Corporation Ltd) ने देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन लॉन्च की है।
- यह एशिया की पहली और विश्व की दूसरी हाइड्रोजन ट्रेन है। इससे पहले जर्मनी ने 14 हाइड्रोजन ट्रेनों का बेड़ा अगस्त 2022 में लॉन्च किया था।
- चीन की हाइड्रोजन ट्रेन 160 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है और एक बार गैस भराने पर 600 किमी. तक चल सकती है।
- इस ट्रेन को चीन की सरकारी कम्पनी मोनोलिथ सीआरआरसी और चेंगदू रेल ट्रांजिट ने मिलकर विकसित किया है।
- उल्लेखनीय है कि भारत में भी हाइड्रोजन ट्रेन पर तेजी से काम हो रहा है। भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन वर्ष 2023 के अंत तक बनकर तैयार हो जाने की सम्भावना है।

## ग्लोबल फायर पॉवर सूचकांक 2023

- डिफेंस स्टेटिक्स वेबसाइट 'ग्लोबल फायर पॉवर' विश्व के देशों की सैन्य ताकतों का तुलनात्मक अध्ययन आधार पर सबसे ताकतवर देशों की सूची जनवरी 2023 में जारी की है।
- इस थिंक टैंक द्वारा वर्ष 2006 से जारी किए जाने वाले वर्ष 2023 के सूचकांक में 145 आधुनिक सैन्य शक्तियों से संबंधित डेटा का 8 फैक्टर के आधार पर एक विश्लेषणात्मक प्रदर्शन प्रदान किया गया है।
- 'ग्लोबल फायर पॉवर सूचकांक 2023' (Global Firepower Index (GFP) 2023) शीर्षक से जारी इस सूचकांक में शीर्षस्थ देशों की स्थिति में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ है, किन्तु तुर्किए मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीकी क्षेत्र का सबसे ताकतवर देश बनकर उभरा है।
  - ✓ *तुर्किए वैश्विक रैंकिंग में भी दो पायदान की छलांग लगाते हुए 11वें स्थान पर पहुंच गया है।*

**सूचकांक में शीर्षस्थ 10 देश**

| रैंक | राष्ट्र | स्कोर | रैंक | राष्ट्र | स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अमेरिका | 0.712 | 6 | दक्षिण कोरिया | 0.1505 |
| 2 | रूस | 0.714 | 7 | पाकिस्तान | 0.1694 |
| 3 | चीन | 0.722 | 8 | जापान | 0.1711 |
| 4 | भारत | 0.1025 | 9 | फ्रांस | 0.1848 |
| 5 | ब्रिटेन | 0.1435 | 10 | इटली | 0.1973 |

- अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष ने किस देश के ऋण का पुनर्गठन करने के भारत के आश्वासन की पुष्टि की है? **श्रीलंका**
- जैसिंडा अर्डर्न के न्यूजीलैण्ड के प्रधानमंत्री पद से त्यागपत्र देने की घोषणा के बाद सत्तारूढ़ लेबर पार्टी के किस नेता ने देश के 41वें प्रधानमंत्री के रूप में पद्भार सँभाला है? **क्रिस हिपकिंस**
- अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने उत्तर कोरिया में मानवाधिकारों के लिए विशेष दूत किसे नियुक्त किया है? **जूली टर्नर**
- माली के बाद किस पश्चिम अफ्रीकी देश की सैनिक सरकार ने फ्रांसीसी सैनिकों को एक महीने के भीतर देश छोड़ने का आदेश जनवरी, 2023 में दिया है? **बुर्किना फासो**
- सोने के अवैध खनन और कुपोषण जनित परिस्थितियों में फैली बीमारियों से बच्चों की मौत के कारण किस देश की सरकार ने अपने यानोमामी क्षेत्र में चिकित्सा-आपात स्थिति की घोषणा की है? **ब्राजील**
- मोगादिशु किस देश की राजधानी है, जहाँ अलकायदा से जुड़े आतंकी गुट अल शबाब द्वारा 22 जनवरी, 2023 को किए गए बम विस्फोट में 11 लोगों की मौत हो गई? **सोमालिया**
- किस संस्थान द्वारा काठमांडू (नेपाल) में प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए एक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन जनवरी 2023 में आयोजित किया गया? **इण्डियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज-इन्टैक**
- यूनेस्को ने इस वर्ष 24 जनवरी को मनाया गया 'अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' किसे समर्पित किया है? **अफगान बालिकाओं और महिलाओं को**
- नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल द्वारा 18 जनवरी, 2023 को अपने मंत्रिमंडल में 15 और मंत्रियों को शामिल किए जाने से विस्तारित मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या कितनी हो गई है? **23**
- भारत ने मालदीव को सामुदायिक विकास परियोजनाओं के लिए कितनी राशि देने की घोषणा जनवरी 2023 में की? **10 करोड़ मालदीव रूफिया**
- पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा' का वह उपप्रमुख जिसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा जनवरी 2023 में वैश्विक आतंकी घोषित किया है- **अब्दुल रहमान मक्की**
- किस देश ने दुनिया के पहले फोटोनिक-आधारित, दोष-सहिष्णु क्वांटम कम्प्यूटर के निर्माण और व्यावसायीकरण के लिए एक नए संघीय निवेश की घोषणा की है? **कनाडा**
- कौनसे दो दक्षिण अमेरिकी देश एक साझा मुद्रा प्रचलन की योजना बना रहे हैं? **अर्जेंटीना और ब्राजील**
- मक्का में ग्रैंड मस्जिद रोड पर दुनिया की सबसे लम्बी (75 मीटर) सुलेख पेंटिंग भित्ती (calligraphic mural) किसके द्वारा बनाई गई है? **अमल फेलम्बन**
- नेपाल-भारत और चीन के ट्राइजंक्शन पर चीन द्वारा गंगा की किस सहायक नदी पर एक विशाल बाँध बनाया जा रहा है? **माब्जा जांगबो नदी**
- भारत और ब्रिटेन द्वारा कौनसी स्कीम 28 फरवरी, 2023 को लॉन्च की जाएगी, जिसके तहत् 18-30 वर्ष की उम्र के 3000 डिग्री धारक भारतीय नागरिक ब्रिटेन में दो वर्ष तक रह सकेंगे और काम कर सकेंगे? **UK-India Young Professionals Scheme.**
- भारत ने किस कैरिबियाई देश को पेंटावेलेंट टीकों की 12,500 खुराक दान करने की घोषणा जनवरी 2023 में की है, जो 5 बीमारियों– डिप्थीरिया, पर्टुसिस, टेटनस, हेपेटाइटिस बी और हिब से सुरक्षा प्रदान करता है? **क्यूबा**
- पासपोर्ट मुक्त शेंगन क्षेत्र में 1 जनवरी, 2023 से शामिल, यूरो को अपनी मुद्रा के रूप में अपनाकर कौनसा देश यूरोजोन का 20वाँ सदस्य देश बन गया? **क्रोएशिया**
- अमेरिका ने मधुमक्खियों को किस रोग से बचाने के लिए बनाए गए विश्व के पहले टीके के उपयोग को मंजूरी दी है? **अमेरिकन फाउल ब्रूड**
- भारत-फ्रांस सामरिक वार्ता का कौनसा संस्करण 5 जनवरी, 2023 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया? **36वाँ**
- भारतीय उच्चायोग ने श्रीलंका के किस विश्वविद्यालय में एक हिंदी पीठ स्थापित करने के समझौता ज्ञापन पर 11 जनवरी, 2023 को हस्ताक्षर किए हैं? **सबरागमुवा विश्वविद्यालय**
- ऑस्टेलिया सरकार किस भारतीय भाषा को अपने स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने की तैयारी कर रही है? **पंजाबी**
- भारत-पाकिस्तान के बीच परमाणु प्रतिष्ठान और फैसिलिटिज के खिलाफ हमले की निषेध संधि कब से लागू है, जिसके तहत् दोनों देशों ने अपने परमाणु प्रतिष्ठानों और कैदियों की सूची का आदान-प्रदान 1 जनवरी, 2023 को किया? **27 जनवरी, 1991**



# राष्ट्रीय परिदृश्य

- हर्षोल्लास से मनाया गया 74वाँ गणतंत्र दिवस समारोह
- मेघालय, नगालैण्ड और त्रिपुरा की विधानसभाओं के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित
- उच्चतम न्यायालय ने इच्छा मृत्यु की प्रक्रिया में किया संशोधन
- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 21 द्वीपों का नामकरण 21 परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर
- भारत ने तैनात की यूएन मिशन में महिला शांति सैनिकों की सबसे बड़ी एकल इकाई
- पीएएफएफ आंतकवादी संगठन घोषित
- महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण हेतु सरकार ने लॉन्च किया 'U-WIN'
- भारत का पहला राष्ट्रीय मूल्यांकन नियामक 'परख' लॉन्च
- भारत को मिला एशियाई प्रशांत डाक संघ का नेतृत्व
- आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम का शुभारम्भ
- एनुअल स्टेटस ऑफ़ एजुकेशन रिपोर्ट जारी
- दक्षिण अफ्रीका से 100 चीते लाने के लिए समझौता
- नालंदा में खोजे गए 1200 वर्ष पुराने दो लघु स्तूप

## हर्षोल्लास से मनाया गया 74वाँ गणतंत्र दिवस समारोह

- देशभर में 74वाँ गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी, 2023 को पूर्ण हर्षोल्लास से मनाया गया।
- इस पर्व का मुख्य समारोह राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित किया गया, जहाँ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गणतंत्र दिवस आयोजनों में देश का नेतृत्व किया।
- परम्परानुसार राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और राष्ट्र गान के बाद 105 एम.एम. के इंडियन फील्ड बंदूकों से 21 तोपों की सलामी दी गई।
  - ✓ *पहले यह सलामी 25 पाउंडर तोप से दी जाती थी।*
- इस अवसर पर हर वर्ष की भाँति कर्तव्य पथ पर देश की ताकत और संस्कृति की एक झलक दिखलाने के लिए भव्य परेड का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत राष्ट्रपति को सलामी देने के साथ हुई।
- परेड में स्वदेश में विकसित अर्जुन टैंक, नाग मिसाइल प्रणाली, के-9 वज्र-होवित्जर तोप और आकाश शस्त्र प्रणाली का प्रदर्शन किया गया।
  - ✓ *इस वर्ष 'आत्म-निर्भर भारत' की थीम को ध्यान में रखते हुए परेड में केवल मेड-इन-इण्डिया हथियार प्रणालियों का प्रदर्शन किया गया।*
- पहली बार तीन महिलाओं और छह अग्निवीरों ने भी परेड में हिस्सा लिया।
- इस भव्य परेड में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) राजस्थान फ्रंटियर के हथियारों से लैस 82 कॉम्बेट कैमल भी शामिल हुए।
- पहली बार ही सीमा सुरक्षा बल की महिला ऊँटसवारों ने भी परेड में सहभागिता की।
- **मुख्य अतिथि**- मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी भारत के 74वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।
  - ✓ *वह भारतीय गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले पहले मिस्र के राष्ट्रपति और मध्य-पूर्व के पाँचवें नेता हैं।*

### न्यूज फैक्ट्स

- कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में मोटरसाइकिलों पर सवार हैरतअंगेज कारनामे दिखाने वाली सेना की सिग्नल कोर के डेयरडेविल्स टीम का नेतृत्व **जोधपुर (राजस्थान) की लेफ्टिनेंट डिम्पल भाटी** ने किया।
- परेड में पहली बार शामिल हुई वायुसेना की गरुड़ कमांडो टीम का नेतृत्व **पाली (राजस्थान) के स्क्वाड्रन लीडर प्रीतम सिंह जैतावत** ने किया।
- इस बार परेड में प्रदर्शित राज्यों की झाँकी में राजस्थान की झाँकी शामिल नहीं की गई।
- परेड में संस्कृति मंत्रालय का सांस्कृतिक कार्यक्रम वंदे भारतम प्रस्तुत किया गया, जिसका विषय **'नारी शक्ति'** था।
- परेड में कर्नल महमूद मोहम्मद अब्देल फत्ताह एल खारासावी के नेतृत्व में मिस्र के सशस्त्र बलों का संयुक्त बैंड और मार्चिंग दल (144 सैनिक) विदेशी भागीदार के रूप में शामिल हुआ।
- **भारत पर्व**- भारत सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह के हिस्से के रूप में दिल्ली के लाल किले के लॉन और ज्ञान पथ पर छह-दिवसीय मेगा इवेंट 'भारत पर्व' का आयोजन 26-31 जनवरी, 2023 को किया गया।
  - ✓ *भारत पर्व की शुरुआत वर्ष 20016 से हुई थी, लेकिन पिछले दो वर्ष कोरोना महामारी के कारण इसका आयोजन नहीं हो सका।*
- गणतंत्र दिवस पर आयोजित परेड में भाग लेने वाले 17 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में **उत्तराखंड** की झाँकी को **सर्वश्रेष्ठ झाँकी** चुना गया है। इसमें दूसरे स्थान पर महाराष्ट्र की झाँकी और तीसरे स्थान पर उत्तर प्रदेश की झाँकी रही।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- संविधान सभा ने संविधान को 26 नवम्बर, 1949 को स्वीकार किया था, अतः भारत में प्रतिवर्ष 26 नवम्बर को 'संविधान दिवस' के रूप में मनाया जाता है।
  - ✓ 26 जनवरी, 1950 को इसे लागू कर दिया गया था।

## अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 21 द्वीपों का नामकरण 21 परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर

- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 21 बड़े अज्ञात द्वीपों का नामकरण भारत में सबसे बड़े सैन्य अलंकरण परमवीर चक्र के 21 विजेताओं के नाम पर किया गया है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन द्वीपों का नामकरण नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती (पराक्रम दिवस) के अवसर पर 23 जनवरी, 2023 को किया।
- इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने नेताजी **सुभाष चंद्र बोस द्वीप पर** बनने वाले और नेताजी को समर्पित होने वाले **राष्ट्रीय स्मारक** के मॉडल का भी अनावरण किया।
- **सबसे बड़े द्वीप का नाम** देश के पहले परमवीर चक्र विजेता– **मेजर सोमनाथ शर्मा** के नाम पर रखा गया है।
- दूसरे सबसे बड़े द्वीप का नाम दूसरे परमवीर चक्र विजेता के नाम पर रखा गया है, इसी तरह कुल 21 द्वीपों का नाम 21 परमवीर सैनिकों के नाम पर रखा गया है।

**परमवीर चक्र विजेता जिनके नाम पर द्वीपों का नामकरण हुआ**

- मेजर सोमनाथ शर्मा
- सूबेदार और मानद कैप्टेन (तत्कालीन लांस नायक) करम सिंह, एम.एम
- सेकेंड लेफ्टिनेंट राम राघोबा राणे;
- नायक जदुनाथ सिंह
- कम्पनी हवलदार मेजर पीरू सिंह
- कैप्टन जीएस सलारिया
- लेफ्टिनेंट कर्नल (तत्कालीन मेजर) धन सिंह थापा
- सूबेदार जोगिंदर सिंह
- मेजर शैतान सिंह
- सीक्यूएमएच अब्दुल हमीद
- लेफ्टिनेंट कर्नल अर्देशिर बुर्जोरजी तारापोर
- लांस नायक अल्बर्ट एक्का
- मेजर होशियार सिंह
- सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल
- फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों
- मेजर रामास्वामी परमेश्वरन
- नायब सूबेदार बाना सिंह
- कैप्टेन विक्रम बत्रा
- लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे
- सूबेदार मेजर (तत्कालीन राइफलमैन) संजय कुमार और
- सूबेदार मेजर सेवानिवृत्त (मानद कैप्टेन) ग्रेनेडियर योगेन्द्र सिंह यादव।

**न्यूज फैक्ट**

- वर्ष 2018 में अंडमान निकोबार द्वीप समूह की अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने **रॉस द्वीप समूह का नाम** बदलकर **नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप** रख दिया था।
- इसी क्रम में **नील द्वीप** और **हैवलॉक द्वीप** का नाम बदलकर **शहीद द्वीप** और **स्वराज द्वीप** भी कर दिया गया था।

## मेघालय, नगालैण्ड और त्रिपुरा की विधानसभाओं के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित

- निर्वाचन आयोग ने मेघालय, नगालैण्ड और त्रिपुरा की विधानसभाओं के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा 18 जनवरी, 2023 को की।
- मेघालय और नगालैण्ड में मतदान 27 फरवरी, 2023 को तथा त्रिपुरा में मतदान 16 फरवरी, 2023 को एक ही चरण में सम्पन्न होंगे।
- तीनों राज्यों में मतगणना 2 मार्च, 2023 को की जाएगी।

**तीन विधानसभाओं के मतदाताओं की कुल संख्या एवं आरक्षण**

| विधानसभा | सीटों की संख्या | आरक्षित सीटें | | मतदातों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| | | अनु. जाति | अनु. जनजाति | |
| मेघालय | 60 | 0 | 55 | 21,61,129 |
| नगालैण्ड | 60 | 0 | 59 | 13,09,651 |
| त्रिपुरा | 60 | 10 | 20 | 28,13, 478 |

**उपचुनाव**

- तीन विधानसभा चुनाव के साथ ही लक्षद्वीप में 1 संसदीय क्षेत्र और अरुणाचल प्रदेश, झारखण्ड, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल की एक-एक तथा महाराष्ट्र के दो विधानसभा क्षेत्रों की रिक्तियों को भरने के लिए उपचुनाव भी होंगे।
- इन सीटों पर मतदान 26 फरवरी (संशोधित तिथि) को होगा, जबकि मतगणना उपर्युक्त विधानसभा चुनावों के साथ ही 2 मार्च, 2023 को होगी।

## उच्चतम न्यायालय ने इच्छा मृत्यु की प्रक्रिया में किया संशोधन

- उच्चतम न्यायालय ने इच्छा मृत्यु के बारे में अपने 2018 के आदेश में 24 जनवरी, 2023 को संशोधन किया।
- सर्वोच्च न्यायालय ने अपने पूर्व आदेश में संशोधन करते हुए मरणासन्न रोगियों से लाइफ सपोर्ट हटाने की प्रक्रिया को रोगियों, उनके परिवारों और डॉक्टरों के लिए कम बोझिल बनाने का प्रावधान किया है।
  - ✓ *उच्चतम न्यायालय ने वस्तुतः उस शर्त को हटा दिया है जिसमें एक गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को लाइफ सपोर्ट से हटाने के लिए मजिस्ट्रेट की स्वीकृति अनिवार्य थी।*
- न्यायमूर्ति के.एम. जोसेफ की अध्यक्षता वाली पाँच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा है कि दस्तावेज पर अब 'लिविंग बिल' पर दो साक्ष्यों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए जाएँगे।

## भारत ने तैनात की यूएन मिशन में महिला शांति सैनिकों की सबसे बड़ी एकल इकाई

- 'संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल' (United Nations Interim Security Force) में भारतीय बटालियन के हिस्से के रूप में भारत ने सूडान के अबेई क्षेत्र में महिला शांति सैनिकों की एक पूरी टुकड़ी को तैनात करने का निर्णय जनवरी 2023 में लिया है।

- यह यूएन मिशन में महिला शांति सैनिकों की भारत की सबसे बड़ी एकल इकाई होगी।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2007 में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के लिए पूरी तरह से महिलाओं की टुकड़ी को तैनात करने वाला भारत पहला देश बना था।

## पीएएफएफ आंतकवादी संगठन घोषित

- केन्द्र सरकार ने प्रतिबंधित आतंकी समूह जैश-ए-मोहम्मद (Jaish-e-Mohammed-JeM) के छद्म संगठन 'पीपुल्स एंटी-फासिस्ट-फ्रंट' (People's Anti-Fascist-Front-PAFF) और इससे जुड़े सभी फ्रंट संगठनों को 6 जनवरी, 2023 को 'आतंकवादी' संगठन घोषित कर दिया है।
- इससे पहले केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान बेस्ड आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (TRF) पर 5 जनवरी, 2023 को प्रतिबंध लगाया था।
  - ✓ *केन्द्र सरकार द्वारा ऐसा गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम-1967 के तहत् किया गया है।*

### यूएपीए के तहत् अन्य सम्बन्धित निर्णय

- केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने यूएपीए (Unlawful Activities (Prevention) Act) की चौथी अनुसूची के तहत् लश्कर-ए-तैयबा के सरगना <u>अरबाज अहमद मीर</u> को भी व्यक्तिगत आतंकवादी घोषित किया है।
- इसके अलावा आतंकवादी संगठन अल-कायदा से सम्बन्ध रखने वाले कश्मीर मूल के <u>एजाज अहमद अहंगर उर्फ अबू उस्मान अल-कश्मीरी</u> और लश्कर कमांडर <u>मोहम्मद अमीन उर्फ अबु खुबैब</u> को आतंकवादी घोषित कर दिया है।
- गृह मंत्रालय ने आईएसआई समर्थित खालिस्तान टाइगर फोर्स के सहयोगी **अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डल्ला** को भी यूएपीए के तहत् 9 जनवरी, 2023 को आतंकवादी घोषित किया है।

## महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण हेतु सरकार ने लॉन्च किया 'U-WIN'

- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 'Co-WIN app' की सफलता के बाद 'U-WIN' प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है।
- 'U-WIN' प्लेटफॉर्म को देश में महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण के डिजिटल रिकॉर्ड रखने के लिए तैयार किया गया है।
- U-WIN को भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) को डिजिटल करने के उद्देश्य से सरकार ने प्रत्येक राज्य और केन्द्रशासित प्रदेशों के दो जिलों में प्रायोगिक तौर पर शुरू किया जाएगा। प्रारम्भ में 11 जनवरी, 2023 को 65 जिलों में इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई है।
- 'U-WIN' डिजिटल प्लेटफॉर्म टीकाकरण करने के लिए सूचना का एकल स्रोत बनेगा, जिसमें टीकाकरण की अद्यतन जानकारी, प्रसव, टीकाकरण सत्र के आयोजन की जानकारी और एंटीजन से जुड़ी जानकारी होगी।

## भारत का पहला राष्ट्रीय मूल्यांकन नियामक 'परख' लॉन्च

- राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (National Council for Education Research and Training -NCERT) ने भारत का पहला राष्ट्रीय मूल्यांकन नियामक, 'परख' (PARAKH ) जनवरी 2023 में अधिसूचित किया।
  - ✓ *'परख' का पूर्णरूप-Performance Assessment, Review and Analysis of Knowledge for Holistic Development।*
- **उद्देश्य**- देश में सभी मान्यता प्राप्त स्कूल बोर्डों के लिए छात्र मूल्यांकन और मूल्यांकन के लिए मानदण्ड, मानक और दिशा-निर्देश स्थापित करना।

### न्यूज फैक्ट्स

- 'परख' की घोषणा 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' के तहत् छात्र मूल्यांकन के लिए एक स्टैंडर्ड-सेटिंग निकाय के रूप में की गई थी।
- यह तीन प्रमुख मूल्यांकन क्षेत्रों में काम करेगा जिनमें बड़े पैमाने पर मूल्यांकन, स्कूल-आधारित आकलन और परीक्षा सुधार शामिल हैं।
- यह अन्तर्राष्ट्रीय मूल्यांकन जैसे प्रोग्राम फॉर इंटरनेशनल स्टूडेंट असेसमेंट, ट्रेंड्स इन इंटरनेशनल मैथमेटिक्स एंड साइंस स्टडी और प्रोग्रेस इन इंटरनेशनल रीडिंग लिटरेसी स्टडी में भारत की भागीदारी का प्रबंधन भी करेगा।

## भारत को मिला एशियाई-प्रशांत डाक संघ का नेतृत्व

- भारत ने एशियाई प्रशांत डाक संघ (Asian Pacific Postal Union (APPU) का नेतृत्व जनवरी 2023 से सँभाल लिया है।
- **महासचिव**- डाक सेवा बोर्ड के पूर्व सदस्य (कार्मिक) डॉ. विनय प्रकाश सिंह ने 4 वर्षों के कार्यकाल के लिए संघ के महासचिव का पदभार सँभाला है।
  - ✓ *यह पहली बार है जब कोई भारतीय शख्स डाक क्षेत्र में एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन का नेतृत्व कर रहा है।*
  - ✓ *इसके लिए बैंकॉक में आयोजित 13वीं एपीपीयू कांग्रेस के दौरान अगस्त-सितम्बर 2022 के दौरान चुनाव सम्पन्न हुआ था।*

### एपीपीयू के बारे में

- एशियाई-प्रशांत डाक संघ (एपीपीयू) एशियाई-प्रशांत क्षेत्र के 32 सदस्यीय देशों का एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसका मुख्यालय बैंकॉक, थाईलैण्ड में है।
- एपीपीयू इस क्षेत्र में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यूपीयू) का एकमात्र सीमांकित संघ है, जो संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है।
- एपीपीयू का लक्ष्य डाक सेवाओं के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए सदस्य देशों के बीच डाक सम्बन्धों का विस्तार, सुविधा देना और सुधार करना है।

## आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम का शुभारम्भ

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्य सचिवों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में 'एस्पिरेशनल ब्लॉक कार्यक्रम' (Aspirational Block Programme-ABP) का शुभारम्भ 7 जनवरी, 2023 को किया।
- नीति आयोग के अनुसार यह कार्यक्रम पूरे देश में 500 से अधिक चिन्हित ब्लॉकों में नागरिकों के लिए 'ईज ऑफ़ लिविंग' में सुधार करेगा।
- 'एबीपी' को 2018 में लॉन्च किए गए 'एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम' की तर्ज पर शुरू किया गया है, जिसमें देश-भर के 112 जिले शामिल हैं।
- 'एस्पिरेशनल ब्लॉक कार्यक्रम' राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के 500 जिलों को कवर करेगा।
  - ✓ *'एबीपी' के लिए पहचाने गए 500 ब्लॉक विगत वर्ष सरकार द्वारा स्थापित चार सदस्यीय समिति की सिफारिशों के आधार पर चुने गए थे। इन ब्लॉकों का चयन अन्य जिलों की तुलना में विकास में निरंतर पिछड़ने के कारण किया गया था।*
- उल्लेखनीय है कि एबीपी की घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने 2022-23 के बजट भाषण में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के विस्तार के रूप में की थी।

### न्यूज फैक्ट्स

- उदयपुर (राजस्थान) कलेक्टर ताराचंद मीणा की पहल पर '**मिशन कोटड़ा**' शुरू किया गया था, जोकि केन्द्र सरकार के 'एस्पिरेशनल ब्लॉक (आकांक्षी ब्लॉक) प्रोग्राम' के लगभग समरूप है। इस सम्बन्ध में एक विस्तृत रिपोर्ट केन्द्र सरकार को भेजी गई थी।
- 'एबीपी' कार्यक्रम में विभिन्न मानकों पर आवश्यकता वाले ब्लॉक के तहत् उदयपुर जिले के खेरवाड़ा ब्लॉक का चयन किया गया है।

## एनुअल स्टेट्स ऑफ़ एजुकेशन रिपोर्ट जारी

- शिक्षा की वार्षिक स्थिति एनजीओ 'प्रथम' द्वारा 'एनुअल स्टेट्स ऑफ़ एजुकेशन' [Annual Status of Education Report (ASER) 2022] की रिपोर्ट 18 जनवरी, 2023 को जारी की गई।
  - ✓ *प्रथम फाउंडेशन की ओर से इससे पहले वर्ष 2018 में ASER की रिपोर्ट जारी की गई थी।*

### रिपोर्ट के निष्कर्ष


- 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के लिए समग्र नामांकन आँकड़े 2018 में 97.2% से बढ़कर 2022 में 98.4% हो गए।
- सरकारी स्कूलों में वर्ष 2018 में 65.6% छात्र नामांकित थे जो वर्ष 2022 में बढ़कर 72.9% हो गए।
- 11-14 आयु वर्ग में स्कूल नहीं जाने वाली लड़कियों की संख्या में कमी आई है।
  - ✓ *वर्ष 2018 में ऐसी लड़कियों की संख्या में 4 प्रतिशत की तुलना में 2022 में 2 प्रतिशत की कमी हुई है।*
  - ✓ *यह आँकड़ा केवल उत्तर प्रदेश में लगभग 4 प्रतिशत है और अन्य सभी राज्यों में कम है।*
- शुल्क देकर निजी ट्यूशन ले रहे कक्षा 1-8 के बच्चे वर्ष 2018 में 26.4% जो वर्ष 2022 में बढ़कर 30.5% हो गए।

## दक्षिण अफ्रीका से 100 चीते लाने के लिए समझौता

- देश में चीतों को फिर से लाने की महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत् दक्षिण अफ्रीका ने भारत के साथ जनवरी 2023 में समझौता किया है।
- इस समझौते के तहत् दक्षिण अफ्रीका, भारत को 100 से अधिक चीते देगा।
- पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार आगामी 8 से 10 वर्षों में प्रति वर्ष 12 चीतों को भेजने की योजना है ताकि चीतों की आबादी को सुरक्षित तरीके से स्थापित करने में मदद मिल सके।
- दक्षिण अफ्रीका के 12 चीतों को अगले महीने भारत लाए जाने की संभावना है, जिन्हें श्योपुर (मध्य प्रदेश) स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में रखा जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि नामीबिया से लाए गए 8 चीते भी कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में ही 17 सितम्बर, 2022 से रह रहे हैं।

## नालंदा में खोजे गए 1200 वर्ष पुराने दो लघु स्तूप


- बिहार के नालंदा जिले में विश्वधरोहर स्थल 'नालंदा महाविहार' परिसर के भीतर सराय टीला के पास पत्थर से उकेरे गए 1200 वर्ष पुराने दो लघु स्तूपों की खोज की है।
  - ✓ *ये लघु स्तूप भगवान बुद्ध की आकृतियों को दर्शाते हैं।*
- इन लघुस्तूपों की खोज भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के पटना सर्कल द्वारा 'नालंदा महाविहार' परिसर के भीतर सराय टीला के पास भूनिर्माण गतिविधियों के दौरान 4 जनवरी, 2023 को की गई है।
- उल्लेखनीय है कि भारत में 7वीं शताब्दी की शुरुआत में ऐसे स्तूप मन्नत के प्रसाद के रूप में लोकप्रिय थे।

**Current affairs Quest**

**In Oneliner**

- 'भारत गौरव पर्यटक ट्रेन' किस तीर्थयात्रा के लिए 25 जनवरी, 2023 को दिल्ली से रवाना हुई? **श्री जगन्नाथ यात्रा**
- किस संस्थान के वैज्ञानिकों ने उद्योग-संगत नाइट्राइड सेमीकंडक्टर्स के साथ मस्तिष्क जैसी गणना (कम्प्यूटिंग) के लिए कृत्रिम सिनैप्स विकसित किया है? **जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च, बेंगलुरू**
- प्रधानमंत्री ने किस कार्यक्रम में छात्र, अभिभावक, शिक्षकों से जीवन और परीक्षा से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर 27 जनवरी, 2023 को बातचीत की? **परीक्षा पे चर्चा**
- आयुष मंत्रालय ने भारत में मेडिकल वैल्यू ट्रैवल को बढ़ावा देने के लिए किसके साथ जनवरी 2023 में एमओयू किया है? **भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी)**
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के नेतृत्व में भारतीय संसद का प्रतिनिधिमंडल 16-21 जनवरी, 2023 को दक्षिण अफ्रीका के किन देशों के दौरे पर गया था? **केन्या और तंजानिया**
- राष्ट्रीय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति हब कॉन्क्लेव 23 जनवरी, 2023 को कहाँ आयोजित किया गया? **मुम्बई**
- लक्षद्वीप से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के किस सांसद को लोकसभा सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया है? **मोहम्मद फैजल**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किन स्थानों को जोड़ने वाली (8वीं) 'वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन' को 15 जनवरी, 2023 को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। **सिकंदराबाद को विशाखात्तनम**
- पूर्वोत्तर की किस राज्य सरकार ने महिला कर्मचारियों को दूसरा बच्चा पैदा करने पर एक वेतन वृद्धि और तीसरा बच्चा पैदा करने पर दो वेतन वृद्धि देने का प्रस्ताव तैयार किया है? **सिक्किम**
- राजकोट (गुजरात) के वागुदाद गाँव के पास न्यारी नदी पर बनने वाले चैक डैम का नाम किसके नाम पर रखा जाएगा? **हीराबा (प्रधानमंत्री मोदी की स्वर्गीय माँ)**
- किस राज्य सरकार ने अपने सभी जिलों में जाति गणना 7 जनवरी, 2023 से शुरू की है? **बिहार**
- असम राज्य सरकार ने किन नवगठित चार जिलों को पुराने जिलों में ही विलय करने का निर्णय लिया है? **विश्वनाथ, होजई , बजाली और तमुलपुर**
- प्रधानमंत्री ने उत्तरी कर्नाटक के पाँच जिलों में किस घुमंतू जनजाति के 50 हजार से अधिक सदस्यों के लिए जमीन का मालिकाना हक देने वाले हक्कू पत्र वितरण अभियान की शुरुआत जनवरी 2023 में की? **लंबानी जनजाति**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बनी बीबीसी की किस डॉक्यूमेंट्री को भारत सरकार ने बैन कर दिया है? **India : The Modi Question**
- 'सांसद खेल महाकुंभ 2022-23' के दूसरे चरण का आयोजन 18-28 जनवरी, 2023 को कहाँ किया गया, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था? **बस्ती, उत्तर प्रदेश**
- संस्कृति मंत्रालय की 'राष्ट्रीय आधुनिक कला दीर्घा' (National Gallery of Modern Art) में एयर इण्डिया की कलाकृतियों के किस बहुमूल्य संग्रह को रखा जाएगा, जिसके लिए 18 जनवरी, 2023 को एमओयू किया गया? **महाराजा संग्रह**
- जी-20 में भारत की अध्यक्षता के तहत् पहली स्वास्थ्य-समूह बैठक (1st G-20 Health Working Group Meeting) 18 जनवरी, 2023 को कहाँ आयोजित की गई? **तिरुवनंतपुरम, केरल**
- केन्द्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने झारखण्ड में किस योजना के तहत् सफलतापूर्वक अपना प्रशिक्षण पूरा करने वाली 200 जनजातीय महिलाओं को 18 जनवरी, 2023 को सम्मानित किया? **ग्रामीण उद्यमी योजना**
- 'योर एग्जाम, योर मेथड्स- चूज योर ओन स्टाइल' शीर्षक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की किस पुस्तक का अंश है? **एग्जाम वॉरियर्स**
- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किस स्थान के मार्जिंग पोलो कॉम्प्लेक्स में घोड़े पर सवार एक पोलो खिलाड़ी की 120 फुट ऊँची प्रतिमा का अनावरण 6 जनवरी, 2023 को किया? **इंफाल ईस्ट, मणिपुर**
- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने कोलकाता के जोका में स्थित राष्ट्रीय पेयजल, स्वच्छता एवं गुणवत्ता केन्द्र का नाम बदलकर क्या किए जाने को कार्योत्तर मंजूरी जनवरी 2023 में दी? **डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय जल और स्वच्छता संस्थान (एसपीएम-निवास)**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के किन स्थानों को जोड़ने वाली प्रदेश की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को 30 दिसम्बर, 2022 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया? **हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी**
- 5 जजों की संवैधानिक बेंच ने 4 : 1 के बहुमत से केन्द्र सरकार के नोटबंदी के पक्ष में फैसला सुनाया है। केन्द्र सरकार ने वर्ष 2016 में कितने रुपये के नोटों को बंद किया था? **₹ 500 और ₹ 1000**
- कॉफी बोर्ड के अनुसार वर्ष 2021 की तुलना में वर्ष 2022 में काफी के निर्यात में कितनी वृद्धि हुई है? **1.66 प्रतिशत**
- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के छठे केन्द्रीय जासूसी प्रशिक्षण संस्थान (सीडीटीआई) की आधारशिला 31 दिसम्बर, 2022 को कहाँ रखी? **देवनहल्ली, कर्नाटक**
- मोबाइल प्रीमियर लीग द्वारा जारी इण्डिया मोबाइल गेमिंग रिपोर्ट 2022 के अनुसार किस राज्य के लोग ऑनलाइन खेम खेलने में देश में सबसे आगे हैं? **उत्तर प्रदेश**



# अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी

**अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी**

- यूरोपीय संघ ने आर्कटिक स्वीडन में पहले उपग्रह प्रक्षेपण केन्द्र का उद्घाटन किया
- नासा-जाक्सा का जियोटेल मिशन समाप्त
- अंतरिक्ष में नए ग्रह 'TOI 700e' की खोज
- इसरो और माइक्रोसॉफ्ट के मध्य एमओयू

**रक्षा प्रौद्योगिकी**

- आईएनएस वागीर नौसेना में शामिल
- कोस्ट गार्ड बेड़े में शामिल हुआ गश्ती जहाज 'कमलादेवी'
- भारत ने पृथ्वी-II बैलिस्टिक मिसाइल का सफल ट्रेनिंग लॉन्च किया

## अन्तरिक्ष प्रौद्योगिकी

### यूरोपीय संघ ने आर्कटिक स्वीडन में पहले उपग्रह प्रक्षेपण केन्द्र का उद्घाटन किया

- यूरोपीय अधिकारियों और स्वीडिश किंग कार्ल सोलहवें गुस्ताफ ने यूरोपीय आयोग के सदस्यों द्वारा स्वीडन की यात्रा के दौरान 13 जनवरी, 2023 को स्वीडन के **किरूना** में यूरोपीय संघ के पहले 'मेनलैंड ऑर्बिटल प्रक्षेपण परिसर' (Mainland Orbital Launch Complex) का उद्घाटन किया।
  - ✓ *यूरोपीय आयोग 27-राष्ट्रों का समूह है, जिसमें स्वीडन भी शामिल है।*
- केन्द्र का उद्घाटन किरूना शहर के निकट इस्रेंज अंतरिक्ष केन्द्र (Esrange Space Center) में किया गया है। यह वर्तमान लॉन्चिंग क्षमताओं का पूरक होगा।

**न्यूज फैक्ट्स**

- यूरोपीय संघ आर्कटिक स्वीडन में एक नए लॉन्चपैड के साथ छोटे उपग्रहों को अन्तरिक्ष में प्रक्षेपित करने की अपनी क्षमता बढ़ाना चाहता है।
- पहला उपग्रह प्रक्षेपण अगले वर्ष (2024) में होने की उम्मीद है।
- स्वीडिश स्पेस कॉर्पोरेशन (SSC) के अनुसार, मौजूदा 5,000 परिचालन उपग्रहों की तुलना में 2040 तक उपग्रहों की कुल संख्या 1,00,000 तक पहुँच सकती है।

### नासा-जाक्सा का जियोटेल मिशन समाप्त

- कक्षा में 30 वर्षों के बाद नासा-जाक्सा (जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी) के संयुक्त मिशन जियोटेल की समाप्ति की घोषणा नासा ने 19 जनवरी, 2023 को की।
  - ✓ *अंतरिक्ष यान पर काम करने वाला एकमात्र डेटा रिकॉर्डर खराब हो गया, जिसके परिणामस्वरूप मिशन समाप्त हो गया।*

**न्यूज फैक्ट्स**

- जियोटेल मिशन का प्राथमिक उद्देश्य मैग्नेटोस्फीयर या 'सुरक्षात्मक चुम्बकीय बुलबुला' की जाँच करना था, जो हमारे ग्रह को घेरे हुए हैं।
- 1,000 किलोग्राम के उपग्रह को 24 जुलाई, 1992 को कक्षा में लॉन्च किया गया था।
- मिशन ने चन्द्र वातावरण में ऑक्सीजन, सिलिकॉन, सोडियम और एल्युमीनियम की पहचान की है और मैग्नेटोस्फीयर की सीमा के साथ-साथ सूर्य से पृथ्वी पर ऊर्जा और कणों के प्रवाह पर होने वाली प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला है।

### अंतरिक्ष में नए ग्रह 'TOI 700e' की खोज

- नासा के वैज्ञानिकों द्वारा लगभग 100 प्रकाश वर्ष दूर एक छोटे तारे के चारों ओर घूमते हुए एक ग्रह को खोजा है।
- पृथ्वी के आकार के इस नए ग्रह का नाम **TOI 700e** है।
- यह एक चट्टानी ग्रह है, जिसका आकार पृथ्वी का 95 प्रतिशत है।
- यह चौथा ग्रह है, जिसे एक M बौने तारे TOI 700 की परिक्रमा करते हुए खोजा गया है।
- इन सभी ग्रहों को नासा के ट्रांजिटिंग एक्सोप्लानेट सर्वे सैटेलाइट (TESS) की मदद से खोजा है।
- चौथे ग्रह की खोज के बारे में घोषणा 10 जनवरी, 2023 को अमेरिका के सिएटल में अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी की 241वीं बैठक में की गई।

**न्यूज फैक्ट्स**

- नासा ने इससे पहले 2020 में एक ग्रह खोजा था, जिसे TOI 700d नाम दिया गया था। वह भी पृथ्वी के ही आकार का है।
- ये दोनों ग्रह अपने तारे के रहने योग्य क्षेत्र में मौजूद हैं।

### इसरो और माइक्रोसॉफ्ट के मध्य एमओयू

- भारत में स्पेस टैक्नोलॉजी स्टार्ट-अप के विकास को बढ़ावा देने के लिए भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (Indian Space Research Organisation-ISRO) और माइक्रोसॉफ्ट (Microsoft) ने 5 जनवरी, 2023 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

- **उद्देश्यः** इस एमओयू का उद्देश्य देशभर में टैक्नोलॉजी टूल्स और प्लेटफॉर्म्स के साथ स्पेस टेक स्टार्ट-अप्स को मजबूत करना है।
  - ✓ *इसके साथ ही उन्हें बाजार सपोर्ट दिलाने के लिए मेन्टॉरशिप तथा एंटरप्राइज रेडी बनने में मदद करना है।*
- इसरो नए अन्तरिक्ष तकनीकी स्टार्ट-अप को पहचानने का काम करेगा और उन्हें माइक्रोसॉफ्ट स्टार्ट-अप फाउंडर्स हब प्लेटफॉर्म पर लाएगा
- इन स्टार्ट-अप को एक यूनिकॉर्न बनने तक के सफर के हर स्तर पर सहयोग प्रदान करेगा।

# रक्षा प्रौद्योगिकी

## आईएनएस वागीर नौसेना में शामिल

- स्कॉर्पीन श्रेणी की पाँचवीं पनडुब्बी 'आईएनएस वागीर' को मुम्बई के नौसेना डॉकयार्ड में नौसेनाध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार की उपस्थिति में भारतीय नौसेना में 23 जनवरी, 2023 को शामिल किया गया।
- रडार से बच निकलने में सक्षम 'आईएनएस वागीर' (INS Vagir) पश्चिमी नौसेना कमान के पनडुब्बी बेड़े का हिस्सा होगी।

### वागीर की विशेषताएँ

- **गति**- 37 किलोमीटर प्रतिघंटा
- आईएनएस वागीर समुद्र में अधिकतम 350 मीटर की गहराई तक जा सकती है।
- यह आधुनिक डीजल-इलेक्ट्रिक अटैक पनडुब्बी है, जो समुद्र में बारूदी सुरंग बिछाने में सक्षम है।
- 350 मीटर की गहराई में तैनात की जा सकने वाली यह पनडुब्बी स्टील्थ तकनीक से लैस है और लगातार 50 दिन तक समुद्र के भीतर रह सकती है।
- इसकी विशेषताओं के कारण इसे **सैंड शार्क** नाम दिया गया है।

### न्यूज फैक्ट

- भूतपूर्व 'वागीर' पनडुब्बी को 1973 में नौसेना में शामिल किया गया था। यह रूसी मूल की फॉक्सट्रॉट श्रेणी की पनडुब्बी थी, जिसे वर्ष 2001 में सेवामुक्त कर दिया गया था।
- फ्रांस के मैसर्स नेवल ग्रुप के सहयोग से मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा भारत में छह स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों का निर्माण किया जा रहा है।

## कोस्ट गार्ड बेड़े में शामिल हुआ गश्ती जहाज 'कमलादेवी'

- भारतीय तटरक्षक बल (कोस्ट गार्ड) में 12 जनवरी, 2023 को स्वदेशी गश्ती जहाज 'कमला देवी' को कमीशन किया गया।
- 'कमला देवी', पाँच फास्ट पेट्रोल वेसल्स (एफपीवी) की श्रृंखला में पाँचवाँ जहाज है, जिसे गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एण्ड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड, कोलकाता द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित किया गया है, जो मेक इन इण्डिया के विजन के अनुरूप है।
  - ✓ *पाँच तेज गश्ती जहाजों (एफपीवी) की श्रृंखला में यह पाँचवाँ जहाज है।*
  - ✓ *इस जहाज का नाम समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी कमला देवी चट्टोपाध्याय के नाम पर रखा गया है।*
- अत्याधुनिक उपकरणों व सेंसर से लैस इस जहाज की लम्बाई 48.5 मीटर और इसका वजन 308 टन है।

### जीआरएसई ने गुयाना के लिए निर्मित फेरी जहाज को किया रवाना

- युद्धपोत निर्माता सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम जीआरएसई, कोलकाता ने 12 जनवरी, 2023 को ही दक्षिणी अमेरिकी देश गुयाना के लिए बनाए गए यात्री सह-कार्गो ओशन गोइंग फेरी वेसल (यात्री जहाज) **'एमवी मा लिसा'** को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।
- देश के किसी शिपयार्ड द्वारा किसी दक्षिणी अमेरिकी देश के लिए बनाया गया और **निर्यात किया गया यह पहला जहाज** है।
- जीआरएसई ने इस जहाज का पूरा डिजाइन व इन-हाउस निर्माण किया है।

## पृथ्वी-II बैलिस्टिक मिसाइल का सफल ट्रेनिंग लॉन्च किया

- भारत ने 10 जनवरी, 2023 को ओडिशा के तट पर चाँदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज से कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल **पृथ्वी-II का सफल प्रशिक्षण प्रक्षेपण** किया।
- 'रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन' (डीआरडीओ) ने इस मिसाइल को स्वदेशी तरीके से विकसित किया है।
- सतह से सतह पर मार करने वाली पृथ्वी-II मिसाइल की मारक क्षमता 350 किमी. है तथा यह 500-1000 किग्रा. भार तक के हथियारों को ले जाने में सक्षम है।
- पृथ्वी, डीआरडीओ द्वारा निर्मित पहली मिसाइल है।

## राउण्ड-अप Round-up

- **टाटा बोइंग एयरोस्पेस लिमिटेड** (TBAL) ने भारतीय सेना द्वारा ऑर्डर किए गए छह **एएच-64 अपाचे** अटैक हेलीकॉप्टरों के लिए पहला फ्यूजलेज (हवाईजहाज का ढाँचा) डिलीवर किया। फ्यूजलेज का उत्पादन हैदराबाद में टीबीएएल के उत्पादन केन्द्र में किया गया।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा खरीद परिषद् (डीएसी) ने चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सशस्त्र बलों की लड़ाकू क्षमताओं को मजबूत करने के लिए कुल ₹4,276 करोड़ की लागत से **हेलिना एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल** सहित तीन खरीद प्रस्तावों को अपपी मंजूरी 10 जनवरी, 2023 को दी है। इनमें दो प्रस्ताव थल सेना के लिए थे और तीसरा भारतीय नौसेना के लिए था।



# आर्थिक परिदृश्य

- स्वदेशी ऑपरेटिंग सिस्टम 'भारोस' का परीक्षण सफल
- कम कार्बन उत्सर्जन करने वाले क्रूज का परीक्षण परिचालन हेतु उद्घाटन
- 'एमवी गंगा विलास' क्रूज को प्रधानमंत्री ने दिखाई हरी झंडी
- भारत द्वारा बांग्लादेश को डीजल की आपूर्ति
- दस देशों के अप्रवासियों को धन हस्तांतरण हेतु यूपीआई उपयोग को मंजूरी
- भारतीय रेलवे चलाएगी हैरिटेज रूट्स पर हाइड्रोजन ट्रेन
- वर्ष 2022 में गुजरात और राजस्थान रहे शीर्ष निवेश स्थल
- विश्व बैंक ने जारी की वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट
- कोयला गैसीकरण आधारित उर्वरक संयन्त्र ओडिशा में

## स्वदेशी ऑपरेटिंग सिस्टम 'भारोस' का परीक्षण सफल

- आत्म-निर्भरता की ओर कदम बढ़ाते हुए 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, मद्रास' (आईआईटी, मद्रास) द्वारा भारत का पहला स्वदेशी ऑपरेटिंग सिस्टम '**भारोस**'(**BharOS**) विकसित किया गया है।
- भारत के इस स्वदेशी ऑपरेटिंग सिस्टम की टेस्टिंग केन्द्रीय कम्युनिकेशन, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव और केन्द्रीय एजुकेशन मिनिस्टर धर्मेंद्र प्रधान द्वारा 24 जनवरी, 2023 को की गई।
- इस ऑपरेटिंग सिस्टम के आने के बाद गूगल के एंड्रॉयड और एप्पल के iOS जैसे ऑपरेटिंग सिस्टम पर देश की निर्भरता कम होगी।
- इस सिस्टम को गूगल के एंड्रॉइड यूजर्स और एप्पल के आईओएस यूजर्स के लिए लाया गया है।

## कम कार्बन उत्सर्जन करने वाले क्रूज का परीक्षण परिचालन हेतु उद्घाटन

- केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, आवास और शहरी मामलों के मंत्री, हरदीप एस पुरी ने मेथेनॉल मिश्रित डीजल (एमडी-15) द्वारा संचालित अन्तर्देशीय जल पोत (Inland Water Vessel) के परीक्षण परिचालन का उद्घाटन 24 जनवरी, 2023 को किया।
- परीक्षण परिचालन का उक्त उद्घाटन '**एसबी गंगाधर**' (SB Gangadhar) नामक 50-सीटर मोटर लॉन्च समुद्री जहाज से किया गया।
- यह जहाज रस्टन निर्मित दो डीजल इंजनों (प्रत्येक इंजन 105 अश्व-शक्ति वाला) से लैस है। जहाज एमडी-15 (15 प्रतिशत मेथेनॉल मिश्रित एचएसडी) से चलता है।
  - ✓ *मेथेनॉल कम कार्बन उत्सर्जन करने वाला हाइड्रोजन ईंधन है, जिसे हाई ऐश कोल, पराली, ताप बिजली संयन्त्रों से निकलने वाले $CO_2$ तथा प्राकृतिक गैस से तैयार किया जाता है।*

**भारत ऊर्जा सप्ताह**

- अन्तर्देशीय जल पोत के परीक्षण परिचालन का उद्घाटन बेंगलुरू में 6-8 फरवरी, 2023 को होने वाले 'भारत ऊर्जा सप्ताह' (India Energy Week 2023-IEW 2023) के क्रम में किया गया है।
- भारत की जी-20 की अध्यक्षता के तहत् आईईडब्ल्यू-2023 पहली बड़ी घटना है।
  - ✓ *इसका आयोजन वर्ष 2070 तक भारत के उत्सर्जन को शुद्ध-शून्य करने के लिए कॉप-26 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प की अनुपालना में किया जा रहा है।*

## 'एमवी गंगा विलास' क्रूज को प्रधानमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में दुनिया के सबसे लम्बे रिवर क्रूज-'एमवी गंगा विलास' (MV Ganga Vilas) को 13 जनवरी, 2023 को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।
- रिवर क्रूज टूरिज्म को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत् इस सेवा को लॉन्च किया गया है।

**गंगा विलास के बारे में**

- एमवी गंगा विलास उत्तर प्रदेश के वाराणसी से अपनी यात्रा शुरू करते हुए 51 दिनों में लगभग 3,200 किलोमीटर की यात्रा करके भारत और बांग्लादेश में 27 नदी प्रणालियों को पार करते हुए बांग्लादेश के रास्ते असम के डिब्रूगढ़ तक पहुँचेगा।
- एमवी गंगा विलास में सभी लक्जरी सुविधाओं के साथ तीन डेक, 36 पर्यटकों की क्षमता वाले 18 सुइट हैं।
- इसकी पहली यात्रा में स्विट्जरलैण्ड के 32 पर्यटक पूरी यात्रा के लिए जा रहे हैं।

## भारत द्वारा बांग्लादेश को डीजल की आपूर्ति

- भारत द्वारा अपने पड़ोसी देश बांग्लादेश को डीजल की आपूर्ति की जाएगी।
- भारत द्वारा डीजल की यह आपूर्ति 'भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन' (India-Bangladesh Friendship Pipeline 'IBFPL') के माध्यम से जून 2023 से परीक्षण आधार पर की जाएगी।
- उपर्युक्त जानकारी ढाका की जातीय संसद में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में वहाँ के बिजली राज्य मंत्री नसरूल हामिद द्वारा जनवरी 2023 में दी गई।

### आईबीएफपीएल के बारे में

- 'भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन' के तहत् पाइपलाइन 131.5 किलोमीटर लम्बी है। इस पाइपलाइन का 126.5 किलोमीटर हिस्सा बांग्लादेश में और 5 किलोमीटर भारत में है।
- इसके माध्यम से डीजल को नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड के सिलिगुड़ी विपणन टर्मिनल से बांग्लादेश पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन-बीपीसी के पार्बतीपुर डिपो तक पहुँचाया जाएगा।

## दस देशों के अप्रवासियों को धन हस्तांतरण हेतु यूपीआई उपयोग को मंजूरी

- भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 10 देशों के अप्रवासियों को एनआरई (नॉन रेसीडेंट एक्सटर्नल) या एनआरओ (नॉन रेसीडेंट ऑर्डिनरी) खातों से यूपीआई का उपयोग करके धन के हस्तांतरण (डिजिटल रूप से) करने की अनुमति दी है।
- एनपीसीआई द्वारा 10 जनवरी, 2023 को जारी सर्कुलर में कहा गया है कि उसने यूपीआई प्रतिभागियों (पार्टिसिपिएंट्स) को 30 अप्रैल, 2023 तक तंत्र स्थापित करने के लिए कहा है।
  - ✓ *इसके तहत् एनआरई/एनआरओ खातों वाले अप्रवासियों को अपने अन्तर्राष्ट्रीय मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल करके धन हस्तांतरण करने की अनुमति दी जाएगी।*
- **उक्त सुविधा प्राप्त दस देश**- सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, हांगकांग, ओमान, कतर, अमेरिका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ब्रिटेन।

## भारतीय रेलवे चलाएगी हैरिटेज रूट्स पर हाइड्रोजन ट्रेन

- भारतीय रेलवे देश के प्रमुख हेरिटेज ट्रेन रूटों पर हाइड्रोजन ट्रेन के संचालन की तैयारी कर रहा है।
- वस्तुतः केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत में वर्ष 2023 के अन्त तक अपनी कुछ पर्यटक सेवाओं पर हाइड्रोजन फ्यूल सेल पर चलने वाली ट्रेनों को शुरू करने की घोषणा 3 जनवरी, 2023 को की।
- 'हाइड्रोजन फॉर हेरिटेज' नामक योजना के तहत् चयनित 8 प्रमुख हेरिटेज रेलवे ट्रैक रूटों पर पहले चरण में इन ट्रेनों को चलाया जाएगा।
  - ✓ *'हाइड्रोजन फॉर हेरिटेज' का उद्देश्य न केवल ट्रेनों की उपस्थिति और संचालन प्रणाली को अपडेट करना है, बल्कि सार्वजनिक परिवहन में हरित ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा देना है।*
- **हाइड्रोजन ट्रेन के लिए चयनित आठ विरासत रूट-**
  - ✓ *मध्य रेलवे का माथेरान हिल रेलवे, उत्तर सीमांत रेलवे का दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे, कालका शिमला रेलवे, उत्तर रेलवे का कांगड़ा घाटी रेलवे, पश्चिम रेलवे का बिलमोरा वघई रूट, पश्चिम रेलवे का महू पातालपानी रूट, दक्षिणी रेलवे का नीलगिरि पर्वत रूट और उत्तर-पश्चिम रेलवे का मारवाड़-देवगढ़-मदरिया रूट।*

## वर्ष 2022 में गुजरात और राजस्थान रहे शीर्ष निवेश स्थल

- वर्ष 2022 में गुजरात नए निवेश (घरेलू और विदेशी दोनों) को आकर्षित करने में देश के अन्य सभी राज्यों में शीर्ष स्थान पर रहा है।
- सीएमआईई (Centre for Monitoring Indian Economy–CMIE) के आँकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2022 के दौरान गुजरात के लिए ₹ 3.98 ट्रिलियन के नए निवेश की घोषणा की गई, जो वित्त वर्ष 2021 के ₹ 2.91 ट्रिलियन के आँकड़े से 273% अधिक है।
- इस सम्बन्ध में राजस्थान वित्त वर्ष 2022 में भारत में निवेश के लिए दूसरे सबसे आकर्षक गंतव्य के रूप में उभरा। राजस्थान ने वित्त वर्ष 2022 में ₹ 2.37 ट्रिलियन के नए निवेश को आकर्षित किया।
  - ✓ *इस अवधि के दौरान राजस्थान में विकास की उच्चतम दर देखी गई, जिसमें लगभग 535% की वृद्धि हुई।*

## विश्व बैंक ने जारी की वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट

- विश्व बैंक द्वारा वैश्विक अर्थव्यवस्था पर नवीनतम रिपोर्ट 'वैश्विक आर्थिक संभावनाएँ' (Global Economic Prospects-GEP) 10 जनवरी, 2023 को जारी की गई।

### रिपोर्ट के अनुमान

- उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में विकास की दर वर्ष 2022 के 2.5 प्रतिशत से धीमी होकर वर्ष 2023 में 0.5 प्रतिशत हो जाएगी।
- वैश्विक अर्थव्यवस्था के 2023 में 1.7% और 2024 में 2.7% बढ़ने का अनुमान है।
- अगले दो वर्षों में, उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि औसतन 2.8% रहने का अनुमान है।
- अमेरिका में, विकास इस वर्ष 0.5 प्रतिशत तक गिरने का अनुमान है।
- 2023 में, यूरोप-क्षेत्र की वृद्धि शून्य प्रतिशत रहने की उम्मीद है अर्थात् यहाँ 1.9 प्रतिशत अंकों की गिरावट होगी।
- चीन में विकास दर 4.3 प्रतिशत अनुमानित है; जो पिछले पूर्वानुमानों से 0.9 प्रतिशत अंक नीचे है।
- **भारत के संदर्भ में**-रिपोर्ट में कहा है कि विश्व की सात सबसे बडी उभरती अर्थव्यवस्थाओं और विकासशील देशों में भारत के सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है।
  - ✓ *भारत की अर्थव्यवस्था के वित्त वर्ष 2023-24 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने की आशा है।*

## कोयला गैसीकरण आधारित उर्वरक संयन्त्र ओडिशा में

- देश का पहला कोयला गैसीकरण आधारित उर्वरक संयन्त्र तलचर (ओडिशा) होगा, जो अक्टूबर 2024 तक तैयार हो जाएगा।


- इस तलचर इकाई का पुनरुद्धार गेल (इण्डिया) लिमिटेड (गेल), राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ), कोल इण्डिया लिमिटेड (सीआईएल) और फर्टिलाइजर्स कॉरपोरेशन ऑफ़ इण्डिया लिमिटेड (एफसीआईएल) द्वारा प्रवर्तित कम्पनी तलचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) द्वारा किया जा रहा है।
- घरेलू यूरिया उत्पादन में बड़ी वृद्धि के लिए आत्म-निर्भर भारत अभियान के अन्तर्गत देश में पाँच नए उर्वरक संयन्त्रों को शुरू किया जा रहा है। इनमें से चार यूरिया संयन्त्र शुरू हो चुके हैं।
- उपर्युक्त जानकारी केन्द्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा एफसीआईएल तलचर इकाई की प्रगति की समीक्षा करते हुए 7 जनवरी, 2023 को दी गई।

## करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू : वन लाईनर

Current affairs Quest

In Oneliner

- 660 मेगावॉट क्षमता की नॉर्थ करनपुरा सुपर थर्मल पॉवर परियोजना, झारखण्ड (3 × 660 मेगावॉट) की पहली इकाई के परीक्षण संचालन के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के साथ ही एनटीपीसी की कुल स्थापित क्षमता कितनी हो गई है? **71,544 मेगावॉट**
- दीनदयाल पोर्ट कहाँ है, जहाँ केन्द्रीय मंत्री सर्बानन्द सोनोवाल ने ₹ 270 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास जनवरी 2023 में किया? **कांडला, गुजरात**
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिल्ली से अहमदाबाद के मध्य संचालित 'गुजरात सम्पर्क क्रांति' ट्रेन का नाम क्या किए जाने की घोषणा 2 जनवरी, 2023 को की? **अक्षरधाम एक्सप्रेस**
- भारतीय सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के माध्यम से डिजिटल इण्डिया स्टार्ट-अप हब, मार्च 2023 तक ऑनलाइन गेमिंग में भारत का पहला उत्कृष्टता केन्द्र कहाँ स्थापित होगा? **शिलांग**
- केन्द्रीय मंत्री सर्बानन्द सोनोवाल ने स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन एंड रूरल डेवलपमेंट के तहत् स्थापित किस स्कूल का उद्घाटन 12 जनवरी, 2023 को किया? **School of Logistics, Waterways and Communication**
- निक्केई एशिया की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत वर्ष 2022 में गाड़ियों की बिक्री में जापान को पीछे छोड़ते हुए विश्व के ऑटो बाजार में कौनसे स्थान पर आ गया है? **तीसरा स्थान [चीन (I),अमेरिका (II)]**
- विश्व बैंक ने किस देश की अर्थव्यवस्था को दक्षिण एशिया की सबसे कमजोर अर्थव्यवस्था घोषित किया है, जिसकी इस वर्ष आर्थिक वृद्धि दर 1.7% अनुमानित है? **पाकिस्तान**
- किस उद्योग समूह ने खनन क्षेत्र से जुड़े परिवहन और लॉजिस्टिक के लिए हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाले ट्रकों को वर्ष 2030 के अन्त तक तैयार करने हेतु अशोक लेलैंड और बलार्ड पॉवर के साथ समझौता किया है? **अडाणी समूह**
- भारतीय रेलवे ने वेटिंग लिस्ट को 5-6% तक कम करने में सक्षम 'सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम' द्वारा विकसित किस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉड्यूल की शुरुआत की है? **आइडियल ट्रेन प्रोफाइल**
- ताइवान में पारित किए गए नए नियम स्थानीय चिप फर्मों को अपने वार्षिक अनुसंधान और विकास व्यय का कितना प्रतिशत टैक्स क्रेडिट में बदलने की अनुमति देते हैं? **25%**
- भारत में निजी क्षेत्र के किस बैंक ने अपनी डिजिटल सेवाओं में बदलाव के अगले चरण के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ साझेदारी की है? **एचडीएफसी बैंक**
- किस फिनटेक प्लेटफॉर्म को भारतीय रिजर्व बैंक ने एक ऑनलाइन पैमेंट एग्रीगेटर के रूप में काम करने के लिए सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दी है? **भारतपे**
- केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा 'विश्व आर्थिक मंच' में दी गई जानकारी के अनुसार दिसम्बर 2022 में भारत का डिजिटल पेमेंट ट्रांजेक्शन कितना रहा, जो अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के संयुक्त डिजिटल पेमेंट से भी अधिक है? **1.5 ट्रिलियन डॉलर**
- अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपने 'विश्व आर्थिक आउटलुक' में भारत के लिए अपने वित्त वर्ष 2023 के विकास पूर्वानुमान को जुलाई 2022 के 7.4%से घटाकर कितना कर दिया है? **6.8 प्रतिशत**
- केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा ओएनजीसी के किस प्रतिष्ठित ड्रिलिंग रिग को मोबाइल ऑफशोर प्रोडक्शन यूनिट (एमओपीयू) के रूप में 28 जनवरी, 2023 को पुनः समर्पित किया गया? **सागर सम्राट**
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर केन्द्रीय कृषि मंत्रालय की ओर से राजस्थान में पहली बार किसानों को नवीनतम तकनीक से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 24-25 जनवरी, 2023 को कृषि महोत्सव, प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण का आयोजन कहाँ किया गया? **कोटा (राजस्थान)**
- किस रेलवे स्टेशन को इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) द्वारा उच्चतम प्लेटिनम रेटिंग के साथ 'हरित रेलवे स्टेशन प्रमाण-पत्र' से सम्मानित किया गया है? **विशाखापत्तनम रेलवे स्टेशन**
- संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2023 को किस रूप में मनाया जा रहा है? **अन्तर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष (IYOM 2023)**




# प्रादेशिक परिदृश्य

## राजस्थान/Rajasthan

### राज्य की चार हस्तियों को मिलेगा पद्मश्री सम्मान

- राजस्थान की चार हस्तियों को पद्मश्री पुरस्कार (2023) से सम्मानित करने की घोषणा 25 जनवरी, 2023 को की गई।
- जयपुर के मशहूर गजल गायक-अहमद हुसैन और मोहम्मद हुसैन को कला के क्षेत्र में एवं मूलचंद लोढ़ा और लक्ष्मण सिंह को समाज सेवा के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा।

#### सम्मानित हस्तियाँ एक नजर में

- **अहमद हुसैन और मोहम्मद हुसैन**
  - ✓ *हुसैन बन्धु पिछले 43 वर्षों से गजल, क्लासिक म्यूजिक और भजन गा रहे हैं। हुसैन बन्धुओं ने वर्ष 1980 में 'गुलदस्ता' नाम से म्यूजिक एलबम निकाला था जो बहुत प्रचलित हुआ।*
  - ✓ *वर्ष 2000 में उन्हें संगीत नाटक अकादमी अवॉर्ड से भी नवाजा जा चुका है।*
- **मूलचंद लोढ़ा**
  - ✓ *डूँगरपुर के सामाजिक कार्यकर्ता मूलचंद लोढ़ा ने समाज सेवा के कार्य में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने आपातकाल में लोगों की पीड़ा को समझकर नेत्र हॉस्पिटल खोला तथा इसके जरिए 15 हजार लोगों को आँखों की रोशनी दिलवाई।*
  - ✓ *डूँगरपुर और बाँसवाड़ा में संघ के प्रचारक के तौर पर भी उन्होंने कार्य किया है। इनके द्वारा डूँगरपुर के वागदरी में खोले गए अस्पतालों में निशुल्क आँखों के ऑपरेशन, अनाथालय और स्कूल का संचालन हो रहा है।*
- **लक्ष्मण सिंह:**
  - ✓ *शिक्षा के क्षेत्र में विशेष कार्य करने वाले लक्ष्मण सिंह स्वयं पाँचवी कक्षा तक पढ़े हैं। लगभग 40 से 50 स्कूल खोलकर उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा योगदान दिया है।*
  - ✓ *इसके बाद उन्होंने राजस्थान में पेयजल संकट को दूर करने के लिए तालाबों का निर्माण भी करवाया है।*
  - ✓ *जयपुर से लगभग 80 किमी. दूर लापोड़िया गाँव में रहने वाले लक्ष्मण सिंह कई लोगों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।*

### भगवान देवनारायण के अवतरण की 1111वीं जयंती

- राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में आसींद के मालासेनी डूँगरी में भगवान देवनारायण के अवतरण की 1111वीं जयंती पर 28 जनवरी, 2023 को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल हुए।
- राजस्थान सरकार ने देवनारायण जयंती पर 28 जनवरी, 2023 को राजकीय अवकाश घोषित किया।
- उल्लेखनीय है कि भगवान श्री देवनारायण जी का जन्म मालासेरी डूंगरी में 1111 वर्ष पूर्व माघ माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को हुआ था।
  - ✓ *लोकदेवता भगवान देवनारायण की गौरक्षक, असहाय लोगों के कष्टों का निवारण करने वाले और पराक्रमी योद्धा के रूप में आराधना की जाती है।*

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राज्य-स्तरीय समारोह आयोजित

- 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राज्य-स्तरीय समारोह का आयोजन 25 जनवरी, 2023 को हरीश चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर में किया गया।
- वर्ष 2023 के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम '**मतदान जैसा कुछ नहीं, मतदान जरूर करेंगे हम**' रखी गई है।
- इस राज्य-स्तरीय समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा निर्वाचन सम्बन्धी गतिविधियों में विशेष योगदान देने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अन्य श्रेणी के 29 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राज्य-स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
  - ✓ ***सम्मानित जिलाधीश**- जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर पीयूष समारिया (नागौर), रुक्मणी रियार सिहाग (हनुमानगढ़), अरविन्द कुमार पोसवाल (चित्तौड़गढ़), अनिल अग्रवाल (धौलपुर) और अंशदीप(अजमेर)।*
- उल्लेखनीय है कि भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को हुई थी। इसी के उपलक्ष्य में वर्ष 2011 से प्रति वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### राजस्थानी फिल्म 'नानेरा' को गोल्डन कैलाश पुरस्कार

- दीपांकर प्रकाश द्वारा निर्देशित राजस्थानी फिल्म 'नानेरा' ने 'अजंता-एलोरा फिल्म समारोह' में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का 'गोल्डन कैलाश' पुरस्कार जीता है।
- फिल्म 'नानेरा' (नानाजी का घर) को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, सर्वश्रेष्ठ पटकथा, सर्वश्रेष्ठ संपादन का पुरस्कार भी मिला है।
  - ✓ *फिल्म 'नानेरा'(नानाजी का घर) मुख्य किरदार मनीष के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें मनीष के पिता की मौत के बाद उसके जीवन के निर्णय उसके मामा लेने लगते हैं। कहानी*

*के मुख्य पात्र मनीष की जिंदगी उस वक्त नया मोड़ लेती है, जब वह अपनी रिश्ते की बहन के साथ प्रेम करने लगता है। इसकी वजह से उसका परिवार खुद को मुसीबत में पाता है।*

- सर्वश्रेष्ठ फिल्म के पुरस्कार के तहत् 'नानेरा' को एक ट्रॉफी और ₹ 1 लाख नकद दिए गए।
- 'अजंता-एलोरा फिल्म समारोह' के आठवें संस्करण का आयोजन औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में 11-15 जनवरी, 2023 को किया गया था।

## राजस्थान साहित्य अकादमी द्वारा 8 रचनाधर्मियों को अमृत सम्मान

- प्रदेश के 75 वर्ष से अधिक की उम्र के 8 रचनाधर्मियों को राजस्थान साहित्य अकादमी द्वारा वर्ष 2022-23 का अमृत सम्मान दिया गया है।

### पुरस्कृत रचनाधर्मी

- डॉ. सुलोचना रांगेय राघव, पुष्पा शरद देवड़ा, डॉ. कल्याण प्रसाद वर्मा (सभी जयपुर से), ग्यारसीलाल सेन (झालावाड़), लक्ष्मीनारायण रंगा, सरल विशारद (बीकानेर), शिव कुमार शर्मा मधुप (चूरू) तथा भारती भावसार (बाँसवाड़ा)।
- **पुरस्कार वितरण**- वर्ष 2022-23 के ये अमृत सम्मान अकादमी स्थापना दिवस समारोह में अकादमी सभागार, उदयपुर में आयोज्य समारोह में 28 जनवरी, 2023 को प्रदान किए गए।

### पुरस्कार के बारे में

- हिंदी भाषा, साहित्य, संस्कृति, शिक्षा, साक्षरता, पत्रकारिता आदि की सेवा करने वाले 75 वर्ष से अधिक उम्र के साहित्यकार जिनको इससे पहले अकादमी का कोई भी सम्मान या पुरस्कार प्राप्त नहीं हुआ है, उन्हें ₹ 31 हजार की राशि का यह अमृत सम्मान प्रदान किया जाता है।

## अंडमान-निकोबार द्वीपों के नाम राज्य के वीर सपूतों के नाम पर

- देश के 21 परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं के नाम पर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 21 बड़े अज्ञात द्वीपों का नामकरण पराक्रम दिवस के अवसर पर 23 जनवरी, 2023 को किया गया।
- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के जिन 21 द्वीपों का नामकरण परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं के नाम पर किया गया है, उनमें राजस्थान के दो परमवीर चक्र विजेता पूर्व सैनिक– **पीरू सिंह शेखावत व मेजर शैतान सिंह** भी शामिल हैं।

### पीरू सिंह शेखावत


- 20 मई, 1936 को जन्मे कम्पनी हवलदार मेजर (राजपूताना राइफल की छठी बटालियन में) पीरू सिंह शेखावत मूल रूप से राजस्थान के झुंझुनूं जिले के गाँव बेरी के रहने वाले थे।
- उन्होंने वर्ष 1948 में जम्मू-कश्मीर के तिथवाल सेक्टर में पाकिस्तानी सेना के हमले के दौरान दुश्मन की दो चौकियों पर कब्जा करते हुए प्राणोत्सर्ग किए थे। इसके लिए उन्हें वर्ष 1952 में परमवीर चक्र प्रदान किया गया था।

### मेजर शैतान सिंह

- जोधपुर जिले के सपूत 13 कुमाऊं रेजिमेंट के मेजर शैतान सिंह (जन्म: 1 दिसम्बर, 1924) ने भारत-चीन युद्ध के दौरान 18 नवम्बर, 1962 को लद्दाख के चुशुल सेक्टर में मात्र 120 सैनिकों के साथ चीन के 2000 से अधिक सैनिकों को खदेड़ा था।
- उन्हें वर्ष 1963 में मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।

## राजस्थान के चार शहरों में 5 जी इंटरनेट सेवा शुरू

- राजस्थान के चार शहरों– जयपुर, जोधपुर, उदयपुर तथा कोटा में 5जी इंटरनेट सेवाओं की शुरुआत हो गई है।
- जयपुर, जोधपुर तथा उदयपुर में 5जी इंटरनेट सेवा का शुभारम्भ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर में भामाशाह टेनो हब से 7 जनवरी, 2023 को किया।
  - ✓ *कोटा में 5 जी इंटरनेट सेवा का शुभारम्भ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा 24 जनवरी, 2023 को किया गया।*
- इसके साथ ही जयपुर, जोधपुर, उदयपुर तथा कोटा में रिलायंस जियो की यह 5जी इंटरनेट सेवा उपलब्ध होंगी।
- इसमें फास्ट स्पीड से इंटरनेट मिलेगा, जिससे यूजर्स 4जीबी तक की मूवी या फाइल को मात्र 5 सेकेण्ड में डाउनलोड कर सकेंगे। कम्पनी का दावा है कि इन शहरों में मोबाइल यूजर्स को इंटरनेट की 1000 MBPS की स्पीड मिलेगी।

- उपर्युक्त शहरों के बाद शीघ्र ही बीकानेर और अजमेर में भी 5जी इंटरनेट सेवा प्रारम्भ किए जाने की सम्भावना है।
- उल्लेखनीय है कि रिलायंस की योजना सम्पूर्ण भारत में दिसम्बर 2023 तक 5जी सर्विस शुरू करने की है।

## राजस्थान सरकार ने किया चिंतन शिविर का आयोजन

- राजस्थान सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर 'चिंतन शिविर-सुशासन के लिए संकल्पबद्ध राज्य सरकार' 16-17 जनवरी, 2023 को आयोजित किया गया।
- हरिशचन्द्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर में आयोजित इस चिंतन शिविर के आयोजन का उद्देश्य राजस्थान सरकार के विभिन्न विभागों के कामकाज की समीक्षा करना था।

### चिंतन शिविर : महत्वपूर्ण तथ्य

- देश में एक समान सामाजिक सुरक्षा देने के लिए 'राइट टू सोशल सिक्योरिटी एक्ट' प्रस्ताव चिंतन शिविर में पारित किया गया। इस प्रस्ताव को अब केन्द्र सरकार को भेजा जाएगा।
- राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की शिक्षा में बेहतर गुणवत्ता के लिए 'राजस्थान निजी शिक्षण संस्थान विनियामक प्राधिकरण विधेयक 2023' लाने का निर्णय लिया है।
- अशोक गहलोत सरकार प्रदेश की कोचिंग संस्थानों में सुधार के लिए 'राजस्थान कोचिंग इंस्टीट्यूट्स नियंत्रण एवं विनियामक विधेयक 2023' लाएगी।
  - ✓ *विधेयकों के प्रावधान के अनुसार विद्यार्थी के कोचिंग सेंटर छोड़ने पर संस्थान द्वारा 10 दिन के अंदर विद्यार्थी की शेष फीस लौटानी होगी।*
  - ✓ *कोचिंग के पास जिला कलेक्टर मिनी सुविधा केन्द्र खोलेंगे।*
- चिंतन शिविर में मुख्यमंत्री ने कार्यालय में पत्रावलियों के ई-संधारण हेतु 'ई-ऑफिस पोर्टल' का शुभारम्भ किया।

## राजस्थान उच्च न्यायालय में 9 न्यायाधीश नियुक्त

- सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम की संस्तुति पर केन्द्र सरकार ने राजस्थान उच्च न्यायालय में 9 (नौ) न्यायाधीशों को नियुक्ति प्रदान की है।
- इन 9 (नौ) न्यायाधीशों को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्थल ने 16 जनवरी, 2023 को शपथ दिलाई।
- नवनियुक्त न्यायाधीशों में से तीन न्यायाधीशों की नियुक्ति वकील कोटे से तथा 6 न्यायाधीशों की नियुक्ति न्यायिक अधिकारी कोटे से की गई है।
- **वकील कोटे से नियुक्त न्यायाधीश**- एएजी गणेशराम मीणा, डॉ. नुपूर भाटी और अनिल कुमार उपमन।
- **न्यायिक अधिकारी कोटे से नियुक्त न्यायाधीश**- राजेन्द्र प्रकाश सोनी, अशोक कुमार जैन, योगेन्द्र कुमार पुरोहित, भुवन गोयल, प्रवीर भटनागर और आशुतोष कुमार।

### महत्वपूर्ण तथ्य

- नौ न्यायाधीशों की नियुक्ति के बाद भी 50 न्यायाधीशों की सीट वाले राजस्थान उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 35 हो गई है।
  - ✷ उच्च न्यायालय में अभी भी न्यायाधीशों के 15 पद रिक्त हैं।
- वकील कोटे से नियुक्त गणेशराम मीणा हाईकोर्ट में राजस्थान सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता (एएजी) हैं।
  - ✷ इससे पहले वर्ष 2021 में वकील कोटे से हाईकोर्ट जज बने फरजंद अली और रेखा बोराणा भी एएजी रह चुके थे।
- जस्टिस अनिल कुमार उपमन ने वर्ष 2020 में विधायकों की खरीद-फरोख्त से जुड़े मामले में एसओजी की ओर से स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर के तौर पर पैरवी की थी।
- जस्टिस महेंद्र गोयल व शुभा मेहता के अतिरिक्त अब **न्यायाधीश पुष्पेंद्र भाटी और न्यायाधीश नुपूर भाटी** न्यायाधीश दम्पत्ति के रूप में राजस्थान हाईकोर्ट में सेवारत हैं।
  - ✷ देश में ऐसा पहली बार है जब किसी उच्च न्यायालय में दो दम्पत्ति जज हैं।
- राजस्थान हाईकोर्ट में जस्टिस नुपूर भाटी की नियुक्ति के साथ ही इस उच्च न्यायालय में महिला न्यायाधीशों की संख्या तीन हो गई है।
  - ✷ जस्टिस रेखा बोराणा और जस्टिस शुभा मेहता हाईकोर्ट में पहले से ही कार्यरत हैं।

## गौशाला/पशु आश्रय स्थल हेतु योजना को मंजूरी

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ग्राम पंचायतों में गौशाला/पशु आश्रय स्थलों के लिए 'गौशाला/पशु आश्रय स्थल जन-सहभागिता योजना' को जनवरी 2023 में मंजूरी दी है।
- योजना के प्रथम चरण में 1500 ग्राम पंचायतों में स्थल निर्माण एवं संचालन के लिए लगभग ₹ 1377 करोड़ की मंजूरी दी गई है।
- योजना के तहत् वर्ष 2022-23 में 200 एवं 2023-24 में 1300 ग्राम पंचायतों में स्थलों का निर्माण किया जाएगा।
- इसके लिए राज्य सरकार और कार्यकारी एजेंसी द्वारा क्रमश: 90% व 10% राशि वहन की जाएगी।
- योजनान्तर्गत गौशाला/पशु आश्रय स्थल का संचालन हेतु सक्षम कार्यकारी एजेंसी (ग्राम पंचायत/स्वयंसेवी संस्था) उपलब्ध होने पर, वहाँ ₹ 1-1 करोड़ की राशि से गौशालाएँ स्थापित की जाएँगी।

## राष्ट्रीय भारत स्काउट एण्ड गाइड जम्बूरी-2023

- (18वीं) राष्ट्रीय भारत स्काउट एण्ड गाइड जम्बूरी-2023 का आयोजन 4-10 जनवरी, 2023 को निम्बली ब्राह्मणन (रोहट, पाली) में किया गया।
  - ✓ *जम्बूरी का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया गया था।*
  - ✓ *उद्घाटन समारोह में भारतीय वायु सेना द्वारा सूर्य किरण कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।*

### जम्बूरी में राजस्थान का प्रदर्शन

- 18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन के लिए राजस्थान राज्य को 'सर्वश्रेष्ठ राज्य पुरस्कार' प्रदान किया गया है।

- ✓ जम्बूरी में राजस्थान को **सर्वश्रेष्ठ स्काउट के लिए नेशनल कमिश्नर शील्ड फॉर स्काउटिंग** के अलावा **नेशनल कमिश्नर शील्ड फॉर गाइड (सर्वश्रेष्ठ गाइड के लिए)** अवॉर्ड प्रदान किए गए।
- राज्य जम्बूरी के मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य ने प्रदेश को मिले नेशनल कमिश्नर शील्ड फॉर स्काउटिंग और नेशनल कमिश्नर शील्ड फॉर गाइड अवॉर्ड उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड को प्रदान किए हैं।

### जम्बूरी से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तथ्य

- 18वीं राष्ट्रीय भारत स्काउट एण्ड गाइड जम्बूरी की थीम- 'शांति के साथ प्रगति'
- जम्बूरी का प्रोमो गीत– 'पाली धरा पर लाग्यो मेळो'

**रिकॉर्ड :**

- जम्बूरी में सबसे बड़े अस्थायी स्टेडियम, यूनिफार्म में सर्वाधिक छात्रों द्वारा पर्यावरण प्रदूषण की ली गई शपथ जैसे रिकॉर्ड **इण्डिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स** में दर्ज कराए गए हैं।

***Salient Point...***

- ➢ दूसरी राष्ट्रीय जम्बूरी 26 दिसम्बर, 1956 से 1 जनवरी, 1957 को **जयपुर** आयोजित हुई थी।
- ➢ पहली राष्ट्रीय जम्बूरी वर्ष 1953 में किंग्सवे कैम्प, नईदिल्ली में हुई थी, जबकि पिछली (17वीं) राष्ट्रीय जम्बूरी मैसूरू, कर्नाटक में वर्ष 2017 में हुई।

## राष्ट्रपति ने किया संविधान उद्यान का उद्घाटन

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर 3-4 जनवरी, 2023 को राजस्थान में रहीं। यह राजस्थान में उनका पहला दौरा था।
- अपने राजस्थान प्रवास पर राष्ट्रपति ने राजभवन में संविधान उद्यान का लोकार्पण किया।
- राजभवन में आने वाले को संविधान और उससे जुड़ी संस्कृति के बारे में जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से बनाए गए संविधान उद्यान के आर्किटेक्ट अनूप बरतरिया हैं।
- राष्ट्रपति संविधान पार्क में स्थापित 30 फीट ऊँचे फ्लैग पोस्ट, मयूर स्तम्भ, गन मेटल से बनी 10 × 12 फीट की चरखा कातते गांधीजी की प्रतिमा एवं महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अवलोकन भी किया।

### पारेषण प्रणाली का उद्घाटन

- इस अवसर पर उन्होंने वर्चुअल रूप से पॉवर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ़ इण्डिया द्वारा राजस्थान में सौर ऊर्जा क्षेत्रों के लिए स्थापित पारेषण तंत्र का वर्चुअल उद्घाटन किया।
  - ✓ *उन्होंने एसजेवीएन लिमिटेड की 1000 मेगावाट की **'बीकानेर सौर ऊर्जा परियोजना'** की आधारशिला भी रखी।*

### ब्रह्माकुमारीज में राष्ट्रपति

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ब्रह्माकुमारीज संस्थान के शांति वन में आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर थीम के तहत्'आध्यात्मिक सशक्तीकरण से स्वर्णिम भारत का उदय'(Rising India through Spiritual Empowerment-RISE) सम्मेलन को सम्बोधित किया।

## जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल

- **'जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल'**(जेएलएफ) के **16वें संस्करण** का आयोजन गुलाबी नगरी जयपुर के होटल क्लार्क्स, आमेर में 19-23 जनवरी, 2023 को किया गया।
- इस फेस्टिवल की थीम **'उत्सव'** रखी गई थी।
- पाँच दिन चलने वाले इस साहित्य उत्सव में 21 भारतीय और 14 अन्तर्राष्ट्रीय भाषाओं को शामिल किया गया था।
- इसमें कीनोट एड्रेस नोबेल प्राइज विजेता अब्दुलरजाक गुरनाह की ओर से दिया गया।
- **कन्हैयालाल सेठिया पुरस्कार**- 16वें जेएलएफ समारोह में इस वर्ष का यह पुरस्कार मलयालम कवि **'सच्चिदानंद'** को प्रदान किया गया।
  - ✓ *यह पुरस्कार आठ वर्ष से प्रदान किया जा रहा है।*
- **द्वारकाप्रसाद अग्रवाल पुरस्कार- इरशाद कामिल**
  - ✓ *'नादान परिंदे', 'तुमसे ही दिन होता है','अगर तुम साथ हो' जैसे सुपरहिट गाने लिखने वाले कामिल हिन्दी साहित्य में पी. एचडी. करने वाले बॉलीवुड के पहले गीतकार हैं।*
  - ✓ *वर्ष 2016 से अब तक यह पुरस्कार पाँच लोगों को प्रदान किया जा चुका है।*
- **विशेष**– जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में डॉ संदीप पुरोहित (वरिष्ठ पत्रकार) की कृति 'मेवाड़ पुनर्खोज' का विमोचन विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर सीपी जोशी द्वारा 19 जनवरी, 2023 को किया गया।

## जयपुर अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (जेआईएफएफ)

- जयपुर अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव-2023 (JIFF) 6 जनवरी, 2023 को जयपुर के आइनॉक्स जीटी सेंट्रल में शुरू हुआ।
- जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (जिफ) का 15वाँ संस्करण 10 जनवरी, 2023 को सम्पन्न हुआ।
  - ✓ *पाँच दिवसीय फिल्म फेस्टिवल में 83 देशों की 282 फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई।*
- समारोह का आयोजन पंजाब सरकार के पर्यटन विभाग के सहयोग से किया गया।
- फिल्म फेस्टिवल की थीम 'फिल्मो से मानसिक योग' थी।
- फिल्म महोत्सव में फिल्म अभिनेत्री, निर्देशक और पटकथा लेखिका अपर्णा सेन को **'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड'** नवाजा गया।
  - ✓ *अपर्णा सेन ने अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत 1961 में सत्यजीत रे की तीन कन्या से की।*
  - ✓ *उन्होंने आकाश कुसुम (1965), अरण्यर दिन रात्री (1970), बक्शो बादल (1970), बसंत बिलाप (1973), और पिकूर डायरी (1981) जैसी प्रसिद्ध फिल्मों में काम किया है।*
- फेस्टिवल में विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कारों का वितरण भी किया गया।
- जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का 16वाँ संस्करण 2024 में 5 से 9 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा।

## जयपुर एयरपोर्ट ऑन-टाइम परफॉर्मेंस रिव्यू में विश्व के शीर्ष 10 में शामिल

- प्रदेश के जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को एक संस्था की ओर से किए गए सर्वे में विश्व के शीर्ष-10 मिडिल कैटेगिरी के एयरपोर्ट की सूची में स्थान मिला है।
  - ✓ *इस सूची में जयपुर के हवाई अड्डे को 9वाँ स्थान मिला है।*
  - ✓ *जयपुर हवाई अड्डे पर ऑन-टाइम डिपार्चर 86.17 प्रतिशत रहा।*
- यह सर्वे रिपोर्ट 'ऑन-टाइम परफॉर्मेंस रिव्यू 2022' एविएशन एनालिटिक्स कम्पनी 'सीरियम' द्वारा तैयार की गई है।
- यह रिपोर्ट सभी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ऑन-टाइम अराइवल और ऑन-टाइम डिपार्चर पर आधारित हैं।
- **विशेष**-बड़े एयरपोर्ट्स की सूची में भारत का 'राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट', हैदराबाद विश्व के शीर्ष-20 में 11वें स्थान पर रहा।

## टीबी की जाँच, इलाज, सहायता देने में राजस्थान चौथे स्थान पर

- केन्द्र सरकार के सेन्ट्रल टीबी डिविजन द्वारा टीबी इंडेक्स रिपोर्ट-2022 जारी की गई है। इसमें 50 लाख से ज्यादा जनसंख्या वाले 20 राज्यों में राजस्थान चौथे स्थान पर रहा है।
  - ✓ *इससे पहले राजस्थान वर्ष 2019 में 19वें स्थान पर था।*
- रिपोर्ट के अनुसार 'ट्यूबर क्लोसिस' (टीबी) संक्रमित मरीजों की जाँच, दवा आदि पर होने वाले खर्च और 6 साल तक की उम्र के छोटे बच्चों में टीबी प्रिवेन्टिव थैरेपी (टीपीटी) जैसे 9 इंडेक्स में प्रदेश ने उल्लेखनीय कार्य किया है।
- पीआईपी कंडीशननेलिटीज (विभाग को मिलने वाला खर्च) में भी प्रदेश 15 में से 12.5 पॉइंट के साथ दूसरे स्थान पर रहा।
  - ✓ *हिमाचल प्रदेश 15 में से 15 पॉइंट पाकर पहले स्थान पर है।*
- **टी बी इंडेक्स में शीर्ष 10 राज्य (स्कोर सहित)-**
  1. हिमाचल प्रदेश (78), 2. ओडिशा (76) व तेलंगाना (76), 4. राजस्थान (71), 5. कर्नाटक (71), 6. आन्ध्र प्रदेश (71), 7. महाराष्ट्र (70), 8. तमिलनाडु (70), 9. केरल (70) और 10. गुजरात (69)।

## एबीएफटी-राजस्थान राज्य खेल परिषद् के मध्य एमओयू

- राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् ने अभिनव बिन्द्रा फाउंडेशन ट्रस्ट (एबीएफटी) के साथ 18 जनवरी, 2023 को एमओयू किया है।
- इस समझौते के तहत् खेल के दौरान चोटिल खिलाड़ियों की निःशुल्क सर्जरी की जाएगी।
  - ✓ *एबीएफटी केवल उन खिलाड़ियों की मदद करेगा जो आर्थिक रूप से कमजोर होंगे।*
- इसके अलावा 'राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद्' द्वारा चोटिल खिलाड़ियों के इलाज के लिए जयपुर डॉक्टर्स वेलफेयर सोसायटी के साथ भी एमओयू किया गया है, जिसके तहत् चोटग्रस्त खिलाड़ियों को सप्ताह में तीन दिन निःशुल्क परामर्श के साथ ही, फिजियोथेरेपिस्ट की मदद से खिलाड़ियों की रिकवरी की जा रही है।

## नेशनल सॉफ्ट हॉकी प्रतियोगिता में राजस्थान ने किया क्लीन स्वीप

- 'नेशनल सॉफ्ट हॉकी चैम्पियनशिप' का आयोजन राजस्थान की मेजबानी में जनवरी 2023 में किया गया।
- इस चैम्पियनशिप में सभी वर्गों के खिताब राजस्थान ने अपने नाम किए हैं।
  - ✓ ***सीनियर पुरुष वर्ग**- राजस्थान (विजेता), उत्तर प्रदेश (द्वितीय स्थान), हरियाणा (तृतीय स्थान)।*
  - ✓ ***सीनियर महिला वर्ग**-राजस्थान (विजेता), उत्तर प्रदेश (द्वितीय स्थान), तमिलनाडु (तृतीय स्थान)।*
  - ✓ ***जूनियर पुरुष वर्ग**-राजस्थान (विजेता), हरियाणा (द्वितीय स्थान), तमिलनाडु (तृतीय स्थान)।*
  - ✓ ***जूनियर महिला वर्ग**- राजस्थान (विजेता), हरियाणा (द्वितीय स्थान), तमिलनाडु (तृतीय स्थान)।*

## 10वें अंचल स्तरीय जनजाति प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सर्व समाज शिक्षक गौरव समारोह-2022

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में 29 दिसम्बर, 2022 को आयोजित 10वें अंचल स्तरीय जनजाति प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सर्व समाज शिक्षक गौरव समारोह-2022 में अनेक आदिवासी प्रतिभाओं को सम्मानित किया।
- मुख्यमंत्री ने उदयपुर कलेक्टर **ताराचंद मीणा** को **श्री मानगढ़ धाम गौरव पुरस्कार** से सम्मानित किया।
- इनके अलावा उन्होंने दुर्गाराम मुवाल और महेन्द्र कुमार मीणा को **नाना भाई खांट शिक्षक गौरव पुरस्कार** से, डॉ. किरण मीणा को **आदिकवि महर्षि वाल्मीकि गौरव पुरस्कार**, सीडीपीओ दीपिका मीणा को **मेवाड़ वीर राणा पुंजा भील प्रतिभा पुरस्कार**, पवन पुत्र निःशुल्क कोचिंग संस्था के संचालक रणवीर ठोलिया को **वीर शहीद नानक भाई भील सामाजिक नेतृत्व पुरस्कार**, डॉ. सुनील मीणा को **वीर बालक एकलव्य पुरस्कार**, राज कलासुआ को **शहीद जनजाति वीर बाला कालीबाई पुरस्कार** तथा दृष्टिहीन क्रिकेट में अपना लोहा मनवाने वाले ललित मीणा को **धनुर्धर श्री लिंबाराम पुरस्कार** से सम्मानित किया।

# Rajasthan News InShort

### पंकज कुमार सिंह डिप्टी एनएसए नियुक्त

- आईपीएस पंकज कुमार सिंह को केन्द्र सरकार ने 'उप-राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार' (Deputy National Security Advisor-Deputy NSA) जनवरी 2023 में नियुक्त किया है।
- उन्होंने राजस्थान के जैसलमेर में 2021 में बीएसएफ का स्थापना दिवस मनाने की पहल की थी।

## मुख्यमंत्री सड़क सुरक्षा पुरस्कार

- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 32वाँ 'सड़क सुरक्षा सप्ताह' 11-17 जनवरी, 2023 को मनाया गया।
- राज्य स्तर भी आयोजित 'सड़क सुरक्षा सप्ताह' की थीम 'परवाह करेंगे तो सुरक्षित रहेंगे' थी।

### मुख्यमंत्री सड़क सुरक्षा पुरस्कार

- इस अवसर पर वर्ष 2021 में सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने वाले पाँच जिलों को 'मुख्यमंत्री सड़क सुरक्षा पुरस्कार' से 18 जनवरी, 2023 को सम्मानित किया गया।
  - ✓ **पुरस्कृत जिले-** पाली, बाराँ, करौली, झालावाड़ और जालौर
- पाली के आरटीओ प्रकाश सिंह राठौड़ को 'मुख्यमंत्री सड़क सुरक्षा पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

## राजस्थान टूरिज्म पोलो कप टूर्नामेंट

- पर्यटन विभाग और राजस्थान पोलो क्लब द्वारा 'राजस्थान टूरिज्म पोलो कप टूर्नामेंट' का आयोजन रामबाग पोलो क्लब मैदान में जनवरी 2023 में किया गया।
- इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच 22 जनवरी, 2023 को खेला गया जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी पद्मनाभ सिंह की हैट्रिक की बदौलत बेदला- ट्रोजन्स ने रजनीगंधा अचीवर्स को 7-4 से पराजित किया।

## जस्टिस रामसिंह झाला

- राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा पूर्व न्यायाधीश राम सिंह झाला को राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग में सदस्य नियुक्त किया गया है। इससे सम्बन्धित आदेश 12 जनवरी, 2023 को जारी किए गए।
- वर्तमान में राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस गोपाल कृष्ण व्यास और सदस्य महेश गोयल हैं।

➢ उल्लेखनीय है कि मानव अधिकार संरक्षण (संशोधित) अधिनियम, 2006 के अनुसार राज्य मानव अधिकार आयोग में एक अध्यक्ष और दो सदस्य का प्रावधान किया गया है।

## एम एल लाठर

- राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रदेश के पूर्व डीजीपी मोहन लाल लाठर (एमएल लाठर) को राजस्थान राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्त पद पर नियुक्त किया है।
- मुख्य सूचना आयुक्त देवेन्द्र भूषण गुप्ता ने उन्हें राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्त पद की शपथ 16 जनवरी, 2023 को दिलवाई।
- एमएल लाठर राजस्थान पुलिस महानिदेशक के पद से 30 नवम्बर, 2022 को सेवानिवृत्त हुए थे।
- **आयोग के अन्य आयुक्त**-आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद बरबड़, लक्ष्मण सिंह राठौड़, शीतल धनकड़।

## राष्ट्रीय युवा सम्मेलन

- दो दिवसीय 'राष्ट्रीय युवा सम्मेलन-2023 (गांधीजी की ओर युवा)' का आयोजन पाली जिले के निम्बली स्थित जम्बूरी कैंपस में 11-12 जनवरी, 2023 को किया गया।
- इस सम्मेलन को पाली जिला प्रशासन, युवा मामले एवं खेल विभाग, स्काउट गाइड संघ एवं शिक्षा विभाग की सहभागिता से आयोजित किया गया था।

## अंधता नियंत्रण हेतु नीति

- देश में पहली बार राजस्थान सरकार द्वारा 'राइट टू साइट विजन' (Right to Sight) के उद्देश्य के साथ 'अंधता नियंत्रण पॉलिसी' (Blindness Control Policy) लागू की गई है।
- राइट टू साइट विजन पॉलिसी के द्वारा राज्य में अंधता प्रसार दर को 0.3% स्तर पर लाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।
  - ✓ *देश में वर्ष 2020 में अंधता प्रसार दर 1.1 प्रतिशत थी?*
- राज्य सरकार की अंधता नियंत्रण पॉलिसी के तहत् सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 'केराटोप्लास्टी सेंटर' और 'आई बैंक' अनिवार्य रूप से संचालित की जाएँगी।

## पशुधन बीमा योजना

- केन्द्र सरकार के नेशनल लाइवस्टॉक मिशन के तहत् राज्य में 'पशुधन बीमा योजना' पाँच वर्ष बाद फिर से शुरू की गई है।
- 'पशुधन बीमा योजना' के तहत् एक पशुपालक परिवार के अधिकतम **पाँच** पशुओं का बीमा किया जाएगा।
- योजना में बीमा प्रीमियम की दरों पर एससी, एसटी और बीपीएल पशुपालकों को 70 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा।
- योजनान्तर्गत उपर्युक्त के अलावा अन्य संवर्ग के पशुपालकों को 50 प्रतिशत अनुदान केन्द्र और राज्य सरकार की ओर से देय होगा।

## प्रदीप सुंदरम

- प्रदीप सुंदरम राजस्थान के पूर्व मध्यम तेज गेंदबाज हैं। इन्हें राजस्थान क्रिकेट संघ के अध्यक्ष वैभव गहलोत द्वारा बरकतुल्ला खाँ स्टेडियम में 17 जनवरी, 2023 को सम्मानित किया गया।
- इन्होंने वर्ष 1985-86 में जोधपुर में विदर्भ के खिलाफ खेले गए रणजी मैच में कुल 16 विकेट लिए थे। उन्होंने पहली पारी में विदर्भ के सभी 10 विकेट हासिल करने की उपलब्धि प्राप्त की थी।
- उनके इस प्रदर्शन के लिए उन्हें 'इंडियन क्रिकेटर ऑफ़ द ईयर 1986' से सम्मानित किया गया था।

## मुस्कान लिटफेस्ट फॉर चाइल्ड ऑथर्स

- 'मुस्कान लिटफेस्ट फॉर चाइल्ड ऑथर्स' का आयोजन जयपुर में जनवरी 2023 में मुस्कान पहल के विभिन्न संगठनों को लेकर पहली बार किया गया।
- इस साहित्यिक उत्सव का आयोजन प्रभा खेतान फाउंडेशन तथा एजुकेशन फॉर ऑल ट्रस्ट की ओर से किया गया था।

## हिन्दुस्तान जिंक

- हिन्दुस्तान जिंक को 33वें एमईएमसी खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण में विभिन्न श्रेणियों में 19 पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।
- भारतीय खान ब्यूरो, अजमेर क्षेत्र के तत्वावधान में जोधपुर में आयोजित पुरस्कार समारोह में उक्त पुरस्कार जनवरी 2023 में प्रदान किए गए।

## क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम

- केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के संसदीय क्षेत्र कोटा का 8 जनवरी, 2023 को दौरा किया।
- केन्द्रीय वित्तमंत्री का यह कोटा प्रवास राजस्थान में क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम के तहत् ऋण वितरण के लिए था।
- इस क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम के तहत् वित्तमंत्री ने 33,834 लाभार्थियों को रिकॉर्ड ₹ 1579.56 करोड़ के ऋण वितरित किए।
- उक्त ऋण 'प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना' व 'मुद्रा योजना' के माध्यम से सस्ती ब्याज दर पर स्ट्रीट वेण्डर्स, लघु उद्यमी और पशुपालकों को प्रदान किए गए।
- कोटा प्रवास के दौरान ही उन्होंने कोचिंग स्टूडेंट के साथ 'युवा शक्ति संवाद' में भी भाग लिया।

## राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर

- दिल्ली के 'इण्डिया इंटरनेशनल सेंटर' की तर्ज पर जयपुर में 'राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर' विकसित किया जा रहा है।
- लगभग ₹ 130 करोड़ के व्यय से बनने वाले इस सेंटर का शिलान्यास मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अप्रैल 2013 में किया था।
- इसमें 700 व्यक्तियों की क्षमता का सभागार, 500 क्षमता का कन्वेंशन सेंटर, 170-170 बैठक क्षमता के दो मिनी सभागार और 500 क्षमता का एग्जीबिशन एरिया बनेंगे।
- इस केन्द्र में कला-संस्कृति, शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार सहित विभिन्न सरकारी तथा गैर-सरकारी गतिविधियाँ हो सकेंगी।

## पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव

- 'पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव-2023' के 33वें संस्करण का आयोजन 6-15 जनवरी, 2023 को जोधपुर में किया गया।
- **थीम**- इस उत्सव की थीम 'विकासशील राजस्थान-उद्यमशील राजस्थान' थी।
- **आयोजक**- इस उत्सव का आयोजन जोधपुर जिला प्रशासन; जिला उद्योग केन्द्र उद्यम प्रोत्साहन संस्थान, जयपुर तथा नोडल एजेंसी मरुधरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।
- वर्ष 1991 में मात्र 80 स्टॉल्स के साथ प्रारम्भ इस उत्सव में वर्तमान में लगभग 750 स्टॉल्स स्थापित की गईं।

## एग्री प्रेन्योरशिप अवॉर्ड

- हनुमानगढ़ जिले के जितेन्द्र गोदारा व मानवेन्द्र सिंह को 'नेशनल एग्री प्रेन्योरशिप अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है।
- उन्हें यह पुरस्कार केन्द्र सरकार के कृषि मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी, 2023 को प्रदान किया गया।
- **उपलब्धि**- जितेन्द्र गोदारा व मानविन्द्र सिंह देसी गिर गायों का संवर्द्धन कर रहे हैं। इससे उन्होंने शुद्ध देसी घी, दूध, दूध से निर्मित मिठाइयों का स्टार्ट-अप शुरू किया है।

## पंडित झाबरमल्ल शर्मा स्मृति व्याख्यानमाला

- राजस्थान पत्रिका समूह के 32वें पंडित झाबरमल्ल शर्मा स्मृति व्याख्यानमाला और वार्षिक सृजनात्मक साहित्य पुरस्कार समारोह का आयोजन 8 जनवरी, 2023 को जयपुर में किया गया।

### समारोह में प्रदत्त पुरस्कार

- **कहानी विधा** (प्रथम पुरस्कार)- रविदत्ता मोहता, जोधपुर (गुमशुदा के लिए)।
  - ✓ *द्वितीय पुरस्कार- शालिनी गोयल, जोधपुर (मिठाई के लिए)।*
- **कविता विधा** (प्रथम पुरस्कार)- दिनेश विजयवर्गीय, बूँदी (अस्सी पार बुजुर्ग के लिए)।
  - ✓ *द्वितीय पुरस्कार- संजीव ठाकुर, रायपुर (छत्तीसगढ़) (स्त्रियाँ नदियाँ होती हैं के लिए)।*

## शुभम जैन

- उदयपुर के शुभम जैन को भारतीय सेना दिवस पर '**चीफ ऑफ़ आर्मी स्टॉफ कमेंडेशन कार्ड**' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- मूल रूप से टॉडगढ़ निवासी शुभम जैन को यह पुरस्कार चीन बॉर्डर के पास ड्यूटी करने व बहादुरी के लिए प्रदान किया गया है।

## 811वाँ उर्स

- हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती (अजमेर) का 811वाँ उर्स रज्जब माह का चाँद दिखाई देने पर जनवरी 2023 में शुरू हुआ।
- उर्स का झंडा दरगाह के बुलन्द दरवाजे पर पारम्परिक रूप से भीलवाड़ा के गौरी परिवार के सदस्यों की ओर से 18 जनवरी, 2023 को चढ़ाया गया। इसके साथ ही उर्स की अनौपचारिक शुरुआत हो गई थी।
- सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती का सालाना उर्स 29 जनवरी को कुल की रस्म के साथ सम्पन्न हुआ।

## अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन व्यापार मेला

- 'अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन व्यापार मेला' (Feria Internacional de Turismo-FITUR 2023) का आयोजन मेड्रिड (स्पेन) में 18-22 जनवरी, 2023 को किया गया।
- इस व्यापार मेले में आरटीडीसी (Rajasthan Tourism Development Corporation) के अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में पाँच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया।
- यहाँ आरटीडीसी की ओर से '**पैलेस ऑन व्हील्स**' के लिए मार्केटिंग और ब्रांडिंग को लेकर विशेष सत्र भी आयोजित किया गया।

## आरोह

- राजस्थान के सूक्ष्म और लघु उद्यमों के डिजिटलीकरण के लिए 'राजस्थान निर्यात संवर्द्धन परिषद्' और 'आरोह कंसल्टिंग' के मध्य 19 जनवरी, 2023 को द्विपक्षीय करार पर हस्ताक्षर किए गए।

### समझौते के प्रभाव

- इस समझौते के तहत् आरईपीसी (Rajasthan Export Promotion Council) और आरोह सम्पूर्ण प्रदेश में एमएसएमई के लिए डिजिटलीकरण और निर्यात सुविधा जैसे क्षेत्रों में कार्यक्रम चलाने के लिए पाठ्यक्रम और संकाय प्रदान करने पर सहयोग करने के लिए सहमत हुए हैं।
- आरोह सभी आकार के एमएसएमई के डिजिटलीकरण के लिए कम लागत वाले समाधान लाने हेतु प्रौद्योगिकी प्रदाताओं के साथ गठजोड़ करेगा। यह प्रशिक्षण के लिए एजेंडा भी विकसित करेगा और अगले दो वर्षों में इसके लिए योग्य और अनुभवी फैकल्टी प्रदान करेगा।

## कृष्णा पूनिया

- राज्य सरकार द्वारा 'राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद्' में स्थायी समिति का गठन करने सम्बन्धी आदेश 17 जनवरी, 2023 को दिया गया है।
- उक्त स्थायी समिति का गठन कृष्णा पूनिया की अध्यक्षता में किया गया है।
- **समिति के सदस्य**- मोहम्मद इकबाल एवं अनिल व्यास

## जी-20 की बैठक

- वर्ष 2023 में भारत की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के क्रम में 'जी-20' के **रोजगार कार्य समूह की बैठक** 2-4 फरवरी, 2023 को जोधपुर में आयोजित होने जा रही है।
- इसी क्रम में 'जी-20' (G-20) के वाणिज्य एवं निवेश मंत्री समूह की बैठक 21-25 अगस्त, 2023 को जयपुर में आयोजित की जाएगी।
- इससे पहले जी-20 की शेरपा बैठक का आयोजन 4-7 दिसम्बर, 2022 को उदयपुर में किया गया था।

## राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो

- राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (आरईपीसी) की ओर से तीन दिवसीय 'राजस्थान इंटरनेशनल एक्सपो' का आयोजन 20-23 मार्च, 2023 को **बोरनाडा (जोधपुर)** में किया जाएगा।
- हैंडीक्राफ्ट क्षेत्र में निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए जाने वाले इस एक्सपो में पाँच डॉम में 318 स्टॉल्स लगाए जाएँगे।
- फिजी गणराज्य, दक्षिण सूडान, जाम्बिया और नारू इस एक्सपो में शामिल होने के लिए अपनी सहमति दे चुके हैं।

## ऑपरेशन सर्द हवा

- भारत की रक्षा की पहली पंक्ति 'सीमा सुरक्षा बल' द्वारा राजस्थान में पाकिस्तान सीमा पर अपनी निगरानी बढ़ाने की योजना के तहत् 'ऑपरेशन सर्द हवा' 23-28 जनवरी, 2023 को आयोजित किया गया।
- 'सीमा सुरक्षा बल' द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय सीमा रेखा 'रेडक्लिफ' से लगते राजस्थान के क्षेत्र में शीतकाल में इस ऑपरेशन का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है।
- इसी प्रकार बीएसएफ ग्रीष्मकाल में ऑपरेशन 'गर्म हवा' आयोजित करता है।

## बर्ड फेस्टिवल

- विश्वविख्यात तीन दिवसीय 9वाँ 'बर्ड फेस्टिवल' का आयोजन **उदयपुर में** 20-22 जनवरी, 2023 को किया गया। इसका उद्घाटन समारोह उदयपुर के गोल्डन पार्क में आयोजित किया गया।
- उद्घाटन समारोह में जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने जिले में वन विकास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पक्षियों के लिए विश्वविख्यात '**मेनार तालाब**' को शीघ्र ही वेटलैण्ड घोषित किया जाएगा।

## पीएस जैतावत

- गणतंत्र दिवस के अवसर पर कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी, 2023 को आयोजित परेड में पहली बार वायुसेना की स्पेशल 'गरुड़ कमांडो फोर्स' के जवान भी परेड का हिस्सा बने। इस गरुड़ कमांडो टुकड़ी का नेतृत्व वायुसेना के स्क्वाड्रन लीडर पीएस जैतावत ने किया था।
- राजस्थान के पाली जिले के मूल निवासी स्क्वाड्रन लीडर जैतावत वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के आंतक रोधी ऑपरेशन में तैनात हैं।

## रामदेव पशु मेला

- राजस्थान के सबसे बड़े पशु मेलों में से एक बाबा रामदेव पशु मेला नागौर में 22 जनवरी से 5 फरवरी, 2023 को आयोजित किया जा रहा है।
- वर्ष 2023 के बाबा रामदेव पशु मेले में घोड़ों पर पूर्ण रूप से बैन कर दिया गया है, क्योंकि अलवर, झुंझुनूं, सीकर व जयपुर सहित राज्य के कई जिलों में घोड़ों में ग्लैंडर्स नामक बीमारी के लक्षण दिखाई दिए हैं।
- इस पशु मेले में नागौरी नस्ल के बैलों का क्रय-विक्रय प्रमुखता से होता है।

## सौरभ सक्सेना

- सौरभ सक्सेना 'राजस्थान हाउसिंग बिल्डर्स एसोसिएशन' के अध्यक्ष व मोटिवेशनल स्पीकर हैं, जीबीईए अवॉर्ड 2023 में 'एंटरप्रेन्योर ऑफ़ द ईयर अवॉर्ड' तथा 'ग्लोबल बिजनेस एंटरप्रेन्योर अवॉर्ड 2023' से सम्मानित किया गया है।
- सक्सेना को यह अवॉर्ड 'राजस्थान हाउसिंग बिल्डर्स एसोसिएशन' को जयपुर की विश्वसनीय संस्था बनाने, रियल स्टेट में नम्बर 1 ब्रांड बनाने और यूथ व सेल्स टीम को समय-समय पर मोटिवेशनल ट्रेनिंग देकर उनकी पर्सनेलिटी डेवलप करने के लिए दिया गया है।

## नवरतन प्रजापति

- जयपुर के कलाकार व मूर्तिकार नवरतन प्रजापति ने दुनिया की सबसे छोटी चम्मच बनाकर विश्व कीर्तिमान बनाते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाया है।

- नवरतन द्वारा बनाई गई चम्मच की लम्बाई मात्र 2 मिलीमीटर है और इसका हैंडल एक बाल के बराबर मोटा है। इस चम्मच के आगे का प्याला 0.75 मिलीमीटर का है।
  - ✓ *इससे पहले यह रिकॉर्ड तेलंगाना के गौरीशंकर के नाम था। उन्होंने 4.5 मिमी. की लकड़ी की चम्मच बनाई थी।*
- नवरतन ने वर्ष 2006 में सबसे छोटी लालटेन बनाई थी जिसकी ऊँचाई 2.3 सेमी. थी। इसे 'लिम्का बुक ऑफ़ रिकॉर्ड' में दर्ज किया गया था।

## ऊँट महोत्सव

- (29वाँ) 'अन्तर्राष्ट्रीय ऊँट महोत्सव' का आयोजन 13-15 जनवरी, 2023 को बीकानेर में किया गया।
- तीन दिवसीय इस ऊँट उत्सव का मुख्य आकर्षण 'बीकानेर कॉर्निवल' रहा जिसमें विंटेज कार, बीएसएफ के ऊँटों का दस्ता, इन्फील्ड सवार बाईकर्स, बीकानेर की वास्तुकला, वाद्य यंत्र और वेश-भूषा आधारित झाँकियाँ शामिल थीं।
- इस अवसर पर डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में 'मिस मरवण', 'मिस्टर बीकाणा' प्रतियोगिता के साथ बीकानेर फैशन शो का आयोजन हुआ।
  - ✓ ***मिस मरवण**- कोमल सिद्ध*
  - ✓ ***मिस्टर बीकाणा**- रविंद्र जोशी*
- उल्लेखनीय है कि ऊँट महोत्सव की शुरुआत वर्ष 1994 में हुई थी।

## भीलवाड़ा महोत्सव

- 'भीलवाड़ा महोत्सव' का आयोजन भीलवाड़ा जिला प्रशासन और उद्योग विभाग द्वारा 12-14 जनवरी, 2023 को किया गया।
- महोत्सव में कैलाश खेर की म्युजिकल नाइट के साथ ही कुमार विश्वास का काव्य पाठ आकर्षण का केन्द्र था।
- इस महोत्सव के साथ ही '**उद्योग मेला**' का आयोजन 10-15 जनवरी, 2023 को किया गया। इसमें जॉब फेयर भी आयोजित किया गया।

## पतंग महोत्सव

- पर्यटन विभाग की ओर से मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी, 2023 को जल महल की पाल (जयपुर) पर 'काइट फेस्टिवल' का आयोजन किया गया।
- इस अवसर पर पेपे खान व उनके समूह ने केसरिया बालम-- पर अपनी प्रस्तुति दी।
- इस महोत्सव में फ्रांस के भारत में राजदूत इमानुएल लेनिन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

## बूँदी कौशल महोत्सव

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर बूँदी में कौशल महोत्सव (रोजगार मेला) का आयोजन 5-6 जनवरी, 2023 को किया गया।
- नेशनल स्किल डवलपमेंट कॉर्पोरेशन की ओर से कुंभा स्टेडियम में आयोजित इस कौशल महोत्सव में 50 से अधिक नियोक्ता संस्थानों ने शामिल होकर युवाओं को रोजगार व अप्रेंटिशिप के अवसर प्रदान किए।

## जयपुर महाखेल

- ग्रामीण युवाओं को खेल के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पूर्व केन्द्रीय मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में 'जयपुर महाखेल' का शुभारम्भ 15 जनवरी, 2023 से किया।
- जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में 8 विधानसभा क्षेत्रों के 32 खेल मैदानों पर 512 पुरुष और 128 महिला टीमें भाग ले रहीं हैं।
- 'जयपुर महाखेल' के 20 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को 'राजस्थान कबड्डी फेडरेशन' द्वारा विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## विकास पुरोहित

- टाटा क्लिक के पूर्व सीईओ उदयपुर के विकास पुरोहित को सोशल मीडिया कम्पनी '**मेटा**' ने भारत में ग्लोबल बिजनेस ग्रुप का नया निदेशक नियुक्त किया है।
  - ✓ 'मेटा' फेसबुक की पैरेंट कम्पनी है।

## राजस्थान इन्वेस्टर्स कॉन्क्लेव

- नेशनल स्टार्ट-अप डे (16 जनवरी) के अवसर पर प्रदेश में 16-17 जनवरी, 2023 को 'राजस्थान इन्वेस्टर्स कॉन्क्लेव' का आयोजन किया गया।
- इस कॉन्क्लेव का आयोजन राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के आई–स्टार्ट तथा स्टार्ट-अप चौपाल की ओर से जयपुर के झालाना स्थित भामाशाह टेक्नो हब में किया गया।
- राजस्थान सरकार की ओर से स्टार्ट-अप पॉलिसी–2022 पर विस्तृत चर्चा की गई।

**स्टार्ट नीति में बदलाव**

- युवाओं के आइडिया पसंद आने पर अब राज्य सरकार उसमें निवेश (इनवेस्ट) करेगी (बतौर इक्विटी ₹ 5 करोड़ तक निवेश)।
- स्टार्ट–अप के लिए अधिकतम ग्रांट 50 गुना बढ़ा दिया गया है।
  - ✓ ग्रांट ₹ 1.20 लाख से बढ़ाकर ₹ 60 लाख और ₹ 25 लाख तक का कनवर्टेबल लोन ₹ 2 करोड़ तक कर दिया है।
- ज्यादा लोगों को रोजगार देने पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त ग्रांट मिलेगी, जो बूस्टर डोज के रूप में होगी।

## कैप्टन शिवा चौहान

- उदयपुर की बेटी और फायर एण्ड फ्यूरी कॉर्प्स अधिकारी कैप्टन शिवा चौहान की नियुक्ति विश्व के सबसे ऊँचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन में की गई है।
- कैप्टन शिवा 15,632 फीट की ऊँचाई पर मौजूद 'कुमार पोस्ट' पर ड्यूटी कर रही हैं।
- यह पहली बार है कि भारतीय सेना की ओर से किसी महिला अधिकारी की इस खतरनाक पोस्ट पर तैनाती की गई है।
- उल्लेखनीय है कि सियाचिन ग्लेशियर विश्व का सबसे ऊँचाई पर स्थित युद्ध क्षेत्र है।

## राजस्थान स्टेट पैरा एथलेटिक्स

- राजस्थान जूनियर, सब जूनियर पैरा एथलेटिक्स और पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन जनवरी 2023 में जयपुर में किया गया।

**प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी**

- कीर्ति जांगिड़ (जयपुर)– 100 मी., 400 मी. और 1500 मी. दौड़ (तीन स्वर्ण पदक)।
- रजनी बावरिया (सीकर)– भाला फेंक, लम्बी कूद व 100 मी. दौड़ (तीन स्वर्ण पदक)।
- लोकेन्द्र (जयपुर)– लम्बी कूद, 400 मी. व 1500 मी. दौड़ (तीन स्वर्ण पदक)।
- गौरव स्वर्णकार (बीकानेर)– भाला फेंक, 400 मी. व 100 मी. दौड़।
- हरिओम गुर्जर (दौसा)– जैवलिन थ्रो व गोला फेंक।
- दीपक गुर्जर (राजसमंद)–1500 मी. और 100 मी. दौड़।
- **पॉवर लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक विजेता–** सुनीता धोबी (जयपुर), राकेश कुमार (जयपुर), भव्य सैनी (अलवर), मिलन कुमार (जोधपुर) और प्रकाश चौधरी

## रामदेव का माघ मेला

- जन-जन के आराध्यदेव बाबा रामदेव जी की कर्मभूमि रामदेवरा (जैसलमेर) में 10 दिवसीय माघ मेले का शुभारम्भ 23 जनवरी, 2023 को हुआ।
- यह मेला प्रति वर्ष माघ सुदी द्वितीया को मंगला आरती के साथ शुरू होता है।
- इस अवसर पर बाबा रामदेव जी की समाधि पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक भी किया गया।

## मुख्यमंत्री ने दिखाई इंटरसेप्टर वाहनों को हरी झंडी

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 25 हाईटेक इंटरसेप्टर वाहनों को 24 जनवरी, 2023 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
  - ✓ *राज्य सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा कोष से लगभग ₹ 5 करोड़ लागत से राजस्थान पुलिस को इंटरसेप्टर उपलब्ध कराए गए हैं।*
- डिजिटल तकनीक से सुसज्जित ये इंटरसेप्टर दिन में 250 मीटर तथा रात में 100 मीटर की दूरी से तेज गति वाले वाहनों के नम्बर प्लेट पहचान कर सकेंगे। साथ ही, फोटो-वीडियो लेकर एआई तकनीक से NIC के ITMS सुविधा से ई-चालान जारी करने में सक्षम हैं।
- इनमें लेजर ट्रैक गति कैमरा के अतिरिक्त 360 डिग्री का कैमरा रिकॉर्डर, श्वांस से एल्कोहल की मात्रा मापने की डिवाइस, तथा पीए सिस्टम के साथ ही प्राथमिक बचाव और चिकित्सा किट भी उपलब्ध है।

## राष्ट्रीय मसाला बिजनेस मीट

- राजस्थानी एसोसिएशन ऑफ स्पाइसेस (रास) के तत्वावधान में 28-29 जनवरी, 2023 को जयपुर में नेशनल स्पाइस बिजनेस मीट-2023 का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया।
- इसमें देश-विदेश के प्रमुख मसाला उद्यमियों, निर्यातकों एवं व्यवसायियों ने राजस्थान के मसाला उत्पादों की पैदावार, क्वालिटी, प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन, एक्सपोर्ट एवं विपणन पर मंथन किया।

- केन्द्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र, दुर्गापुरा (जयपुर) के अनुसार, प्रदेश के जालौर में जीरा, ईसबगोल, नागौर में मैथी, बिलाडा में सौंफ, कोटा व बारां में धनिया, सौंफ व लहसुन, जोधपुर में जीरा, मिर्च, नागौर में कसूरी मैथी की खेती बहुतायत से होती है। नागौर जिले की मेडता सिटी में जीरा मण्डी, रामगंजमंडी कोटा में धनिया मंडी, सोजत पाली में मेंहदी मण्डी प्रसिद्ध है।

## खान सुरक्षा अभियान

- राज्य के खान विभाग द्वारा समूचे प्रदेश में 'खान सुरक्षा अभियान' 23 जनवरी, 2023 से शुरू किया गया है। एक माह का यह अभियान 22 फरवरी, 2023 तक चलेगा।
- अभियान के दौरान खनिज खनन/उत्पादन करने वाले कम-से-कम 15 खनन पट्टों/30 क्वारी लाइसेंस क्षेत्रों का निरीक्षण कर खनन सुरक्षा नियमों व प्रावधानों की पालना सुनिश्चित करवाई जाएगी।

## आशाएँ दा फिलिंग स्टेशन

- 'आशाएँ दा फिलिंग स्टेशन' कारागार विभाग की बन्दियों को रोजगार से जोड़ने एवं आमजन को सुविधा उपलब्ध कराने की अभिनव पहल है।
- इस पहल के तहत् केन्द्रीय कारागार परिसर अलवर में पेट्रोल पम्प 'आशाएँ दा फिलिंग स्टेशन' का शिलान्यास पूर्व केन्द्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह एवं कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने 22 जनवरी, 2023 को किया।

***Salient Point...***

- इस पेट्रोल पम्प का संचालन बन्दियों द्वारा ही किया जाएगा, जिसकी मॉनिटरिंग कारागार मॉनिटरिंग समिति द्वारा की जाएगी।
- यह पेट्रोल पम्प कारागार विभाग एवं इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लि. के सहयोग से केन्द्रीय कारागार परिसर में 'आशाएँ' संस्था द्वारा संचालित होगा।

## राजीविका सरस राष्ट्रीय क्राफ्ट मेला– 2023

- राजीविका सरस राष्ट्रीय क्राफ्ट मेला- 2023 का आयोजन उदयपुर में 14-24 जनवरी, 2023 को किया गया।
- इस मेले का आयोजन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) द्वारा किया गया।
- मेले में देश के विभिन्न राज्यों एवं राजस्थान की कुल 120 स्टॉल लगाई गईं।

## खेमराज समिति

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कर्मचारियों के पदोन्नति सम्बन्धी प्रकरणों का अध्ययन करने के लिए समिति का गठन करने के प्रस्ताव को जनवरी 2023 में मंजूरी दे दी है।
- इस समिति का गठन सेवानिवृत्त आईएएस खेमराज चौधरी की अध्यक्षता में किया जाएगा। समिति का प्रशासनिक विभाग कार्मिक विभाग होगा।

## बोयतराम डूडी


- द्वितीय विश्व में भाग लेने वाले सिपाही बोयतराम डूडी का 100 वर्ष की आयु में 30 जनवरी, 2023 को निधन हो गया।
- वह सेवानिवृत्त सैनिक के रूप में सबसे अधिक समय तक पेंशन लेने वाले सैनिक थे।
- उन्हें द्वितीय विश्व युद्ध में बहादुरी के लिए चार सेना मेडल मिले।
- आजादी के बाद वह सेना में शामिल हो गए थे। वह वर्ष 1957 में सेवानिवृत्त हुए।

## ऐमन बानो

- जोधपुर की बेटी ऐमन बानो का चयन केन्द्र सरकार द्वारा 'इंस्पायर्ड अवॉर्ड' के लिए किया गया है।
- ऐमन का इस अवॉर्ड के लिए चयन गैस सिलेंडर से एलपीजी गैस लीक रोकने सम्बन्धी उनके आइडिया के लिए किया गया है।
- 9वीं कक्षा की छात्रा ऐमन बानो ने मॉड्यूलर किचन में लगने वाली चिमनी से होने वाले हादसे रोकने का भी नवाचार किया है।

## राउण्ड-अप
Round-up

- 15वें पश्चिम एशिया बेसबॉल कप के लिए 19 सदस्यीय भारतीय टीम में राजस्थान दो खिलाड़ियों- **दिनेश कुमार शर्मा** और **विजय कुमार सोनी** का चयन किया गया है। राजस्थान बेसबॉल संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा को भारतीय टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है।
- लोक कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए दिए जाने वाले **कोमल कोठारी पुरस्कार** की राशि अब एक से अधिक कलाकारों में बाँटकर नहीं दी जाएगी। पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की ओर से दी जाने वाली पुरस्कार राशि को बढ़ाते हुए समान रूप से ढाई-ढाई लाख रुपये किया गया है। **परिषद अध्यक्ष और राज्यपाल कलराज मिश्र** ने 29 जनवरी, 2023 को कार्यकारी परिषद की बैठक में इसकी घोषणा की।
- **राजस्थान विधानसभा का अष्टम् सत्र** 23 जनवरी, 2023 से शुरू हुआ।
- 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का संदेश देने के उद्देश्य से राजस्थान सिख समाज की ओर से ' कन्या लोहड़ी ' कार्यक्रम का आयोजन 29 जनवरी, 2023 को किया गया।
- राज्यपाल कलराज मिश्र ने सुप्रसिद्ध शायर और संवाद लेखक जावेद अख्तर पर अरविंद मंडलोई द्वारा लिखित पुस्तक '**जादूनामा**' का लोकार्पण 19 जनवरी, 2023 को किया।
- श्रुति फाउंडेशन की ओर से रामगढ़-शेखावाटी में '**वाह फेस्ट-2023**' महोत्सव का आयोजन 3-6 फरवरी, 2023 को किया जाएगा।
- 'नेशनल हैल्थ फैमिली हेल्थ सर्वे-5' की रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान के **88 प्रतिशत** परिवार 'स्वास्थ्य बीमा योजना' से जुड़े हुए हैं। इस मामले में **राजस्थान देश में पहले स्थान** पर है।
- केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) की ताजा रिपोर्ट में प्रदेश के 33 जिलों में से 28 जिलों के भूजल में यूरेनियम की मात्रा 0.03 एमजी प्रति लीटर से अधिक मिली है, जो कि अनेक बीमारियों का कारण बन सकती है।
- 'नेशनल सिल्क एक्सपो 2023' का आयोजन 6-11 जनवरी, 2023 को जयपुर में किया गया।
- **राजस्थान सौर ऊर्जा पंपों की स्थापना में देश में पहले पायदान** पर है। राज्यों में कृषकों को सौर ऊर्जा पंप संयन्त्र स्थापना करने पर इकाई की लागत का 60 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है।
- राज्यपाल कलराज मिश्र ने द इंस्टीट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ़ इण्डिया की **राष्ट्रीय कान्फ्रेंस श्रेयान-2023** का उद्घाटन बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर में 20 जनवरी, 2023 को किया।
- राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से '**वूल फैब**' प्रदर्शनी का आयोजन जयपुर में 11-24 जनवरी, 2023 को किया गया।
- दिव्यांगों को विभिन्न प्रकार की सेवाएँ व सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए **प्रदेश का पहला कम्पोजिट रीजनल सेंटर** 'जामडोली' स्थापित किया जाएगा।
- सामूहिक कला प्रदर्शनी '**अनहद**' का आयोजन जयपुर में 20 जनवरी-10 फरवरी, 2023 को किया जा रहा है।
- राजस्थान के निशानेबाजों– **भावेश शेखावत, दिव्यांश सिंह पंवार और मानिनी कौशिक** का चयन विश्व कप शूटिंग में भाग लेने वाली भारतीय टीम में हुआ है।
- आमजन की परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण हेतु अभिनव पहल 'हर घर पंचायत अभियान' का शुभारम्भ गाँव पूनखर, अलवर से 15 जनवरी, 2023 को किया गया।
- राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् द्वारा 'राज्य-स्तरीय जनजाति खेलकूद प्रतियोगिता' का आयोजन 5-7 जनवरी, 2023 को उदयपुर में किया गया।
- राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण द्वारा 20 जिलों में स्थित **50 आर्द्रभूमियों** को अधिसूचित करने की अनुमति 2 जनवरी, 2023 को प्रदान की गई है।
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दौसा जिले में नीलकंठ बॉयोडायवर्स फॉरेस्ट और खान भांकरी ईको पार्क विकास के लिए ₹ 3 करोड़ (₹ 1.50-1.50 करोड़) की वित्तीय स्वीकृति 28 जनवरी, 2023 को दी।
- देश के पहले हिन्दी ओटीटी न्यूज ग्रुप '**द चौक**' के लोगो का अनावरण मुख्यमंत्री द्वारा 26 जनवरी, 2023 को किया गया।
- **हाजी महबूब दीवान चौपदार** ने शिक्षा संकुल में 'राजस्थान मदरसा बोर्ड' के अध्यक्ष का पद्भार 27 जनवरी, 2023 को ग्रहण किया।
- जीव जंतु कल्याण बोर्ड एवं पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राज्य में 14-30 जनवरी, 2023 को '**पशु कल्याण पखवाड़ा**' मनाया गया।
- जालौर जिला प्रशासन द्वारा 'जालौर महोत्सव' का आयोजन 15-17 फरवरी, 2023 को किया जाएगा।



# पुरस्कार एवं सम्मान

## पद्म अलंकरण-2023

- कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, व्यापार एवं उद्योग, चिकित्सा, साहित्य एवं शिक्षा, खेलकूद तथा नागरिक सेवाओं के क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए 106 पद्म अलंकरणों (पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री) की घोषणा जनवरी 2023 में देश के गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर गृह मंत्रालय से जारी विज्ञप्ति में की गई, इनमें 6 पद्म विभूषण, 9 पद्म भूषण व 91 पद्मश्री शामिल हैं।
  - ✓ *[इनमें तीन युगल (Duo) पुरस्कार शामिल हैं। युगल पुरस्कार के तहत् दो लोगों को एक साथ दिए जाने के बावजूद इसे एक ही पुरस्कार गिना जाता है।]*
  - ✓ *पुरस्कार पाने वालों की सूची में 19 महिलाएँ हैं और विदेशियों/एनआरआई/पीआईओ/ओसीआई की श्रेणी के 2 व्यक्ति और 7 मरणोपरांत पुरस्कार पाने वाले भी शामिल हैं।*
- इस वर्ष पद्म अलंकरणों से सम्मानित किए जाने वालों की पूरी सूची निम्नलिखित है। इन्हें यह अलंकरण मार्च/अप्रैल 2023 में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किए जाएँगे–

### पद्म विभूषण (6)

| नाम | क्षेत्र | राज्य |
|---|---|---|
| बालकृष्ण दोशी (मरणोपरांत) | वास्तुकला | गुजरात |
| ज़ाकिर हुसैन | कला | महाराष्ट्र |
| एस एम कृष्णा | जनसेवा | कर्नाटक |
| दिलीप महालानाबिस (मरणोपरांत) | चिकित्सा | प. बंगाल |
| श्रीनिवास वर्धन | विज्ञान एवं अभियांत्रिकी | यूएसए |
| मुलायम सिंह यादव (मरणोपरांत) | जनसेवा | उत्तर प्रदेश |

### पद्म भूषण (9)

| नाम | क्षेत्र | राज्य |
|---|---|---|
| एस एल भीरप्पा | साहित्य एवं शिक्षा | कर्नाटक |
| कुमार मंगलम बिड़ला | व्यापार एवं उद्योग | महाराष्ट्र |
| दीपक धर | विज्ञान एवं अभियांत्रिकी | महाराष्ट्र |
| वाणी जयराम | कला | तमिलनाडु |
| स्वामी चिन्ना जीयर | अध्यात्म | तेलंगाना |
| सुमन कल्याणपुर | कला | महाराष्ट्र |
| कपिल कपूर | साहित्य एवं शिक्षा | दिल्ली |
| सुधा मूर्ति | समाज सेवा | कर्नाटक |
| कमलेश डी पटेल | अध्यात्म | तेलंगाना |

### पद्म श्री (91)

| नाम | क्षेत्र | राज्य |
|---|---|---|
| डॉ. सुकमा आचार्य | अध्यात्म | हरियाणा |
| जोधाबाई बैगा | कला | मध्य प्रदेश |
| प्रेमजीत बरिया | कला | दादरा नगर हवेली तथा दमन दीव |
| ऊषा बरले | कला | छत्तीसगढ़ |
| मुनीश्वर चंद्दावर | चिकित्सा | मध्य प्रदेश |
| हेमंत चौहान | कला | गुजरात |
| भानुभाई चितारा | कला | गुजरात |
| हेमप्रभा चुटिया | कला | असम |
| नरेन्द्र चंद्र देबबर्मा (मरणोपरांत) | जनसेवा | त्रिपुरा |
| सुभद्रा देवी | कला | बिहार |
| खादर वल्ली दुदेकुला | विज्ञान एवं अभियांत्रिकी | कर्नाटक |
| हेमचंद्र गोस्वामी | कला | असम |
| प्रीतिकना गोस्वामी | कला | प. बंगाल |
| राधाचरण गुप्ता | साहित्य एवं शिक्षा | उत्तर प्रदेश |
| मोदादुगु विजय गुप्ता | विज्ञान एवं अभियांत्रिकी | तेलंगाना |
| **अहमद हुसैन, मोहम्मद हुसैन बंधु (दोनों को संयुक्त रूप से)** | **कला** | **राजस्थान** |
| दिलशाद हुसैन | कला | उत्तर प्रदेश |
| भीखू रामजी इदाते | सामाजिक कार्य | महाराष्ट्र |
| सी आई इसाक | साहित्य एवं शिक्षा | केरल |
| रतन सिंह जग्गी | साहित्य एवं शिक्षा | पंजाब |
| बिक्रम बहादुर जमातिया | सामाजिक कार्य | त्रिपुरा |
| रामकुइवांगबे जेने | सामाजिक कार्य | असम |
| राकेश झुनझुनवाला (मरणोपरांत) | व्यापार एवं उद्योग | महाराष्ट्र |
| रतन चंद्र कार | चिकित्सा | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह |
| महिपत कवि | कला | गुजरात |
| एम एम कीरावानी | कला | आंध्र प्रदेश |
| अरीज़ खंबाटा (मरणोपरांत) | व्यापार एवं उद्योग | गुजरात |
| परशुराम कोमाजी खुने | कला | महाराष्ट्र |
| गणेश नागप्पा कृष्णराजनगर | विज्ञान एवं अभियांत्रिकी | आंध्र प्रदेश |
| मागुनी चरण कुंआर | कला | ओडिशा |
| आनंद कुमार | साहित्य एवं शिक्षा | बिहार |
| अरविंद कुमार | विज्ञान एवं अभियांत्रिकी | उत्तर प्रदेश |
| डोमर सिंह कुंवर | कला | छत्तीसगढ़ |

| नाम | क्षेत्र | राज्य |
|---|---|---|
| रिसिंगबोर कुर्कालांग | कला | मेघालय |
| हीराबाई लोबी | सामाजिक कार्य | गुजरात |
| **मूलचंद लोढ़ा** | **सामाजिक कार्य** | **राजस्थान** |
| रानी मचाईया | कला | कर्नाटक |
| अजय कुमार मंडावी | कला | छत्तीसगढ़ |
| प्रभाकर भानुदास मंडे | साहित्य और शिक्षा | महाराष्ट्र |
| गजानन जगन्नाथ माने | सामाजिक कार्य | महाराष्ट्र |
| अंतर्यामी मिश्रा | शिक्षा और साहित्य | ओडिशा |
| एन पी मुनीवेंकटप्पा | कला | कर्नाटक |
| प्रो. (डॉ.) महेंद्र पाल | विज्ञान और इंजीनियरिंग | गुजरात |
| उमा शंकर पांडे | सामाजिक कार्य | उत्तर प्रदेश |
| रमेश परमार और शांति परमार (दोनों को संयुक्त रूप से) | कला | मध्य प्रदेश |
| डॉ. नलिनी पार्थसारथी | चिकित्सा | पुदुचेरी |
| हनुमंतराव पसुपुलेटी | चिकित्सा | तेलंगाना |
| रमेश पतंगे | शिक्षा और साहित्य | महाराष्ट्र |
| कृष्णा पटेल | कला | ओड़िशा |
| के. कल्याण सुंदरम पिल्लई | कला | तमिलनाडु |
| वी पी ए पोडवाल | सामाजिक कार्य | केरल |
| कपिल देव प्रसाद | कला | बिहार |
| एसआरडी प्रसाद | खेल | केरल |
| शाह रशीद अहमद कादरी | कला | कर्नाटक |
| सीवी राजू | कला | आंध्र प्रदेश |
| बक्शी राम | विज्ञान और इंजीनियरिंग | हरियाणा |
| सीके रमन | कृषि | केरल |
| सुजाता रामदुरई | विज्ञान एवं इंजीनियरिंग | कनाडा |
| ए एन राव | विज्ञान और इंजीनियरिंग | आंध्र प्रदेश |
| परेश भाई राठवा | कला | गुजरात |
| बी राम कृष्ण रेड्डी | साहित्य और शिक्षा | तेलंगाना |
| मंगला कांति रॉय | कला | पश्चिम बंगाल |
| के सी रनरैमसांगी | कला | मिजोरम |
| वी गोपाल और मासी सदाईयां (दोनों को संयुक्त रूप से) | सामाजिक कार्य | तमिलनाडु |
| मनोरंजन साहू | चिकित्सा | उत्तर प्रदेश |
| पी साहू | कृषि | ओड़िशा |
| रित्विक सान्याल | कला | उत्तर प्रदेश |
| के एस शास्त्री | कला | आंध्र प्रदेश |
| एस सी शेखर | सामाजिक कार्य | आंध्र प्रदेश |
| के एस शर्मा | खेल | मणिपुर |
| नेकराम शर्मा | कृषि | हिमाचल प्रदेश |
| गुरु चरण सिंह | खेल | दिल्ली |
| **लक्ष्मण सिंह** | **सामाजिक कार्य** | **राजस्थान** |
| मोहन सिंह | साहित्य और शिक्षा | जम्मू एवं कश्मीर |
| टी सी सिंह | लोक मामले | मणिपुर |
| प्रकाश चंद्र सूद | साहित्य और शिक्षा | आंध्र प्रदेश |
| एन सोरही | कला | नगालैण्ड |

| नाम | क्षेत्र | राज्य |
|---|---|---|
| डॉ. जे सिंह राय | साहित्य और शिक्षा | झारखण्ड |
| के टी एन सी स्टांजिन | अध्यात्म | लद्दाख |
| एस सुब्बारमन | पुरातत्व | कर्नाटक |
| एम सुबोंग | कला | नगालैण्ड |
| पी के सुंदरम | सामाजिक कार्य | तमिलनाडु |
| रवीना रवि टंडन | कला | महाराष्ट्र |
| वी पी तिवारी | साहित्य और शिक्षा | उत्तर प्रदेश |
| धनीराम टोटो | साहित्य और शिक्षा | पश्चिम बंगाल |
| तुलाराम उप्रेती | कृषि | सिक्किम |
| गोपालसामी वेलुचेमी | चिकित्सा | तमिलनाडु |
| डॉ. ईश्वर चंद्र वर्मा | चिकित्सा | दिल्ली |
| सी एन वाडिया | कला | महाराष्ट्र |
| करमा वांगचु (मरणोपरांत) | सामाजिक कार्य | अरुणाचल प्रदेश |
| गुलाम मोहम्मद जाज | कला | जम्मू एवं कश्मीर |

## अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् के पुरस्कार (2022)

- अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (ICC) ने क्रिकेट के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वर्ष 2022 के अपने पुरस्कारों की घोषणा 23-26 जनवरी, 2023 को की।
- पुरुष क्रिकेटरों में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर की **सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी** (Sir Garfield Sobers Trophy) पाकिस्तान के बाबर आजम को तथा महिला क्रिकेटरों में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर की **राशेल हेहोई-फ्लिंट ट्रॉफी** इंग्लैण्ड की नटालिया सीवर को इन पुरस्कारों के तहत् प्रदान की गई।
- आईसीसी के वर्ष 2021 के प्रमुख पुरस्कारों की सूची निम्नलिखित है–

### पुरुष

- **मेन्स क्रिकेटर ऑफ़ द ईयर के लिए सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी :** बाबर आजम (पाकिस्तान)।
- **मेन्स टेस्ट क्रिकेटर ऑफ़ द ईयर :** बेन स्टोक्स (इंग्लैण्ड)
- **मेन्स ओडीआई क्रिकेटर ऑफ़ द ईयर :** बाबर आजम (पाकिस्तान)
- **मेन्स टी-20आई क्रिकेटर ऑफ़ द ईयर :** सूर्यकुमार यादव (भारत)
- **मेन्स इमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ़ द ईयर :** मार्को जानसेन (साउथ अफ्रीका)
- **मेन्स एसोसिएट क्रिकेटर ऑफ़ द ईयर :** गेरहार्ड इरास्मस (नामीबिया)
- **आईसीसी स्पिरिट ऑफ़ क्रिकेट :** आसिफ शेख (नेपाल)
- **अंपायर ऑफ़ द ईयर के लिए डेविड शेफर्ड ट्रॉफी :** रिचर्ड इलिंगवर्थ (इंग्लैंड)

### महिला

- **वुमन्स क्रिकेटर ऑफ़ द ईयर के लिए राचेल हेहोई-फ्लिंट ट्रॉफी :** नटालिया सीवर (इंग्लैण्ड)

- **वुमन्स ओडीआई क्रिकेटर ऑफ़ द ईयर :** नटालिया सीवर (इंग्लैण्ड)
- **वुमन्स टी-20आई क्रिकेटर ऑफ़ द ईयर :** तहालिया मैक्ग्रा (ऑस्ट्रेलिया)
- **वुमन्स इमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ़ द ईयर :** रेणुका सिंह (भारत)
- **वुमन्स एसोसिएट क्रिकेटर ऑफ़ द ईयर :** ईशा ओजा (यूएई)

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2023

- नवाचार, खेल, कला एवं संस्कृति, समाज सेवा और बहादुरी के क्षेत्र में असाधारण क्षमता और उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए 11 राज्यों/केन्द्रशासित क्षेत्रों से चुने गए 11 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2023 से 23 जनवरी, 2023 को सम्मानित किया गया।
- इस वर्ष के पुरस्कार विजेताओं में वीरता व समाज सेवा की श्रेणी में एक-एक, नवाचार की श्रेणी में दो, खेल में तीन और कला व संस्कृति में चार बच्चे शामिल हैं।
  - ✓ *इन 11 पुरस्कार विजेताओं में से 5 लड़कियाँ और 6 लड़के हैं।*
- पुरस्कृतों में केरल के आदित्य सुरेष (कला एवं संस्कृति), छत्तीसगढ़ के आदित्य प्रताप सिंह (नवाचार), दिल्ली की अनुष्का जौली (सामाजिक सेवा), जम्मू और कश्मीर की हनाया निसार (खेल), आंध्र प्रदेश की कोलगट्ला अलन मीनाक्षी (खेल), तेलंगाना की एम गौरवी रेड्डी (कला और संस्कृति), कर्नाटक के रिषि शिव प्रसन्न (नवाचार), महाराष्ट्र के रोहन रामचंद्र बहीर (वीरता), ओडिशा के संभब मिश्रा (कला और संस्कृति), गुजरात के शौर्यजीत रणजीत कुमार खैरे (खेल) एवं असम की श्रेया भट्टाचार्य (कला और संस्कृति)।

## कीर्ति चक्र व शौर्य चक्र (2023)

- सेना व अन्य सशस्त्र बलों के अधिकारियों/जवानों के लिए बहादुरी पुरस्कारों व अन्य सैन्य अलंकरणों की जो सूची 74वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति भवन से जारी विज्ञप्ति में की गई है, उनमें 6 कीर्ति चक्र जिनमें चार मरणोपरांत और 15 शौर्य चक्र जिनमें दो मरणोपरांत शामिल हैं।
- कीर्ति चक्र से सम्मानित किए जाने वालों में डोगरा रेजीमेंट के मेजर शुभंग, राजपूत रेजीमेंट के नायक जितेन्द्र सिंह, जम्मू-कश्मीर पुलिस कांस्टेबल रोहित कुमार (मरणोपरांत), सब इंस्पेक्टर दीपक भारद्वाज (मरणोपरांत), हेड कांस्टेबल सोढ़ी नारायण (मरणोपरांत), हेड कांस्टेबल श्रवण कश्यप (मरणोपरांत) शामिल हैं।
- **शौर्य चक्र** से सम्मानित किए जाने वालों में कुमाऊं रेजीमेंट के मेजर **आदित्य भदौरिया** और कैप्टेन **अरुण कुमार**, मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री के कैप्टेन **युद्धवीर सिंह**, पैराशूट रेजीमेंट के **कैप्टेन राकेश टीआर**, जम्मू और कश्मीर राइफल्स के नायक **जसबीर सिंह** (मरणोपरांत) और लांस नायक **विकास चौधरी** (मरणोपरांत), जम्मू-कश्मीर पुलिस के कांस्टेबल **मुदासिर अहमद शेख**, वायु सेना के ग्रुप कैप्टेन **योगेश्वर कृष्णराव कांडलकर**, फ्लाइट लेफ्टिनेंट **तेजपाल**, स्क्वाड्रन लीडर **संदीप कुमार झझरिया**, कॉर्पोरल **आनंद सिंह** और एलएसी **सुनील कुमार**, सहायक कमांडेंट **सतेंद्र सिंह**, डिप्टी कमांडेंट **विक्की कुमार पांडेय** और कांस्टेबल **विजय उरांव** शामिल हैं।

## सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2023

- आपदा प्रबन्धन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए वर्ष 2023 के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबन्धन पुरस्कार की घोषणा गृह मंत्रालय द्वारा 23 जनवरी, 2023 को नेताजी की जयंती के अवसर पर की गई।
- संस्थागत श्रेणी में यह पुरस्कार ओडिशा के राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (OSDMA) और मिजोरम के लुंगलेई फायर स्टेशन (LFS) को प्रदान किया जाएगा।
- यह पुरस्कार आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा के लिए प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।
- इसके तहत् किसी संस्था को प्रमाण-पत्र तथा ₹ 51 लाख का नकद पुरस्कार और व्यक्ति के मामले में प्रमाण-पत्र तथा ₹ 5 लाख का नकद पुरस्कार दिया जाता है।

***Salient Point...***

- ➢ नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की स्मृति में राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 2019 से हुई थी।
- वर्ष 2021 में यह पुरस्कार संस्थागत श्रेणी में गुजरात आपदा प्रबन्धन संस्थान को तथा व्यक्तिगत श्रेणी में सिक्किम आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विनोद शर्मा को दिया गया था।

## अमेरिका की आर बोनी गैब्रिएल को मिस यूनिवर्स का ताज

- अमेरिका की 28 वर्षीय आर बोनी गैब्रिएल (R'Bonney Gabriel) ने वर्ष 2022 का मिस यूनिवर्स का ताज जीता है।
- 14 जनवरी, 2023 को अमेरिका के लुएसियाना स्टेट के न्यू ऑर्लेअंस शहर में सम्पन्न हुई मिस यूनिवर्स का ताज बोनी गैब्रिएल को मिस यूनिवर्स-2021 हरनाज संधू ने पहनाया।



आर बोनी ग्रैबिएल

- वेनेजुएला की अमेंडा डुडामेल (Amanda Dudamel) व डोमिनिकन गणराज्य की एंड्रिना मार्टिनेज (Andreína Martínez) इस प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम व द्वितीय उपविजेता रहीं।
- इस प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व दिविता राय ने किया, जो अन्तिम पाँच (Top-5) में अपना स्थान नहीं बना सकीं।
  - ✓ *दिविता ने 28 अगस्त, 2022 को मिस डीवा यूनिवर्स-2022 का खिताब जीता था।*
  - ✓ *भारत की तीन सुन्दरियों ने मिस यूनिवर्स का खिताब जीता है, जिनमें हरनाज संधू (2021), लारा दत्ता (2000) व सुस्मिता सेन (1994) शामिल हैं।*
- भारत सहित 83 देशों की चुनींदा सुन्दरियाँ इस वर्ष की इस प्रतियोगिता में शामिल थीं।

## डिजिटल इण्डिया पुरस्कार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने डिजिटल इण्डिया पुरस्कारों के 7वें संस्करण के विजेताओं को पुरस्कार 7 जनवरी, 2023 को नई दिल्ली में प्रदान किए। यह पुरस्कार सात श्रेणियों में निम्नलिखित को प्रदान किए गए–
- **नागरिकों का डिजिटल सशक्तीकरण** (Digital Empowerment of Citizens)
  - ✓ ***प्लेटिनम अवॉर्ड :*** *'e-NAM' इनिशिएटिव (कृषि मंत्रालय)*
  - ✓ ***गोल्ड अवॉर्ड*** *: ट्रांसपोर्ट मिशन मोड प्रोजेक्ट (e-ट्रांसपोर्ट)*
  - ✓ ***सिल्वर अवॉर्ड*** *: जजमेंट सर्च पोर्टल*
- **जमीनी स्तर पर डिजिटल पहल** (Digital Initiatives at Grassroots Level)
  - ✓ ***प्लेटिनम अवॉर्ड :*** *ई-विवेचना एप (मध्य प्रदेश)*
  - ✓ ***गोल्ड अवॉर्ड*** *: डीईजीएस कम्प्यूटर बेसिक ट्रेनिंग (झारखण्ड)*
  - ✓ ***सिल्वर अवॉर्ड*** *: क्षीरश्री पोर्टल (केरल)*
- **ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस के लिए डिजिटल पहल** (Digital Initiatives for Ease of Doing Business)
  - ✓ ***प्लेटिनम अवॉर्ड*** *: माइन मित्र (उत्तर प्रदेश)*
  - ✓ ***गोल्ड अवॉर्ड*** *: ई-आबकारी (ओडिशा)*
  - ✓ ***सिल्वर अवॉर्ड*** *: इन्वेस्ट पंजाब (पंजाब)*
- **सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए डेटा साझा करना और उसका उपयोग** (Data Sharing and Use for Socio Economic Development)
  - ✓ ***प्लेटिनम अवॉर्ड*** *: स्मार्ट सिटीज मिशन (आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय)*
  - ✓ ***गोल्ड अवॉर्ड*** *: केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई)*
  - ✓ ***सिल्वर अवॉर्ड*** *: ई-गवर्नेंस केन्द्र (कर्नाटक)*
- **सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म- केन्द्रीय मंत्रालय, विभाग और राज्य** (Public Digital Platforms – Central Ministries, Departments and States)

  **विजेता राज्य**
  - ✓ ***प्लेटिनम अवॉर्ड*** *: दुआरे सरकार (पश्चिम बंगाल)*
  - ✓ ***गोल्ड अवॉर्ड*** *: ई-सेवाएँ मणिपुर (मणिपुर)*

  **विजेता - केन्द्रीय मंत्रालय, विभाग**
  - ✓ ***प्लेटिनम अवॉर्ड*** *: आईसीईजीएटीई पोर्टल (वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग)*
  - ✓ ***गोल्ड अवॉर्ड*** *: ईश्रम (श्रम और रोजगार मंत्रालय)*
- **स्टार्ट-अप्स के सहयोग से डिजिटल पहल** (Digital Initiatives in Collaboration with Startups)
  - ✓ ***प्लेटिनम अवॉर्ड*** *: डिजिटल कार्यबल प्रबन्धन प्रणाली (केरल)*
  - ✓ ***गोल्ड अवॉर्ड*** *: मृदा का स्मार्ट पोषक तत्व प्रबंधन (तेलंगाना)*
  - ✓ ***सिल्वर अवॉर्ड*** *: डिजिटल डिपॉजिट रिफंड सिस्टम (उत्तराखण्ड)*
- **जीआईजीडब्ल्यू और पहुँच दिशा-निर्देशों का अनुपालन करने वाली सर्वश्रेष्ठ वेब और मोबाइल पहल** (Best Web and Mobile Initiatives Complying with GIGW & Accessibility Guidelines)
  - ✓ ***प्लेटिनम अवॉर्ड*** *: बिलासपुर जिले (छत्तीसगढ़) की वेबसाइट*
  - ✓ ***गोल्ड अवॉर्ड*** *: कोट्टायम जिले (केरल) की वेबसाइट*
  - ✓ ***सिल्वर अवॉर्ड*** *: सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ़ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (रसायन और उर्वरक मंत्रालय, रसायन और पेट्रो-रसायन विभाग) की वेबसाइट।*

## (80वें) गोल्डन ग्लोब पुरस्कार-2022

- वर्ष 2022 में प्रदर्शित फिल्मों के लिए हॉलीवुड के प्रतिष्ठित 80वें गोल्डन ग्लोब पुरस्कारों का वितरण ब्रेवली हिल्स, कैलीफोर्निया में 10 जनवरी, 2023 को किया गया।
- अवॉर्ड समारोह में एसएस राजामौली द्वारा निर्देशित फिल्म **'आरआरआर'** के सॉन्ग **'नाटू नाटू' ने बेस्ट ऑरिजिनल सॉन्ग** पुरस्कार जीता। यह अवॉर्ड एम.एम. कीरावनी ने ग्रहण किया।



**गोल्डन ग्लोब ट्रॉफी के साथ एम.एम. कीरवनी**

  - ✓ *'नाटू-नाटू' गाने को लिखने वाले गीतकार-चन्द्रबोस तथा गाने के गायक – काला भैरवा और राहुल सिपलीगुंज हैं।*
  - ✓ *एसएस राजामौली की इस सुपरहिट फिल्म के गीत का संगीत निर्देशन एमएम कीरावानी ने किया है।*
  - ✓ *प्रेम रक्षित ने नाटू-नाटू गाने को कोरियोग्राफ किया है।*
- इन पुरस्कारों के तहत् सर्वश्रेष्ठ फिल्म तथा सर्वश्रेष्ठ अभिनेता व अभिनेत्री का पुरस्कार ड्रामा श्रेणी तथा म्यूजिक/कॉमेडी श्रेणी में अलग-अलग दिए जाते हैं, जबकि सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, सहायक अभिनेता-अभिनेत्री सहित अन्य विभिन्न पुरस्कार ड्रामा एवं म्यूजिक/कॉमेडी श्रेणी की फिल्मों के लिए संयुक्त रूप से दिए जाते हैं।

**सिनेमा के क्षेत्र के '80वें गोल्डन ग्लोब' पुरस्कारों की संक्षिप्त सूची निम्नलिखित है—**

| श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| **सर्वश्रेष्ठ फिल्म** | |
| ड्रामा | द फेबलमैन्स (The Fabelmans) |
| म्यूजिकल/ कॉमेडी | द बैनशीस ऑफ़ इनिशेरिन (The Banshees of Inisherin) |
| **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता** | |
| ड्रामा | ऑस्टिन बटलर (Austin Butler)–'एलविस' (Elvis) |
| म्यूजिकल/ कॉमेडी | कॉलिन फेरल (Colin Farrell)–द बैनशीस ऑफ़ इनिशेरिन (The Banshees of Inisherin) |

| सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री | |
|---|---|
| ड्रामा | केट ब्लैंचेट (Cate Blanchett) को फिल्म 'टार' (Tár) के लिए |
| म्यूजिकल/ कॉमेडी | मिशेल यो (Michelle Yeoh)–एवरीथिंग एवरीव्हेयर ऑल एट वंस (Everything Everywhere All at Once) |
| किसी भी मोशन फिल्म में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले | |
| सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता | के हुए कुआन (Ke Huy Quan), एवरीथिंग एवरीव्हेयर ऑल एट वंस (Everything Everywhere All at Once) |
| सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री | एंजेला बैसेट (Angela Bassett)– ब्लैक पैंथर : वकांडा फॉरएवर (Black Panther: Wakanda Forever) |
| दोनों श्रेणियों में संयुक्त पुरस्कार | |
| सर्वश्रेष्ठ निर्देशक | स्टीवन स्पिलबर्ग (Steven Spielberg)–द फेबलमैन्स (The Fabelmans) |
| सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म | अर्जेंटीना, 1985 (अर्जेंटीना) |

## आरआरआर फिल्म ने क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड्स में जीते दो पुरस्कार

- एसएस राजमौली द्वारा निर्देशित दक्षिण की फिल्म 'आरआरआर' ने गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड जीतने के पश्चात् क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड्स 2023 में भी इतिहास रचा।
- इस फिल्म ने **बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फिल्म** और **'नाटू-नाटू' के लिए बेस्ट ऑरिजनल सॉन्ग** का क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड जीता है।
  - ✓ *यह गाना जूनियर एनटीआर और रामचरण पर फिल्माया गया है।*

**क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड्स 2023 के अन्य विजेता**

- **सर्वश्रेष्ठ निर्देशक** : डैनियल क्वान और डैनियल शेइनर्ट, 'एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वंस'
- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता** : ब्रेंडन फ्रेजर, 'द व्हेल'
- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री** : केट ब्लैंचेट, 'टार'
- **सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता** : के हुई क्वान, 'एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वंस'
- **सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री** : एंजेला बैसेट, 'ब्लैक पैंथर : वकंडा फॉरएवर'

## असम सरकार द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार विजेताओं की घोषणा

- असम सरकार द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए राज्य के तीन प्रतिष्ठित सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों की घोषणा जनवरी 2023 में की है।
- इन पुरस्कारों के तहत् असम सरकार द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार **असोम वैभव** से डॉ. तपन सैकिया को सम्मानित किया जाएगा।
  - ✓ *असम के डिब्रूगढ़ के नाहरकटिया के निवासी, डॉ. सैकिया दीसिखा फाउंडेशन के संरक्षक हैं और उन्होंने असम और पूर्वोत्तर राज्यों में जागरूकता पैदा करने और कैंसर का जल्द पता लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।*
  - ✓ ***पुरस्कार राशि** : ₹ 5.00 लाख*
- राज्य का दूसरा नागरिक सम्मान **'असोम सौरव'** कृष्णा रॉय, गिल्बर्ट संगमा, डॉ. बिनॉय कुमार सैकिया और डॉ. शशिधर फुकन को मिला है।
  - ✓ ***पुरस्कार राशि** : ₹ 4.00 लाख*
- राज्य का तीसरा नागरिक सम्मान 'असोम गौरव' प्राप्त करने वालों में देबजीत बर्मन, रुस्तम बासुमतारी, मंजे ला, बिनंदा हति बरुआ, अतुल बरुआ, शिला गोवाला, डॉ. जोगेश देउरी, डॉ. पंकज लाल गोगोई, सरबेश्वर बासुमतारी, मन्थंग हमार, दयाल गोस्वामी, डॉ. सैयद इफ्तिखार अहमद, डॉ. ध्रुबज्योति शर्मा शामिल हैं।
  - ✓ ***पुरस्कार राशि** : ₹ 3.00 लाख*

## प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार- 2023

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 10 जनवरी, 2023 को 27 भारतीय प्रवासियों को 17वें प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार-2023 से सम्मानित किया।
  - ✓ *यह प्रवासी भारतीयों को दिया जाने वाला सबसे बड़ा पुरस्कार है, जो विदेशों में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए दिया जाता है।*

**प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार-2023 से सम्मानित व्यक्ति की सूची इस प्रकार है—**

- **प्रो. जगदीश चेन्नुपति** : ऑस्ट्रेलिया, विज्ञान और प्रौद्योगिकी/ शिक्षा
- **प्रो. संजीव मेहता** : भूटान, शिक्षा
- **प्रो. दिलीप लौंडो** : ब्राज़ील, कला और संस्कृति/शिक्षा
- **डॉ. अलेक्जेंडर मलाइकेल जॉन** : ब्रुनेई दारुस्सलाम मेडिशन
- **डॉ. वैकुंठम अय्यर लक्ष्मणन** : कनाडा, समाज सेवा
- **जोगिंदर सिंह निज्जर** : क्रोएशिया, कला और संस्कृति/शिक्षा
- **प्रो. रामजी प्रसाद** : डेनमार्क, सूचना प्रौद्योगिकी
- **डॉ. कन्नन अम्बलम** : इथियोपिया, समाज सेवा
- **डॉ. अमल कुमार मुखोपाध्याय** : जर्मनी, समाज सेवा/चिकित्सा
- **डॉ. मोहम्मद इरफान अली** : गुयाना, राजनीति/समाज सेवा
- **सुश्री रीना विनोद पुष्करणा** : इजराइल, व्यवसाय/समाज सेवा
- **डॉ. मकसूदा सरफी श्योतानी** : जापान, शिक्षा
- **डॉ. राजगोपाल** : मैक्सिको, शिक्षा
- **अमित कैलाश चंद्र लठ** : पोलैण्ड, व्यवसाय/समाज सेवा
- **परमानंद सुखुमल दासवानी** : कांगो गणराज्य, समाज सेवा
- **पीयूष गुप्ता** : सिंगापुर, व्यवसाय
- **मोहनलाल हीरा** : दक्षिण अफ्रीका, समाज सेवा

- **संजयकुमार शिवभाई पटेल :** दक्षिण सूडान, व्यवसाय/समाज सेवा
- **शिवकुमार नदेसन :** श्रीलंका, समाज सेवा
- **डॉ. देवनचंद्रभोज शरमन :** सूरीनाम, समाज सेवा
- **डॉ. अर्चना शर्मा :** स्विट्जरलैण्ड, विज्ञान प्रौद्योगिकी
- **न्यायमूर्ति फ्रैंक आर्थर सीपरसाद :** त्रिनिदाद और टोबैगो, समाज सेवा/शिक्षा
- **सिद्धार्थ बालचंद्रन :** संयुक्त अरब अमीरात, व्यवसाय/समाज सेवा
- **चंद्रकांत बाबूभाई पटेल :** यूके, मीडिया
- **डॉ. दर्शन सिंह धालीवाल :** अमेरिका, व्यवसाय/समाज सेवा
- **राजेश सुब्रमण्यम :** अमेरिका, व्यवसाय
- **अशोक कुमार तिवारी :** उज़्बेकिस्तान, व्यवसाय

## (32वाँ) जीडी बिड़ला पुरस्कार

- वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए दिया जाने वाला घनश्यामदास बिड़ला पुरस्कार वर्ष 2022 के लिए प्रोफेसर नीलेश बी. मेहता को देने की घोषणा 4 जनवरी, 2023 को की गई है।
- बेंगलुरू स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ साइंस के इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत प्रो. मेहता को यह पुरस्कार वॉयरलेस कम्युनिकेशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु दिया गया है।

***Salient Point...***

- केके बिड़ला फाउंडेशन द्वारा वर्ष 1991 में स्थापित यह पुरस्कार पिछले 5 वर्षों में उत्कृष्ट शोध के लिए भारत में रहने वाले और 50 वर्ष से कम आयु के एक भारतीय वैज्ञानिक को दिया जाता है।
- इसमें ₹ 5 लाख का नकद पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है।
- गत वर्ष (31वाँ) यह पुरस्कार प्रो. नारायण प्रधान को प्रदान किया गया था।

## राउण्ड-अप Round-up

- **पंडित हरिप्रसाद चौरसिया लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड**
  - ✓ *प्रसिद्ध हिंदुस्तानी गायिका डॉ. प्रभा अत्रे को 22 जनवरी, 2023 को पंडित हरिप्रसाद चौरसिया लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।*
  - ✓ *महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया।*
  - ✓ *पुरस्कारस्वरूप उन्हें एक प्रशस्ति-पत्र और एक लाख रुपए की राशि प्रदान की गई।*
- **फेडरल बैंक लिटरेरी अवॉर्ड-2022**
  - ✓ *प्रसिद्ध लेखक के वेणु को उनकी आत्मकथा 'ओरनवेशनंथिनते कथा' के लिए पहले 'फेडरल बैंक लिटरेरी अवॉर्ड 2022' से सम्मानित किया गया है।*
- **भारतीय शांति रक्षकों को संयुक्त राष्ट्र मेडल**
  - ✓ *दक्षिण सूडान संयुक्त राष्ट्र मिशन में सेवा प्रदान करने वाले 1171 से अधिक भारतीय शांति रक्षकों को उनकी असाधारण सेवा के लिए संयुक्त राष्ट्र मेडल से सम्मानित किया गया।*
  - ✓ *पहली बार, भारतीय सेना की एक महिला अधिकारी, मेजर जैस्मीन चट्ठा ने अपर नाइल में पुरस्कार समारोह में भारतीय दल की परेड का नेतृत्व किया।*
  - ✓ *उल्लेखनीय है कि भारत संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों के लिए सबसे बड़ा सैन्य-योगदान करने वाले देशों में से एक है।*
- **डॉ. पतंगराव कदम मेमोरियल सम्मान**
  - ✓ *वैक्सीन निर्माता कम्पनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ़ इण्डिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अदार पूनावाला को पहले डॉ. पतंगराव कदम मेमोरियल सम्मान से जनवरी 2023 के पूर्वार्द्ध में सम्मानित किया गया है।*
  - ✓ *पतंगराव कदम महाराष्ट्र राज्य के एक भारतीय राजनेता थे और उनकी स्मृति में यह पुरस्कार स्थापित किया गया है।*
- **ओडिशा का अस्का पुलिस स्टेशन भारत में सर्वश्रेष्ठ 'पुलिस स्टेशन'**
  - ✓ *गंजाम जिले के अस्का पुलिस स्टेशन को वर्ष 2022 के लिए पुलिस स्टेशनों की वार्षिक रैंकिंग में देश का नंबर एक पुलिस स्टेशन घोषित किया गया है।*
  - ✓ *केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 20 जनवरी, 2023 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर में डीजीएसपी/आईजीएसपी सम्मेलन-2022 के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक को ट्रॉफी प्रदान की।*
  - ✓ *उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष (2021) में गंजाम जिले के गंगापुर थाने को देश का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थाना घोषित किया गया था। जबकि प्रथम स्थान पर दिल्ली का सदर बाजार थाना था।*
- **आठवाँ महाकवि कन्हैयालाल सेठिया अवॉर्ड**
  - ✓ *जनवरी 2023 में साहित्य के महाकुंभ जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में आठवें महाकवि कन्हैयालाल सेठिया अवॉर्ड से आधुनिक कवि एवं आलोचक के. सच्चिदानंदन को सम्मानित किया गया है।*
  - ✓ *महाकवि कन्हैयालाल सेठिया फाउंडेशन द्वारा प्रदत्त इस पुरस्कार के तहत् विजेता को सम्मानस्वरूप एक मोमेंटो और ₹ 1 लाख नकद दिए जाते हैं।*
  - ✓ *सच्चिदानंदन को वर्ष 2012 में उनके काव्य संग्रह 'मारन्नुवेचा वास्तुक्कल' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार भी प्रदान किया जा चुका है।*



# खेल परिदृश्य

## क्रिकेट / Cricket

### भारत ने जीता महिला अंडर-19 वर्ल्ड कप

- **संस्करण**– पहला
- **प्रशासक**– अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (ICC)
- **आयोजन तिथि**– 14-29 जनवरी, 2023
- **मेजबान शहर**– द. अफ्रीका
- **प्रतिभागी टीमें**–16 (द. अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैण्ड, भारत, आयरलैण्ड, न्यूजीलैण्ड, पाकिस्तान, श्रीलंका, अमेरिका, वेस्ट इंडीज, जिम्बाब्वे, इण्डोनेशिया, रवांडा, स्कॉटलैण्ड, यूएई)
- **कुल मैच खेले गए**– 41
- **विजेता**– भारत

- महिलाओं के आईसीसी के पहले अंडर-19 विश्व कप टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 29 जनवरी, 2023 को द. अफ्रीका के पोचेफस्ट्रूम (Potchefstroom) में भारत और इंग्लैण्ड के मध्य खेला गया।
- इस मुकाबले में भारत ने इंग्लैण्ड को 7 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। भारतीय महिला टीम किसी भी आईसीसी टूर्नामेंट में पहली बार विजेता बनी है।
- सीनियर टीम के लिए खेल चुकीं **शेफाली वर्मा** भारत को आईसीसी ट्रॉफी जिताने वाली पहली महिला कप्तान बनीं।
- फाइनल में भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए इंग्लैण्ड को 18वें ओवर में 68 रन पर समेट दिया। भारत ने 14 ओवर में ही 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।
- भारतीय तेज गेंदबाज **तीतस साधु** फाइनल में शानदार बॉलिंग के लिए **प्लेयर ऑफ़ द मैच** चुनी गईं।
- इंग्लैण्ड की **ग्रेस स्क्रीवेंस** (Grace Scrivens) को **प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट** चुना गया।
- टूर्नामेंट में सर्वाधिक 12 विकेट ऑस्ट्रेलिया की मेग्गी क्लार्क (Maggie Clark) ने लिए, जबकि भारत की पार्श्वी चोपड़ा 11 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर रहीं।
- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय महिला अंडर-19 टीम को ₹ 5 करोड़ का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

### भारत-न्यूजीलैण्ड एकदिवसीय शृंखला

- न्यूजीलैण्ड क्रिकेट टीम जनवरी 2023 में भारत के दौरे पर रही।
- 18-24 जनवरी, 2023 के दौरान न्यूजीलैण्ड और भारत के मध्य खेली गई तीन एकदिवसीय मैचों की शृंखला में भारत ने 3-0 से क्लीन स्वीप किया।
- भारत ने 18, 21 और 24 जनवरी को खेले गए एकदिवसीय मैच क्रमशः 12 रन, 8 विकेट और 90 रन से जीते।
- भारत के शुभमन गिल ने शृंखला में सर्वाधिक 360 रन बनाए और वह **प्लेयर ऑफ़ द सीरीज** चुने गए।
  - ✓ *शुभमन गिल ने 18 जनवरी, 2023 को न्यूजीलैण्ड के खिलाफ खेले गए पहले वनडे में दोहरा शतक जमाकर इतिहास रचा। गिल दोहरा शतक बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज हैं।*
  - ✓ *शुभमन वनडे में दोहरा शतक जमाने वाले सचिन तेंदुलकर, रोहित शर्मा, वीरेन्द्र सहवाग और ईशान किशन के बाद 5वें भारतीय खिलाड़ी हैं।*
- इस शृंखला में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और न्यूजीलैण्ड टीम के कप्तान टॉम लाथम थे।

### भारत-श्रीलंका एकदिवसीय शृंखला

- श्रीलंका क्रिकेट टीम 3-15 जनवरी, 2023 को भारत के दौरे पर रही।
- इस दौरान श्रीलंका और भारत के मध्य तीन टी-20 और तीन ही एक दिवसीय मैचों की शृंखला सम्पन्न हुई।

#### टी-20 शृंखला

- 3-7 जनवरी के मध्य खेली गई तीन टी-20 मैचों की शृंखला भारत ने 2-1 से अपने नाम की।
- भारत ने पहला (3 जनवरी) और तीसरा (7 जनवरी) टी-20 मैच क्रमशः 2 रन और 91 रनों से जीता, वहीं दूसरे टी-20 मैच में श्रीलंका ने भारत को 16 रन से पराजित किया।
- **प्लेयर ऑफ़ द सीरीज**ः विराट कोहली
- **भारतीय टीम के कप्तान**ः हार्दिक पाण्डया (टी-20)
- **श्रीलंका टीम के कप्तान**ः दसुन शनाका

#### वनडे शृंखला

- 10-15 जनवरी के मध्य खेली गई तीन एकदिवसीय मैचों की शृंखला भारत ने 3-0 से अपने नाम की।
- भारत ने तीनों एकदिवसीय मैच क्रमशः 67 रन, 4 विकेट और 317 रनों से जीते।
- भारत ने 15 जनवरी, 2023 को तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए तीसरे वनडे में श्रीलंका को 317 रन से हराया। यह रनों के अंतर से वनडे इतिहास की सबसे बड़ी जीत है।

- ✓ *इससे पहले यह रिकॉर्ड न्यूजीलैण्ड के नाम था। उन्होंने 2008 में आयरलैण्ड को 290 रन से हराया था।*
- **प्लेयर ऑफ़ द सीरीज :** विराट कोहली
- **भारतीय टीम के कप्तान :** रोहित शर्मा
- **श्रीलंका टीम के कप्तान :** दसुन शनाका

### प्लेयर ऑफ़ द मंथ : दिसम्बर 2022

- **घोषणा :** 11 जनवरी, 2023
- **आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ़ द मंथ :** हैरी ब्रुक (इंग्लैण्ड)
- **आईसीसी वुमेंस प्लेयर ऑफ़ द मंथ :** एशले गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया)

पिछले माह के विजेता

| माह | वुमेंस विनर | मेंस विनर |
|---|---|---|
| अक्टूबर 2022 | निदा डार (पाकिस्तान) | विराट कोहली (भारत) |
| नवम्बर 2022 | सिदरा अमीन (पाकिस्तान) | जोस बटलर (इंग्लैण्ड) |

## टेनिस / Tennis

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन (2023) : नोवाक जोकोविच का 22वाँ ग्रैड स्लेम खिताब

- **आयोजन तिथि–** 16-29 जनवरी, 2023
- **आयोजन स्थल–** मेलबर्न, विक्टोरिया (ऑस्ट्रेलिया)
- **श्रेणी–** ग्रैंड स्लेम
- **संस्करण–** 111वाँ (ओपन एरा 55वाँ)

- वर्ष 2023 का पहला ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन का पुरुष एकल खिताब **सर्बिया के नोवाक जोकोविच** ने जीता।
- 35 वर्षीय नोवाक ने 29 जनवरी, 2023 को मेलबर्न में खेले गए फाइनल में ग्रीस के 24 वर्षीय स्टीफानोस सिट्सिपास को 6-3, 7-6, 7-6 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।
  - ✓ *वर्ष 2021 में फ्रेंच ओपन के फाइनल में भी सिट्सिपास को हराकर जोकोविच ने खिताब जीता था।*
  - ✓ *दोनों खिलाड़ी 13वीं बार आमने सामने थे और जोकोविच ने 11वीं बार जीत हासिल की।*
- नोवाक सबसे ज्यादा (10) बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने अपने 22वें ग्रैंड स्लैम खिताब के साथ राफेल नडाल की बराबरी की।
- ऑस्ट्रेलियाई ओपन का महिला एकल खिताब बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल में कज़ाकिस्तान की एलेना रायबकिना को 4-6, 6-3, 6-4 से हराकर यह जीत दर्ज की।
  - ✓ *आर्यना सबालेंका का यह पहला एकल ग्रैंड स्लैम खिताब है।*
- सानिया मिर्जा और रोहन बोपन्ना की भारतीय जोड़ी को ऑस्ट्रेलियन ओपन मिश्रित युगल के फाइनल में ब्राजील के लुइसा स्टेफनी और राफेल माटोस की जोड़ी ने 7-6, 6-2 से हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता।
  - ✓ *रोहन बोपन्ना के साथ, अपना* **अंतिम ग्रैंड स्लेम खेल रहीं सानिया मिर्जा** *ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में अब तक दो ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीते हैं।*
  - ✓ *उन्होंने 2016 में मार्टिना हिंगिस के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन महिला युगल और 2009 में महेश भूपति के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन मिश्रित युगल खिताब जीता था।*

ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस-2023 के विजेता एवं उपविजेता
*(16-29 **जनवरी**, 2023; **मेलबर्न**)*

| | | |
|---|---|---|
| **पुरुष एकल** | **विजेता** | नोवाक जोकोविच (सर्बिया) |
| | **उपविजेता** | स्टीफानोस सिट्सिपास (ग्रीस) |
| **महिला एकल** | **विजेता** | आर्यना सबालेंका (बेलारूस) |
| | **उपविजेता** | एलेना रायबकिना (कज़ाकिस्तान) |
| **पुरुष युगल** | **विजेता** | रिंकी हाजीकाता एवं जेसोन कुब्लर (दोनों ऑस्ट्रेलिया) |
| | **उपविजेता** | हूगो न्यस (मोनाको) और जेन ज़ेलिस्की (पोलैण्ड) |
| **महिला युगल** | **विजेता** | बारबोरा क्रेजीकोवा और कैटरिना सिनियाकोवा (दोनों चेक गणराज्य) |
| | **उपविजेता** | शूको ओयामा और इना शिबहारा (दोनों जापान) |
| **मिश्रित युगल** | **विजेता** | लुइसा स्टेफनी और राफेल माटोस (दोनों ब्राजील) |
| | **उपविजेता** | रोहन बोपन्ना और सानिया मिर्जा (दोनों भारत) |

## बैडमिंटन / Badminton

### इण्डिया ओपन बैडमिंटन-2023

- **प्रतियोगिता का नाम–** योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2023
- **आयोजन तिथि–** 17-22 जनवरी, 2023
- **आयोजन स्थल–** के.डी. जाधव इंडोर हॉल, नई दिल्ली
- **स्तर–** सुपर-750

- नई दिल्ली में खेले गए इण्डिया ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल में थाईलैण्ड के **कुनलावुत वितिदसर्न** और दक्षिण कोरिया की **आन सी यंग** ने क्रमशः पुरुष व महिला वर्ग का एकल खिताब जीत लिया।
- पुरुष एकल फाइनल में वितिदसर्न ने डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन को 22-20, 10-21, 21-12 से पराजित किया। वहीं महिला एकल के फाइनल में दक्षिण कोरिया की आन से यंग ने जापान की अकाने यामागुची को 15-21, 21-16, 21-12 से हराया।

**प्रतियोगिता की अन्य स्पर्द्धाओं के विजेता**

- **पुरुष युगल विजेता :** लियांग वेइकेंग और वांग चांग (चीन); **उपविजेता :** आरोन चिया और सोह वूई यिक (मलेशिया)
- **महिला युगल विजेता :** नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा (जापान); **उपविजेता :** चेन क्यूंगचेन और जिया यीफान (चीन)
- **मिश्रित युगल विजेता :** युता वातानाबे और अरिसा हिगाशिनो (जापान); **उपविजेता :** वांग यील्यु और हुआंग डोंगपिंग (चीन)

## मलेशिया ओपन बैडमिंटन-2023

- **प्रतियोगिता का नाम**– पेट्रोनास मलेशिया ओपन 2023
- **आयोजन तिथि**– 10-15 जनवरी, 2023
- **आयोजन स्थल**– एक्सिएटा एरेना, कुआलालम्पुर (मलेशिया)
- **स्तर**– सुपर-1000

**प्रमुख परिणाम : एक नजर में**

- **पुरुष एकल विजेता :** विक्टर एक्सेलसन (डेनमार्क); **उपविजेता :** कोडाई नरौका (जापान)
- **महिला एकल विजेता :** अकाने यामागुची (जापान); **उपविजेता :** आन से-युंग (द. कोरिया)

### हॉकी

## जर्मनी पुरुषों के विश्व कप (2023) का विजेता

- **संस्करण**–15वाँ
- **आयोजक**–अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ
- **आयोजन तिथि**–13-29 जनवरी, 2023
- **मेजबान शहर**–भुवनेश्वर और राउरकेला (ओडिशा, भारत)
- **प्रतिभागी टीमें**–16 (ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका, बेल्जियम, जर्मनी, दक्षिण कोरिया, जापान, नीदरलैण्ड, न्यूज़ीलैण्ड, मलेशिया, चिली, भारत, इंग्लैण्ड, स्पेन, वेल्स)
- **विजेता**–जर्मनी (तीसरी बार विजेता)

- (15वें) पुरुष हॉकी विश्व कप, 2023 का फाइनल भुवनेश्वर (ओडिशा) के कलिंगा स्टेडियम में 29 जनवरी, 2023 को खेला गया।
- फाइनल मुकाबले में जर्मनी की टीम ने गत वितेजा (2018) बेल्जियम की टीम को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से पराजित कर तीसरी बार खिताब (स्वर्ण पदक) अपने नाम किया।
- मौजूदा टूर्नामेंट में यह तीसरा अवसर था, जब जर्मनी ने 0-2 से पिछड़ने के बाद जीत दर्ज की जो टीम की मानसिक मजबूती की पहचान है। जर्मनी ने इससे पहले इंग्लैण्ड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में भी दो गोल से पिछड़ने के बाद जीत दर्ज की थी।
- निर्धारित समय में दोनों टीमें 3-3 से बराबरी पर रहीं, जिसके कारण फाइनल मुकाबले का निर्णय पेनल्टी शूट आउट से हुआ।
- जर्मनी ने इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैण्ड्स की बराबरी करते हुए तीसरी बार विश्व कप जीता है।
  - ✓ *जर्मनी की टीम इससे पहले वर्ष 2006 और 2010 में विजेता रही थी।*
  - ✓ *पुरुष हॉकी विश्व कप में सर्वाधिक खिताब जीतने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम दर्ज है, जिसने चार बार यह खिताब अपने नाम किया है।*
- टूर्नामेंट में नीदरलैण्ड्स ने ऑस्ट्रेलिया 3-1 से हराकर कांस्य पदक हासिल किया। ऑस्ट्रेलियाई टीम चौथे स्थान पर रही।
- भारत ने क्लासिफिकेशन मैच में जापान और दक्षिण अफ्रीका को हराकर 9वाँ स्थान हासिल किया था।

**प्रतियोगिता में प्रदत्त पुरस्कार निम्नलिखित हैं–**

- **प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट**–निकलस वेलेन (जर्मनी)
- **गोलकीपर ऑफ़ द टूर्नामेंट**– विन्सेंट वनाच (बेल्जियम)
- **यंग प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट**–मुस्तफा कासिम (द. अफ्रीका)
- **शीर्ष गोल स्कोरर**– ज़ेरेमी हेवर्ड (ऑस्ट्रेलिया) **(9 गोल)**
- **फेयर प्ले अवॉर्ड**–बेल्जियम

**अन्य महत्वपूर्ण तथ्य**

- भारत ने चौथी बार हॉकी विश्वकप की मेजबानी की।
- इससे पूर्व भारत वर्ष 1982 में मुम्बई, 2010 में नई दिल्ली तथा 2018 में भुवनेश्वर में हॉकी विश्वकप की मेजबानी कर चुका है।

# चर्चित खिलाड़ी / Players In News

## कौस्तुव चटर्जी : देश के 78वें ग्रांडमास्टर

- कोलकाता के 19 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी कौस्तुव चटर्जी भारत के 78वें ग्रांडमास्टर बन गए हैं।
- उन्होंने 31 दिसम्बर, 2022 को 59वीं राष्ट्रीय सीनियर शतरंज चैम्पियनशिप के 10वें राउण्ड में ग्रैंडमास्टर मित्रभा गुहा के साथ ड्रॉ खेलकर ग्रैंडमास्टर बनने का आखिरी मानक पूरा किया।




कौस्तव चटर्जी

- कौस्तुव ने पहला ग्रैंडमास्टर नॉर्म अक्टूबर 2021 में बांग्लादेश में, जबकि दूसरा नवम्बर 2022 में एशियाई चैम्पियनशिप में हासिल किया था। उन्होंने 2500 फिडे रेटिंग अगस्त 2022 में प्राप्त की।
- कौस्तुव पश्चिम बंगाल से 10वें ग्रैंडमास्टर हैं।
- उल्लेखनीय है कि किसी शतरंज खिलाड़ी को ग्रैंडमास्टर बनने के लिए कम-से-कम 2500 फिडे रेटिंग के साथ कम-से-कम तीन ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल करने होते हैं।

## निखत ज़रीन एमएनडीसी की ब्रांड एम्बेसडर

- हैदराबाद स्थित सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न खनन कम्पनी एनएमडीसी लिमिटेड ने विश्व चैम्पियन मुक्केबाज निखत ज़रीन को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर जनवरी 2023 में किए हैं।




# अद्यतन सामान्य ज्ञान

## निर्वाचन/नियुक्तियाँ/मनोनयन

### राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

#### पंकज कुमार सिंह : उप-राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त

- सीमा सुरक्षा बल के सेवानिवृत्त महानिदेशक पंकज कुमार सिंह को जनवरी 2023 में दो वर्ष की अवधि के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद् सचिवालय में उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया था।
- राजस्थान कैडर के 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी सिंह को पुनर्नियोजन अनुबंध पर नियुक्त किया गया है।
- वह 1959 बैच के सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी प्रकाश सिंह के पुत्र हैं, जो जून, 1993 से जनवरी, 1994 तक बीएसएफ के महानिदेशक रहे थे।
- वर्तमान में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल हैं, जबकि अन्य उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी दत्तात्रेय पडसलगिकर, पूर्व R&AW प्रमुख राजिंदर खन्ना और सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी पंकज सरन हैं।

#### चेतन शर्मा : चयन समिति के अध्यक्ष नियुक्त

- 'भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड' (BCCI) ने 7 जनवरी, 2023 को नई चयन समिति की घोषणा की है, इसमें पूर्व क्रिकेटर चेतन शर्मा को सीनियर क्रिकेट टीम चयन समिति का अध्यक्ष पुनः नियुक्त किया गया है।
- उनके अलावा शिवसुंदर दास, सुब्रतो बनर्जी, सलिल अंकोला और श्रीधरन शरथ को चयन समिति में शामिल किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि टी-20 वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन के बाद बीसीसीआई ने चयन समिति को बर्खास्त कर दिया था। उस समिति के अध्यक्ष भी चेतन शर्मा थे।

#### प्रवीण कुमार श्रीवास्तव : कार्यवाहक मुख्य सतर्कता आयुक्त

- भारत सरकार ने सतर्कता आयुक्त प्रवीण कुमार श्रीवास्तव को कार्यवाहक मुख्य सतर्कता आयुक्त (CVC) 28 दिसम्बर, 2022 को नियुक्त किया है।
- उन्होंने इस पद पर सुरेश एन पटेल का स्थान लिया है, जो 24 दिसम्बर, 2022 को सेवानिवृत्त हुए हैं।

***Salient Point...***

- सतर्कता आयोग की अध्यक्षता सीवीसी करता है और इसमें अधिकतम दो अन्य सतर्कता आयुक्त हो सकते हैं।
- श्रीवास्तव के अलावा, खुफिया ब्यूरो (आईबी) के पूर्व प्रमुख अरविंद कुमार दूसरे सतर्कता आयुक्त हैं।
- सीवीसी और सतर्कता आयुक्त का कार्यकाल चार वर्ष या पद ग्रहण करने से 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक होता है।

### भारतीय/भारतीय मूल के व्यक्तियों की अन्तर्राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

#### डॉ. विनय प्रकाश सिंह : एपीपीयू के महासचिव नियुक्त

- भारतीय डाक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. विनय प्रकाश सिंह ने 'एशियन प्रशांत डाक संघ' (APPU) के महासचिव के तौर पर पद्भार 1 जनवरी, 2023 को ग्रहण किया है।
- यह पहली बार है जब कोई भारतीय डाक क्षेत्र में एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन का नेतृत्व सँभाल रहा है।
- डॉ. विनय प्रकाश का इस पद पर कार्यकाल चार वर्षों का होगा।

**एशियाई प्रशांत डाक संघ(एपीपीयू) : एक नजर में**

- एशियाई प्रशांत डाक संघ(एपीपीयू) एशियाई-प्रशांत क्षेत्र के 32 सदस्यीय देशों का एक अंतर-सरकारी संगठन है।
- एपीपीयू इस क्षेत्र में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यूपीयू) का एकमात्र नियंत्रित संघ है, जो संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है।
- एपीपीयू का लक्ष्य डाक सेवाओं के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना के लिए सदस्य देशों के बीच डाक सम्बन्धों का विस्तार, सुविधा देना और सुधार करना है।
- विभिन्न यूपीयू परियोजनाओं के क्षेत्रीय केन्द्र के रूप में, एपीयूयू यह सुनिश्चित करने में भी अग्रणी भूमिका निभाता है कि यूपीयू की सभी तकनीकी और परिचालन परियोजनाएं इस क्षेत्र में पूरी हो जाएं ताकि क्षेत्र को सर्वोत्तम संभव तरीके से वैश्विक डाक नेटवर्क में एकीकृत किया जा सके।
- महासचिव डाक संघ की गतिविधियों का नेतृत्व करते हैं और एशियन पैसिफिक पोस्टल कॉलेज (एपीपीसी) के निदेशक भी हैं जो इस क्षेत्र का सबसे बड़ा अंतर-सरकारी डाक प्रशिक्षण संस्थान है।
- **मुख्यालय** : बैंकॉक (थाईलैण्ड)

### अन्तर्राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

#### क्रिस हिपकिंस : न्यूजीलैंड के नए प्रधानमंत्री

- न्यूजीलैण्ड के पुलिस, शिक्षा और सार्वजनिक सेवा मंत्री क्रिस हिपकिंस ने देश के 41वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ 25 जनवरी, 2023 को ग्रहण की।

- ✓ *न्यूजीलैण्ड की राजधानी वेलिंग्टन में आयोजित एक समारोह में गवर्नर सिंडी किरो ने हिपकिंस को प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ दिलाई।*
- उन्होंने इस पद पर जैसिंडा अर्डर्न का स्थान लिया है।
  - ✓ *लेबर पार्टी के नेता जैसिंडा ने 19 जनवरी, 2023 को न्यूजीलैण्ड के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।*
- 44 वर्षीय हिपकिंस ने न्यूजीलैण्ड की कोविड-19 (Covid-19) रणनीति का नेतृत्व करने वाले मंत्री के रूप में प्रतिष्ठा बनाई थी। कोविड प्रबंधन में उनकी अहम भूमिका की काफी सराहना हुई थी।

## पेट्र पावेल : चेक गणराज्य के नए राष्ट्रपति

- उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सैन्य समिति के पूर्व अध्यक्ष पेट्र पावेल (Petr Pavel) 28 जनवरी, 2023 को चेक गणराज्य के नए राष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं।
- पेट्र पावेल ने अपने प्रतिद्वंदी और विवादास्पद राष्ट्रपति मिलोस जमैन (Miloš Zeman) को बदलने के लिए एक रन-ऑफ वोट में आंद्रेज बैबिस (Andrej Babiš) को पराजित किया।
- राष्ट्रपति चुनाव में जनरल पावेल को 58.33 प्रतिशत वोट मिले जबकि आंद्रेज बेबिस के पक्ष में 41.67 प्रतिशत मत पड़े।
- सेवानिवृत्त जनरल पेट्र पावेल विवादास्पद मौजूदा राष्ट्रपति मिलोस जमैन का स्थान लेंगे।

## अन्य प्रमुख नियुक्तियाँ (राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय)

### राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

- **प्रो. भरत भास्कर :** निदेशक, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट अहमदाबाद; नियुक्ति : जनवरी, 2023
  - ✓ *1 मार्च, 2023 को पद्भार ग्रहण करेंगे।*
- **शामल पटेल :** अध्यक्ष, गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) ; निर्विरोध निर्वाचन : 24 जनवरी, 2023
  - ✓ *गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (GCMMF) अमूल ब्रॉन्ड की मार्केटिंग करती है।*
- **विक्रम देव दत्त :** महानिदेशक, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) ; निर्विरोध निर्वाचन : जनवरी, 2023
  - ✓ *विक्रम देव दत्त ने 28 फरवरी, 2023 को इस पद पर अरुण कुमार का स्थान लेंगे।*
  - ✓ *नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) नागर विमानन क्षेत्र में नियामक निकाय है जो कि मुख्यत: संरक्षा सम्बन्धी मामलों को देखती है।*
- **निक वॉकर :** मुख्य कार्यपालक अधिकारी (CEO), केयर्न ऑयल एण्ड गैस (वेदांता समूह की कम्पनी) ; नियुक्ति : जनवरी, 2023
  - ✓ *केयर्न ऑयल एण्ड गैस भारत में सबसे बड़ा निजी कच्चा तेल उत्पादक है।*
- **प्रवीण शर्मा :** निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन) ; नियुक्ति : जनवरी, 2023
  - ✓ *राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) भारत की प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा/आश्वासन योजना 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना' को लागू करने के लिए जिम्मेदार शीर्ष निकाय है।*
- **ए. शान्ति कुमारी :** मुख्य सचिव , तेलंगाना सरकार ; नियुक्ति : जनवरी, 2023
  - ✓ *1989 बैच की आईएएस अधिकारी ए. शान्ति कुमारी तेलंगाना की पहली महिला मुख्य सचिव हैं।*
- **अनुराग कुमार :** अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इण्डिया लि. (ECIL); नियुक्ति : जनवरी, 2023
- **सुरिंदर चावला :** प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि.(PPBL); नियुक्ति : जनवरी, 2023
- **संयम मेहरा :** चेयरमैन, अखिल भारतीय रत्न और आभूषण घरेलू परिषद् (GJC) ; नियुक्ति : जनवरी, 2023
- **अजय कुमार श्रीवास्तव :** प्रबन्ध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, इंडियन ओवरसीज बैंक (IOB) ; नियुक्ति प्रभावी : 1 जनवरी, 2023

### अन्तर्राष्ट्रीय नियुक्तियाँ


- **क्लेयर लोम्बार्डेली :** मुख्य अर्थशास्त्री, आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD) ; नियुक्ति : जनवरी, 2023
  - ✓ *यूके ट्रेजरी सलाहकार लोम्बार्डेली इस पद पर फ्रांस की लॉरेंस बून की जगह ओईसीडी के आर्थिक कार्यों का नेतृत्व करेंगी।*
- **रवि कुमार एस :** सीईओ और बोर्ड के सदस्य, कॉग्निजेंट (Cognizant); नियुक्ति : जनवरी, 2023
  - ✓ *कॉग्निजेंट अमेरिका की एक बहुराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी सेवा और परामर्श कम्पनी है। यह नॉस्डेक-100 में शामिल है तथा CTSH के तहत् कारोबार करता है।*

## जनवरी 2023 में पद ग्रहण करने वाले प्रमुख राजनेता (अन्तर्राष्ट्रीय)

- **ल्यूज़ इनासियो लूला द सिल्वा (Luiz Inácio Lula da Silva) :** राष्ट्रपति, ब्राजील (पद्भार ग्रहण : 1 जनवरी, 2023)।
- **एलेन क्लॉड बिली बाई न्जे (Alain Claude Bilie By Nze) :** प्रधानमंत्री, गेबॉन (पद्भार ग्रहण : 9 जनवरी, 2023)।
- **वो थी एन्ह जुयान (Võ Thị Ánh Xuân) :** कार्यवाहक राष्ट्रपति, वियतनाम (पद्भार ग्रहण : 18 जनवरी, 2023)।
- **बोरजाना क्रिस्टो (Borjana Krišto) :** प्रधानमंत्री, बोस्निया एण्ड हर्जेगोविना (पद्भार ग्रहण : 25 जनवरी, 2023)।
- **क्रिस हॉपकिंस (Chris Hipkins) :** प्रधानमंत्री, न्यूजीलैण्ड (पद्भार ग्रहण : 25 जनवरी, 2023)।


# निधन

## बालकृष्ण दोशी


बालकृष्ण दोशी

- वास्तुकला का सर्वोच्च सम्मान प्रित्जकर पुरस्कार जीतने वाले भारतीय आर्किटेक्ट बालकृष्ण विट्ठलदास दोशी का 24 जनवरी, 2022 को 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
  - ✓ *बालकृष्ण दोशी का जन्म 26 अगस्त, 1927 को पुणे (महाराष्ट्र) में हुआ था।*
- बालकृष्ण दोशी को मई 2022 में रॉयल गोल्ड से सम्मानित किया गया था।
  - ✓ *बीवी दोशी उन कुछ चुनिंदा लोगों में से थे जिन्हें गोल्ड मेडल और प्रित्जकर आर्किटेक्चर पुरस्कार दोनों से सम्मानित किया गया था।*
  - ✓ *प्रित्जकर को वास्तुकला के क्षेत्र में नोबल भी कहा जाता है।*
- दोशी की वास्तुकला भारत की कुछ सबसे प्रतिष्ठित इमारतों में देखी जाती है, जिसमें बेंगलुरू और उदयपुर में भारतीय प्रबंधन संस्थान, दिल्ली में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, अहमदाबाद में अमदवाद नी गुफा भूमिगत गैलरी, पर्यावरण योजना और प्रौद्योगिकी केन्द्र, टैगोर मेमोरियल हॉल, इंडोलॉजी संस्थान और प्रेमाभाई हॉल और निजी निवास कमला हाउस शामिल हैं।
- **पुरस्कार एवं सम्मान :** रॉयल गोल्ड मेडल (2022), पद्म भूषण (2022), प्रित्जकर आर्किटेक्चर प्राइज़ (2018), ऑफिसर ऑफ़ द ऑर्डर ऑफ़ आर्ट्स एण्ड लेटर्स फ्रांस (2011)।

## प्रख्यात असमिया कवि नीलमणि फूकन का निधन


**कवि नीलमणि फूकन**

- प्रख्यात असमिया कवि तथा साहित्य अकादमी के महत्तर सदस्य नीलमणि फूकन का 19 जनवरी, 2023 को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे।
- 1933 में जन्मे नीलमणि फूकन को उनकी कविता के अद्भुत प्रतीकवाद और कल्पनात्मक गुणों के लिए जाना जाता था। हालाँकि वे उन कवियों के समूह में सबसे कम आयु के थे जिन्होंने फ्रांसीसी प्रतीकवादी कवियों के साथ-साथ पश्चिम के कल्पनावादियों और औपचारिकताओं से प्रभावित होकर द्वितीय विश्व युद्ध के बाद स्वयं को असम में स्थापित किया।
- **उनके उल्लेखनीय कविता-संग्रह हैं–** 'सूर्य हेने नामी अहे एइ नदियेदी', 'निरजंतर शब्द', 'अरु की नईशब्द', 'फूली ठाका सूर्य मुखी', 'काइंत', 'गल्प अरु काइंत', 'कोबिता' आदि।
- **पुरस्कार एवं सम्मान**–पद्मश्री (1990), 56वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार (2021), साहित्य अकादमी पुरस्कार (1981; कोबिता के लिए)।
  - ✓ *साहित्य अकादमी ने 2022 में नीलमणि फूकन को अपना सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान महत्तर सदस्यता प्रदान किया था।*

## अन्य प्रमुख दिवंगत हस्तियाँ

- **एयर मार्शल हरजीत सिंह अरोड़ा :** वायु सेना के पूर्व उप-प्रमुख (निधन : 21 जनवरी, 2023); आयु : 61 वर्ष।
  - ✓ *वायु सेना के पूर्व उप-प्रमुख एयर मार्शल अरोड़ा 30 जून, 2021 को सेवानिवृत्त हुए थे।*
  - ✓ *वह जनवरी 2011 में अति विशिष्ट सेवा पदक और जनवरी 2020 में परम विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित थे।*
- **प्रभाबेन शोभगचंद शाह :** सामाजिक कार्यकर्ता (निधन : 18 जनवरी, 2023); आयु : 61 वर्ष।
  - ✓ *वह केन्द्रशासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव की एक सामाजिक कार्यकर्ता थीं।*
  - ✓ *उन्हें 'दमन की दिव्या' के नाम से भी जाना जाता था।*
  - ✓ *वर्ष 2022 में पद्मश्री से सम्मानित।*
- **एडी दामोदरन् :** परमाणु वैज्ञानिक (निधन : 13 जनवरी, 2023); आयु : 87 वर्ष।
  - ✓ *प्रसिद्ध वैज्ञानिक और वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर) के पूर्व निदेशक।*
- **नवाब मीर बरकत अली खान वालाशन मुकर्रम जाह :** हैदराबाद के आखिरी और 8वें निजाम (निधन : 15 जनवरी, 2023); आयु : 89 वर्ष; इस्तांबुल (तुर्की)।
  - ✓ *उनकी अन्तिम इच्छा के अनुसार उन्हें सुपुर्द-ए-खाक 18 जनवरी, 1923 हैदराबाद में किया गया।*
  - ✓ ***जन्म** : 6 अक्टूबर, 1933*
  - ✓ *1967 में हैदराबाद के अंतिम पूर्व शासक मीर उस्मान अली खान के निधन पर मुकर्रम जाह आठवें निजाम बने थे।*
  - ✓ *उनकी माँ राजकुमारी दुर्रु शेवार तुर्की (ओटोमन साम्राज्य) के आखिरी सुल्तान अब्दुल मजीद द्वितीय की बेटी थीं।*
- **जीना लोलोब्रिगिडा :** इटालियन अभिनेत्री (निधन : 16 जनवरी, 2023); आयु : 95 वर्ष; रोम (इटली)।
  - ✓ *उन्हें 20वीं सदी की मोनालिसा कहा जाता था।*
  - ✓ *जीना को उस जमाने में उनकी एक फिल्म के टाइटल (The World's Most Beautiful Woman) की वजह से **'दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला'** के टाइटल से भी नवाजा गया था।*
- **कॉन्स्टेंटाइन द्वितीय :** यूनान के पूर्व और अन्तिम राजा (निधन : 10 जनवरी, 2023); आयु : 82 वर्ष; एथेंस (ग्रीस)।
  - ✓ *वर्ष 1964 में 23 वर्ष की आयु में कॉन्स्टेंटाइन द्वितीय के तौर पर उन्होंने सिंहासन ग्रहण किया था।*
  - ✓ *वह वर्ष 1960 के रोम ओलम्पिक में नौकायन में स्वर्ण पदक जीतकर लोकप्रिय हो गए, बाद में वह राजा बने।*

- **प्रोफेसर रहमान राही :** प्रसिद्ध कवि (निधन : 9 जनवरी, 2023); आयु : 98 वर्ष; एथेंस (ग्रीस)।
  - ✓ *रहमान राही को 1961 में उनके कविता संग्रह 'नवरोज़-ए-सबा' के लिए साहित्य अकादमी अवॉर्ड मिला।*
  - ✓ *वहीं उन्हें देश के सर्वोच्च साहित्य पुरस्कार 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' से वर्ष 2007 में उनके कविता संग्रह 'सियाह रूद ज़रीन मंज़' के लिए नवाज़ा जा चुका है। वह कश्मीर के पहले ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता हैं।*
  - ✓ *वर्ष 2000 में उन्हें 'पद्मश्री पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।*
- **डॉ. टेडेम्टन ई उदवाडिया :** भारत में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के जनक (निधन : 7 जनवरी, 2023); आयु : 88 वर्ष; मुम्बई।
  - ✓ *डॉ. उदवाडिया को वर्ष 2017 में देश के तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।*
- **पंडित केशरीनाथ त्रिपाठी :** बंगाल के पूर्व राज्यपाल और वरिष्ठ भाजपा नेता (निधन : 8 जनवरी, 2023); आयु : 88 वर्ष।
  - ✓ *वह इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील और संविधान विशेषज्ञ थे।*
- **जियानलुका वियाली :** इटली के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी (निधन : 6 जनवरी, 2023); आयु : 58 वर्ष।
- **सुमित्रा सेन :** रविन्द्र संगीत की प्रख्यात गायिका (निधन : 3 जनवरी, 2023); आयु : 89 वर्ष।
- **आर.के. कृष्णकुमार :** टाटा संस के पूर्व निदेशक (निधन : 1 जनवरी, 2023); आयु : 84 वर्ष।
  - ✓ *वर्ष 2009 में पद्मश्री से सम्मानित।*
- **पोप बेनेडिक्ट-XVI :** पूर्व कैथोलिक पोप (निधन : 31 दिसम्बर, 2022); आयु : 95 वर्ष; वेटिकन।
  - ✓ *बेनेडिक्ट को वर्ष 2005 में वेटिकन सिटी का पोप चुना गया था। वर्ष 2013 में उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।*
  - ✓ *वर्ष 1415 में ग्रेगरी XII के बाद इस्तीफा देने वाले वह पहले पोप बने थे।*
- **रोनाल्ड ई अशर :** द्रविड़ भाषाओं के विशेषज्ञ और ब्रिटिश भाषाविद् (निधन : 26 दिसम्बर, 2022); आयु : 96 वर्ष; लंदन।

## चर्चित व्यक्ति

### मैथिली ठाकुर : चुनाव आयोग की बिहार में स्टेट आईकॉन

- भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार की लोक गायिका मैथिली ठाकुर को बिहार में अपना स्टेट आइकॉन बनाया है।
- उन्हें स्टेट आइकॉन बनाने का प्रस्ताव बिहार राज्य निर्वाचन कार्यालय ने दिया था।
- मैथिली ठाकुर 2024 लोकसभा चुनाव से पहले मतदाताओं के बीच जागरूकता अभियान चलाएँगी।
- उल्लेखनीय है कि इससे पहले वर्ष 2019 में मैथिली और उनके दो भाइयों को चुनाव आयोग द्वारा **मधुबनी का ब्रांड एंबेसडर** बनाया गया था।

## चर्चित स्थल

### सम्मेद शिखरजी पर्वत क्षेत्र

- सम्मेद शिखरजी पर्वत क्षेत्र को अन्तर्राष्ट्रीय महत्व वाला अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल घोषित किए जाने के खिलाफ जैन समाज के विरोध के पश्चात् केन्द्र सरकार ने यहाँ पर पर्यटन, इको टूरिज्म गतिविधियों को लागू करने पर तत्काल रोक लगा दी है।
- उल्लेखनीय है कि पारसनाथ डब्ल्यूएल अभयारण्य की स्थापना तत्कालीन बिहार राज्य द्वारा 1984 में वन्यजीव संरक्षण कानून, 1972 के प्रावधानों के तहत् की गई थी, जबकि पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र (ईएसजैड) को पर्यावरण (संरक्षण) कानून, 1986 के प्रावधानों के तहत् भारत सरकार ने झारखण्ड सरकार के साथ परामर्श से 2019 में अधिसूचित किया था।
- सम्मेद शिखरजी झारखण्ड के गिरिडीह जिले में पारसनाथ की पहाड़ी में स्थित है।

## दिवस/सप्ताह/वर्ष

- **विश्व पारिवारिक दिवस :** 1 जनवरी
  - ✓ *इस वर्ष की थीम है– 'परिवार एक साथ : एक उज्ज्वल भविष्य के लिए लचीलापन निर्माण'*
- **विश्व ब्रेल दिवस :** 4 जनवरी
- **युद्ध अनाथों का विश्व दिवस :** 6 जनवरी
- **प्रवासी भारतीय दिवस :** 9 जनवरी
  - ✓ *वर्ष 1915 में 9 जनवरी को महात्मा गांधी स्वदेश लौटे थे। इस उपलक्ष्य में वर्ष 2003 से प्रतिवर्ष 9 जनवरी को 'प्रवासी भारतीय दिवस' मनाया जाता है।*
- **विश्व हिन्दी दिवस :** 10 जनवरी
  - ✓ *हिन्दी भाषा के विश्व-स्तर पर प्रचार-प्रसार और बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2006 से प्रतिवर्ष 10 जनवरी को 'विश्व हिन्दी दिवस' मनाया जाता है।*
  - ✓ *इस वर्ष के विश्व हिन्दी दिवस की थीम है– 'हिन्दी को जनमत की भाषा बनाना, बगैर उनकी मातृभाषा की महत्ता को भूले'।*
- **पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि :** 11 जनवरी
- **राष्ट्रीय मानव तस्करी जागरूकता दिवस :** 11 जनवरी
- **स्वामी विवेकानन्द का जन्म-दिवस (युवा दिवस) :** 12 जनवरी
  - ✓ *इस वर्ष प्रसिद्ध समाज सुधारक, दार्शनिक और सुप्रसिद्ध विचारक स्वामी विवेकानन्द की 160वीं जयंती मनाई गई।*
  - ✓ *स्वामी विवेकानन्द की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 12 जनवरी को 'राष्ट्रीय युवा दिवस' मनाया जाता है।*

- ✓ ***राष्ट्रीय युवा दिवस** 2023 **की थीम** –'विकसित युवा विकसित भारत'।*
- ✓ *खेतड़ी के महाराजा अजीत सिंह ने उन्हें स्वामी विवेकानन्द की उपाधि प्रदान की थी।*

- **सशस्त्र बल सेवानिवृत्त सैनिक दिवस :** 14 जनवरी
  - ✓ *भारतीय सशस्त्र बलों ने 14 जनवरी, 2023 को 7वाँ सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस मनाया।*
  - ✓ *भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल केएम करियप्पा ओबीई वर्ष 1953 में इसी दिन सेवानिवृत्त हुए थे। उनके द्वारा प्रदान की गई सेवाओं का स्मरण करने और उन्हें सम्मान देने के उद्देश्य से पूर्व सैनिक दिवस मनाया जाता है।*
- **भारतीय सेना दिवस :** 15 जनवरी
  - ✓ *15 जनवरी, 2023 को देशभर में '75वाँ सेना दिवस' मनाया गया।*
- **(51वाँ) मेघालय, मणिपुर और त्रिपुरा का स्थापना दिवस :** 21 जनवरी
  - ✓ *21 जनवरी, 1972 को यह तीनों राज्य उत्तर-पूर्वी क्षेत्र अधिनियम (पुनर्गठन), 1971 के तहत् पूर्ण राज्य बने।*
- **पराक्रम दिवस :** 23 जनवरी
  - ✓ *देश के स्वतंत्रता सेनानी और आजाद हिन्द फौज के जनक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती 23 जनवरी, 2023 को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाया गया।*
  - ✓ *इस वर्ष नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 126वीं जयंती है।*
  - ✓ *इससे पहले केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय ने नेताजी का जन्मदिन 23 जनवरी को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय जनवरी 2021 में लिया था तथा इस सम्बन्ध में मंत्रालय की ओर से इसकी अधिसूचना 19 जनवरी, 2021 को जारी की गई।*
- **राष्ट्रीय बालिका दिवस :** 24 जनवरी
  - ✓ *वर्ष 2023 को 15वाँ राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया।*
- **अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस :** 24 जनवरी
  - ✓ *5वें अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस की थीम है–'लोगों में निवेश, शिक्षा को प्राथमिकता देना' (To Invest in People, Prioritize Education)।*
- **राष्ट्रीय पर्यटन दिवस :** 25 जनवरी
  - ✓ *वर्ष 2023 के राष्ट्रीय पर्यटन दिवस की थीम **'ग्रामीण और सामुदायिक केन्द्रित पर्यटन'** है।*
- **हिमाचल प्रदेश पूर्ण राज्यत्व दिवस :** 25 जनवरी
  - ✓ *देश के 18वें राज्य के रूप में हिमाचल प्रदेश 25 जनवरी, 1971 को अस्तित्व में आया था।*
  - ✓ *हिमाचल प्रदेश में 53वाँ पूर्ण राज्यत्व दिवस धूमधाम से मनाया गया।*
- **राष्ट्रीय मतदाता दिवस :** 25 जनवरी
  - ✓ *देशभर में 13वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी, 2023 को मनाया गया।*
  - ✓ *वर्ष 2023 के राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम : 'वोटिंग बेमिसाल है, मैं अवश्य वोट देता हूँ' ।*
- **भारत का गणतंत्र दिवस :** 26 जनवरी
  - ✓ *26 जनवरी, 2023 को देशभर में 74वाँ गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया।*
  - ✓ *74वें गणतंत्र दिवस की थीम 'जन भागीदारी' रखी गई।*
- **अन्तर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस :** 26 जनवरी
  - ✓ *इस दिवस की शुरुआत 1983 में यूरोपीय देशों द्वारा की गई थी। इस दिवस की स्थापना सीमा शुल्क सहयोग परिषद् द्वारा की गई थी।*
- **अन्तर्राष्ट्रीय प्रलय स्मरण दिवस :** 27 जनवरी
  - ✓ *यह दिवस 1941 से 1945 के मध्य होलोकॉस्ट (नाजी जर्मनी द्वारा यूरोपीय यहूदियों के नरसंहार) के पीड़ितों की याद दिलाता है।*
- **डेटा गोपनीयता दिवस :** 28 जनवरी
  - ✓ *इस वर्ष 'डेटा गोपनीयता दिवस' की थीम 'निजता के बारे में पहले सोचें' (Think Privacy First) है।*
- **राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) :** 30 जनवरी
- **कुष्ठ रोग निवारण दिवस :** 30 जनवरी
- **विश्व उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग दिवस :** 30 जनवरी

## विभिन्न संस्थानों के स्थापना दिवस

- **रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) का स्थापना दिवस :** 1 जनवरी
  - ✓ *डीआरडीओ ने 1 जनवरी, 2023 को अपना 65वाँ स्थापना दिवस मनाया।*
  - ✓ *वर्तमान में डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत हैं।*
- **भारतीय मानक ब्यूरो का स्थापना दिवस :** 6 जनवरी
  - ✓ *भारतीय मानक ब्यूरो ने 6 जनवरी, 2023 को अपना 76वाँ स्थापना दिवस मनाया।*
- **भारतीय खाद्य निगम का स्थापना दिवस :** 14 जनवरी
  - ✓ *14 जनवरी, 2023 को देशभर में भारतीय खाद्य निगम ने अपना 59वाँ स्थापना दिवस मनाया।*
- **भारत मौसम विज्ञान विभाग का स्थापना दिवस :** 15 जनवरी
  - ✓ *15 जनवरी, 2023 को भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अपना 148वाँ स्थापना दिवस मनाया।*
  - ✓ *पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा इस दिवस का आयोजन किया जाता है।*
- **राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) का स्थापना दिवस :** 19 जनवरी
  - ✓ *एनडीआरएफ ने अपना 18वाँ स्थापना दिवस 19 जनवरी, 2023 को मनाया।*

## महत्वपूर्ण सप्ताह

- **स्टार्ट-अप इण्डिया इनोवेशन वीक :** 10-16 जनवरी, 2023
  - ✓ *उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) और वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय ने 10-16 जनवरी, 2023 के दौरान पहली बार देश में 'स्टार्ट-अप इण्डिया इनोवेशन वीक' का आयोजन किया।*
  - ✓ *16 जनवरी, 2023 को राष्ट्रीय स्टार्ट-अप दिवस देशभर में मनाया गया। उल्लेखनीय है कि 'स्टार्ट-अप इंडिया' की शुरुआत 10 जनवरी, 2016 को हुई थी। इसलिए इस दिन को 'राष्ट्रीय स्टार्ट-अप दिवस' मनाया जाता है।*

## चर्चित पुस्तकें

- रिवोल्यूशनरीज : द अदर स्टोरी ऑफ़ हाउ इंडिया वन इट्स फ्रीडम (Revolutionaries : The other story of how India won its freedom) **–संजीव सान्याल**
  - ✓ *केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 11 जनवरी, 2023 को इस पुस्तक का विमोचन किया।*
- चीफ मिनिस्टर्स डायरी नं. 1 (Chief Minister's Diary No.1) **–हेमंत बिस्वा सरमा**
  - ✓ *भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और राज्यसभा के सदस्य रंजन गोगोई ने असम के सीएम हेमंत बिस्वा सरमा की डायरी 'चीफ मिनिस्टर्स डायरी नं. 1' का विमोचन किया।*
- अनजान साक्षी **–प्रो. केके अब्दुल गफ्फार**
  - ✓ *टेक्नो-एजुकेशनलिस्ट (Techno-educationalist) प्रो. केके अब्दुल गफ्फार की आत्मकथा 'अनजान साक्षी' का विमोचन भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने किया।*
- जादूनामा **–अरविन्द मंडलोई**
  - ✓ *लेखक-गीतकार जावेद अख्तर पर लिखी गई पुस्तक।*
- स्पेयर (Spare) **–प्रिंस हैरी**
  - ✓ *ब्रिटिश शाही परिवार के सदस्य प्रिंस हैरी, ड्यूक ऑफ़ ससेक्स ने 'स्पेयर' शीर्षक से अपना संस्मरण जारी किया है।*
  - ✓ *यह पुस्तक अमेरिकी उपन्यासकार जे आर मोहरिंगर की सहायता से लिखी गई थी।*
- ब्रेविंग ए वायरल स्टॉर्म : इण्डियाज कोविड-19 वैक्सीन स्टोरी (Braving a Viral Storm : India's Covid-19 Vaccine Story) **–आशीष चांदोरकर और सूरज सुधीर**
  - ✓ *केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने इस पुस्तक का 11 जनवरी, 2023 को नई दिल्ली में विमोचन किया।*
  - ✓ *पुस्तक में टीकाकरण में भारत की प्रगति का वर्णन है।*
  - ✓ *केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने इस किताब की प्रस्तावना लिखी है, जबकि सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ़ इण्डिया के सीईओ अदार पूनावाला ने समापन लिखा है।*
- इरफान खान : ए लाइफ इन मूवीज (Irrfan Khan : A Life in Movies) **–शुभ्रा गुप्ता**
  - ✓ *पुस्तक में फिल्म समीक्षक शुभ्रा गुप्ता ने अभिनेता की कला, शिल्प और विरासत पर बातचीत में निर्देशक मीरा नायर, विशाल भारद्वाज और अनुराग बसु सहित प्रमुख लोगों को शामिल किया है।*
- इंडियाज नॉलेज सुप्रीमेसी : द न्यू डॉन (India's Knowledge Supremacy : The New Dawn) **–डॉ. अश्विन फर्नांडीस**
- धार्मिक नेशन : फ्रीइंग भारत, रिमेकिंग इंडिया (DHARMIC NATION : Freeing Bharat, Remaking India) **–आर. जगन्नाथन**

## सम्मेलन/बैठक/कॉन्फ्रेंस

### 108वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस

- 108वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस का आयोजन 3 जनवरी, 2023 से राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय (आरटीएमएनयू), महाराष्ट्र में किया गया।
- पाँच दिवसीय आयोजन का उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 3 जनवरी, 2023 को किया।
- इस वर्ष भारतीय विज्ञान कांग्रेस की थीम **'महिला सशक्तीकरण के साथ सतत् विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी'** (Science and Technology for Sustainable Development with Women Empowerment) थी।
- 108वीं इंडियन साइंस कांग्रेस (ISC) का नेतृत्व महिला वैज्ञानिक **डॉ. विजय लक्ष्मी सक्सेना ने किया।**
  - ✓ *भारतीय विज्ञान कांग्रेस के इतिहास में डॉ. विजय लक्ष्मी सक्सेना पाँचवीं महिला हैं, जिन्होंने जनरल प्रेसिडेंट का पद सँभाला है।*
  - ✓ *आशिमा चटर्जी भारतीय विज्ञान कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्षा थीं। उन्होंने सन् 1975 में आयोजित भारतीय विज्ञान कांग्रेस की अध्यक्षता की थी। इसके बाद अर्चना शर्मा (सन् 1987), मंजू शर्मा (सन् 1999) एवं योगिता वाली (सन् 2012) भारतीय विज्ञान कांग्रेस की अध्यक्षा चुनी गईं।*

**Salient Point...**

- ➢ वर्ष 1914 में स्थापित भारतीय विज्ञान कांग्रेस भारतीय वैज्ञानिकों की शीर्ष संस्था है। इसकी स्थापना भारत में विज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी।
- ➢ भारतीय विज्ञान कांग्रेस का पहला अधिवेशन 15-17 जनवरी, 1914 को आयोजित हुआ था। पहले विज्ञान सत्र की अध्यक्षता तत्कालीन कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति आशुतोष मुखर्जी ने की थी।

### प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन-2023

- 17वाँ प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 2023 का आयोजन मध्य प्रदेश सरकार की मेजबानी में 8-10 जनवरी, 2023 को इंदौर में किया गया।
- इस वर्ष पीबीडी सम्मेलन का विषय 'प्रवासी : अमृत काल में भारत की प्रगति में विश्वसनीय भागीदार' था।

- प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन तीन खण्डों में आयोजित किया गया।
  - ✓ *8 जनवरी, 2023 को पहले खण्ड में **युवा प्रवासी दिवस** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के सहयोग से ऑस्ट्रेलिया के सांसद सुश्री जनेटा मैस्करेनहास के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।*
  - ✓ *दूसरे खण्ड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 9 जनवरी को पीबीडी सम्मेलन का उद्‌घाटन किया।*
    - ✸ *सम्मेलन में गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफ़ान अली मुख्य अतिथि तथा सूरीनाम गणराज्य के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी विशेष सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए।*
  - ✓ *वहीं अंतिम खण्ड में 10 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने समापन सत्र की अध्यक्षता की तथा प्रवासी भारतीय दिवस सम्मान पुरस्कार-2023 प्रदान किए।*
  - ✓ *17वें प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर 9 जनवरी को सुरक्षित और कानूनी प्रवासन के लिए समर्पित एक डाक टिकट **'सुरक्षित जाएँ, प्रशिक्षित जाएँ'** जारी किया गया।*
  - ✓ *प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार चुनिंदा भारतीय प्रवासी सदस्यों को उनकी उपलब्धियों को पहचानने और विभिन्न क्षेत्रों में, भारत और विदेश दोनों में उनके योगदान का सम्मान करने के लिए प्रदान किए जाते हैं।*

**Salient Point...**

- ➢ प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन भारत सरकार का प्रमुख कार्यक्रम है।
- ➢ यह विदेशों में रहने वाले भारतीयों के साथ जुड़ने और सम्पर्क स्थापित करने तथा प्रवासी भारतीयों को एक-दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है।

## अन्य प्रमुख सम्मेलन : एक नजर में

- **83वाँ अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन**
  - ✓ ***आयोजन तिथि**: 9-11 जनवरी, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल**: जयपुर (राजस्थान)*
  - ✓ ***उद्‌घाटनकर्ता:** उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने उद्‌घाटन सत्र को सम्बोधित किया।*
  - ✓ ***महत्वपूर्ण बिन्दु***
    - ✸ *अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन भारत में विधानसभाओं का शीर्ष निकाय है जिसने 2021 में अपने 100 वर्ष पूरे कर लिए हैं।*
    - ✸ *पहला सम्मेलन 1921 में शिमला में आयोजित किया गया था।*

- अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का यह सम्मेलन राजस्थान में चौथी बार आयोजित किया गया। इससे पहले राजस्थान में इस प्रकार के सम्मेलन निम्न समयावधि में आयोजित किए गए थे–
  - ✸ 23वाँ सम्मेलन : 14–16 अक्टूबर, 1957
  - ✸ 44वाँ सम्मेलन : 21–22 अक्टूबर, 1978
  - ✸ 76वाँ सम्मेलन : 21–22 सितम्बर, 2011

- **पुलिस महानिदेशकों/महानिरीक्षकों का अखिल भारतीय सम्मेलन-2022**
  - ✓ ***आयोजन तिथि**: 20-22 जनवरी, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल**: राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर, पूसा, नई दिल्ली*
  - ✓ ***महत्वपूर्ण**:*
    - ✸ *प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21-22 जनवरी, 2023 को इस सम्मेलन में शामिल हुए।*

**Salient Point...**

- ➢ प्रधानमंत्री ने वर्ष 2014 से ही पूरे देश में वार्षिक डीजीपी सम्मेलनों का आयोजन किए जाने को भी प्रोत्साहित किया है।
- ➢ यह सम्मेलन वर्ष 2014 में गुवाहाटी में; वर्ष 2015 में धोरडो, कच्छ का रण में; वर्ष 2016 में राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में; वर्ष 2017 में बीएसएफ अकादमी, टेकनपुर में; वर्ष 2018 में केवड़िया में; वर्ष 2019 में आईआईएसईआर, पुणे में और वर्ष 2021 में पुलिस मुख्यालय, लखनऊ में आयोजित किया गया था।

- **मुख्य सचिवों का दूसरा राष्ट्रीय सम्मेलन-2023**
  - ✓ ***आयोजन तिथि**: 6-7 जनवरी, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल**: नई दिल्ली*
  - ✓ ***महत्वपूर्ण**:*
    - ✸ *प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्मेलन को 7 जनवरी को सम्बोधित किया।*
    - ✸ *इस तीन दिवसीय सम्मेलन का केन्द्रीय विषय राज्यों की साझेदारी के साथ तेज और सतत् आर्थिक विकास हासिल करना था।*

**Salient Point...**

- ➢ केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच साझेदारी में गति लाने के लिए यह एक और पहल की जा रही है। मुख्य सचिवों का इस तरह का पहला सम्मेलन जून 2022 में धर्मशाला में आयोजित किया गया था।

- **जल संरक्षण के विषय पर राज्यों के मंत्रियों का प्रथम अखिल भारतीय वार्षिक सम्मेलन**
  - ✓ ***आयोजन तिथि**: 5-6 जनवरी, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल**: भोपाल (मध्य प्रदेश)*
  - ✓ ***प्रतिभागी:** सभी राज्यों के जल संसाधन मंत्री*
  - ✓ ***सम्मेलन का विषय:** वाटर विजन @ 2047*
  - ✓ ***फोरम का उद्देश्य:***
    - ✸ *सतत् विकास और मानव विकास के लिए जल संसाधनों के दोहन के तरीकों पर चर्चा के लिए प्रमुख नीति-निर्माताओं को एक साथ लाना है।*

- **11वाँ जैव ऊर्जा शिखर सम्मेलन-2023**
  - ✓ ***आयोजन तिथि**: 12 जनवरी, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल**: नई दिल्ली*
  - ✓ ***थीम**: 'ऊर्जा पारेषण-एक सतत् भविष्य के लिए समाधान'*
  - ✓ ***उद्देश्य:** शिखर सम्मेलन नव अन्वेषकों को एक अवसर प्रदान करने और भविष्य के लिए स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा समाधानों का एक विकल्प प्रदान करने के लिए आयोजित किया गया।*

- **जाँच एजेंसियों के प्रमुखों का तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन-2023**
  - ✓ ***आयोजन तिथि*** *: 5-6 जनवरी, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल*** *: जयपुर (राजस्थान)*
  - ✓ ***आयोजनकर्ता*** *: पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो*
  - ✓ ***उद्घाटनकर्ता*** *: केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय द्वारा।*
  - ✓ ***उद्देश्य*** *: पुलिस के आधुनिकीकरण पर फोकस*
- **सहकार लाभार्थी सम्मेलन-2022**
  - ✓ ***आयोजन तिथि*** *: 30 दिसम्बर, 2022*
  - ✓ ***आयोजन स्थल*** *: बेंगलुरू (कर्नाटक)*

### आगामी सम्मेलन

- **14वाँ विश्व मसाला कांग्रेस-2023**
  - ✓ ***आयोजन तिथि*** *: 16-18 फरवरी, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल*** *: मुम्बई*
  - ✓ ***आयोजनकर्ता*** *: मसाला बोर्ड*
  - ✓ ***थीम*** *: विजन 2030 : एस-पी-आई-सी-ई-एस (सस्टेनेबिलिटी, प्रोडक्टिविटी, इनोवेशन , कोलाबोरेशन, एक्सीलेंस और सेफ्टी)*
  - ✓ ***महत्वपूर्ण बिन्दु***
    - *भारत को विश्व का 'मसाला कटोरा' कहा जाता है।*
- **अन्तर्राष्ट्रीय गैस शिखर सम्मेलन-2023**
  - ✓ ***आयोजन तिथि*** *: फरवरी, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल*** *: तुर्की*
  - ✓ ***महत्वपूर्ण बिन्दु***
    - *उल्लेखनीय है कि तुर्की ने पिछले वर्ष के अन्त में अपने काला सागर तट पर से एक नए गैस भण्डार की खोज की है।*
- **यूथ-20 समूह की पहली बैठक**
  - ✓ ***आयोजन तिथि*** *: 6-8 फरवरी, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल*** *: गुवाहाटी (असम)*
  - ✓ ***महत्वपूर्ण बिन्दु***
    - *भारत पहली बार यूथ-20 (वाई-20) शिखर सम्मेलन की मेजबानी जी-20 शिखर सम्मेलन के अवसर पर कर रहा है।*
    - *यह अगस्त 2023 में अंतिम यूथ-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत-भर में पाँच यूथ-20 विषयों पर आयोजित होने वाली विभिन्न बैठकों में से पहली है।*

## मेला/महोत्सव/प्रदर्शनी

### राष्ट्रीय युवा महोत्सव (2023)

- 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन 12-16 जनवरी, 2023 को हुबली-धारवाड़ में किया गया।
- केन्द्र सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा यह आयोजन कर्नाटक सरकार के सहयोग से किया गया।
- 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हुबली में किया।
- हुबली-धारवाड़ में 12-16 जनवरी के दौरान आयोजित इस पाँच दिवसीय महोत्सव का विषय **'विकसित युवा-विकसित भारत'** था।
- राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्देश्य भारत के युवाओं को सशक्त बनाना और देश के भविष्य को आकार देने में उनकी सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना है।

### ऑरेंज फेस्टिवल 2023

- जैविक संतरे की फसल को चिह्नित करने के लिए नगालैण्ड में तीसरा वार्षिक ऑरेंज फेस्टिवल (2023) 24 जनवरी, 2023 से कोहिमा जिले के रुसोमा गाँव में शुरू हुआ।
- दो दिवसीय इस महोत्सव का आयोजन बागवानी, कृषि, ग्रामीण विकास, भूमि संसाधन विभाग और कोहिमा स्मार्ट सिटी के सहयोग से किया गया।

### अन्तर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव

- **आयोजन तिथि** : 8-14 जनवरी, 2023
- **आयोजन स्थल** : अहमदाबाद (गुजरात)
  - ✓ *गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने 8 जनवरी, 2023 को अहमदाबाद में अन्तर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव का उद्घाटन किया।*
- **थीम** : 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' पर आधारित इस महोत्सव में 68 देशों के लगभग 125 पतंगबाजों ने भाग लिया।

## ऑपरेशन/अभियान/अभ्यास

### भारत-जापान का वायु सैन्याभ्यास 'वीर गार्जियन 2023'

- भारतीय वायु सेना (आईएएफ) और जापान की एयर सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेएएसडीएफ) के मध्य द्विपक्षीय वायु रक्षा अभ्यास 'वीर गार्जियन 2023' का पहला संस्करण 26 जनवरी, 2023 को जापान में संपन्न हुआ।
- जापान की एयर सेल्फ डिफेंस फोर्स ने अपने F-2 और F-15 विमानों के साथ इस अभ्यास में भाग लिया जबकि भारतीय वायु सेना की टुकड़ी ने सुखोई-30 MKI विमानों के साथ हिस्सा लिया।
- संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास कार्यक्रम 16 दिनों तक चला।

### MAREX-2023 समुद्री अभ्यास

- अमेरिका और श्रीलंका की नौसेनाओं ने जनवरी 2023 में 'MAREX-2023' का आयोजन कोलम्बो (श्रीलंका) में किया। यह युद्धाभ्यास 19 जनवरी, 2023 को शुरू हुआ था।
- यह संयुक्त अभ्यास सामरिक क्षेत्र में चीन के बढ़ते सैन्य युद्धाभ्यास के बीच आपदा राहत की तैयारी और स्वतंत्र हिन्द-प्रशांत बनाए रखने के लिए किया गया।

- इस अभ्यास का पूरा नाम कोऑपरेशन अफ्लोट रेडीनेस एण्ड ट्रेनिंग (CARAT)/Marine Exercise (MAREX) 2023 है।
- इस अभ्यास में श्रीलंका नौसेना, श्रीलंका वायु सेना, यूएस नेवी, जापान समुद्री आत्मरक्षा बल और मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल ने प्रतिभाग किया।
- दोनों देशों के मध्य 2023 में CARAT/MAREX समुद्री अभ्यास के 5वें संस्करण का आयोजन किया गया। इस वर्ष अभ्यास में जापान और मालदीव के प्रतिभागी शामिल हुए।

### भारतीय वायुसेना का अभ्यास 'प्रलय'

- चीन के साथ चल रहे गतिरोध के बीच भारतीय वायु सेना पूर्वोत्तर में 'वास्तविक नियंत्रण रेखा' (LAC) के पास 1-5 फरवरी, 2023 को एक बड़ा अभ्यास करेगी, जिसे 'प्रलय' नाम दिया गया है।
- इस अभ्यास में सभी प्रमुख हवाई अड्डों को शामिल किया जाएगा।
- यह अभ्यास ऐसे समय पर हो रहा है, जबकि भारतीय वायुसेना ने इस क्षेत्र में एस-400 वायु रक्षा स्क्वाड्रन को तैनात कर सक्रिय कर दिया गया है।

### बीएसएफ का भारत-पाक सीमा पर 'ऑप्स अलर्ट अभ्यास'

- गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर भारत-पाकिस्तान सीमा पर सुरक्षा पुख्ता करने के लिए सर क्रीक (दलदली क्षेत्र) में गुजरात में कच्छ के रण और राजस्थान के बाड़मेर क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने 'ऑप्स अलर्ट अभ्यास' 21-28 जनवरी, 2023 को किया था।
- इसका उद्देश्य राष्ट्र विरोधी तत्त्वों के किसी भी इरादे को विफल करना था।
- इसके तहत् गहराई वाले क्षेत्रों के साथ-साथ खाड़ी और 'हरामी नाला' में विशेष अभियान चलाया गया।

### तीनों सेनाओं का जल-थल-नभ संयुक्त अभ्यास 'एम्फेक्स 2023'

- भारतीय नौसेना ने 17-22 जनवरी, 2023 को आन्ध्र प्रदेश में काकीनाडा के निकट सेना और भारतीय वायु सेना के साथ छह दिवसीय मेगा सैन्य अभ्यास AMPHEX-2023 आयोजित किया।
  - ✓ *यह सबसे बड़ा द्विवार्षिक त्रि-सेवा उभयचर अभ्यास था।*
- 'एम्फेक्स' का उद्देश्य आपसी पारस्परिकता और तालमेल को बढ़ाने के लिए सहयोग सहित संचालन के विभिन्न पहलुओं में तीनों सेनाओं के विभिन्न घटकों को संयुक्त प्रशिक्षण प्रदान करना है।
- इस अभ्यास में भारतीय नौसेना के बड़े प्लेटफॉर्म वाले डॉक (एलपीडी), लैंडिंग शिप और लैंडिंग क्राफ्ट, मरीन कमांडो (मार्कोस), हेलीकॉप्टर तथा विमानों सहित तीनों सेनाओं के कई जहाजों की भागीदारी देखी गई।

### भारतीय नौसेना का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास 'ट्रोपेक्स-23'

- भारतीय नौसेना के प्रमुख समुद्री अभ्यास 'ट्रोपेक्स' का 2023 संस्करण वर्तमान में हिन्द महासागर क्षेत्र में संचालित है।
- संचालन स्तर का यह अभ्यास द्विवार्षिक रूप से आयोजित किया जाता है और इसमें न सिर्फ भारतीय नौसेना की सभी इकाइयाँ बल्कि भारतीय थल सेना, भारतीय वायु सेना और तटरक्षक बल से जुड़ी परिसम्पत्तियों की भी भागीदारी होती है।
- ट्रोपेक्स-23, जनवरी से लेकर 23 मार्च तक की तीन महीने की अवधि के दौरान आयोजित किया जा रहा है।

### भारत-फ्रांस की नौसेनाओं का सैन्य अभ्यास 'वरुण'

- भारत और फ्रांस के मध्य द्विपक्षीय नौसैन्य अभ्यास का 21वाँ संस्करण अभ्यास 'वरुण' 16 जनवरी, 2023 को पश्चिमी समुद्र तट पर प्रारम्भ हुआ। यह अभ्यास 1-20 जनवरी, 2023 तक चला।
- इस अभ्यास में भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व स्वदेशी गाइडेड मिसाइल स्टेल्थ डिस्ट्रॉयर जहाज 'आईएनएस चेन्नई', गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'आईएनएस तेग नौका', समुद्री गश्ती विमान 'पी-8आई' और डोर्नियर, इंटीग्रल हेलीकॉप्टर तथा मिग-29 के लड़ाकू विमानों की भागीदारी शामिल हैं।
- जबकि फ्रांसीसी नौसेना का प्रतिनिधित्व विमानवाहक पोत 'चार्ल्स डी गॉल', एफएस फोर्बिन और प्रोवेंस नौका, सहयोगी जहाज एफएस मार्ने तथा समुद्री गश्ती विमान अटलांटिक द्वारा किया गया।

**Salient Point...**

- ➢ दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय अभ्यास वर्ष 1993 में शुरू किया गया था, इसे वर्ष 2001 में 'वरुण' नाम दिया गया था।
- ➢ नौसैन्य अभ्यास की यह शृंखला भारत और फ्रांस के रणनीतिक द्विपक्षीय सम्बन्धों की पहचान बन गई है।

### भारत तथा जापान का संयुक्त वायु अभ्यास 'वीर गार्जियन-2023'

- भारत और जापान के मध्य वायु रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए भारत तथा जापान का संयुक्त वायु अभ्यास 'वीर गार्जियन-2023' 12-26 जनवरी, 2023 को जापान के हयाकुरी एयर बेस (Hyakuri Air Base) पर सम्पन्न हुआ।
- इस अभ्यास में भारतीय वायु सेना और जापान एयर सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेएएसडीएफ) ने भाग लिया।
- संयुक्त अभ्यास में भाग लेने वाले भारतीय दल में चार सुखोई-30 एमकेआई (Su-30 MKI), दो सी-17 (C-17) और एक आईएल-78 (IL-78) विमान शामिल थे, जबकि जापानी एयर सेल्फ डिफेंस फोर्स ने चार एफ-2 (F-2) और चार एफ-15 (F-15) विमानों के साथ भाग लिया।

### भारत और मिस्र की सेनाओं का संयुक्त युद्धाभ्यास 'साइक्लोन-I'

- भारत और मिस्र की सेनाओं के मध्य 'अभ्यास साइक्लोन-I' राजस्थान के जैसलमेर में 14 जनवरी, 2023 को शुरू हुआ।
  - ✓ *यह सैन्याभ्यास दोनों देशों की सेनाओं के मध्य अब तक का पहला संयुक्त अभ्यास है।*
- 14 दिनी यह युद्धाभ्यास राजस्थान के रेगिस्तानों में संचालित किया गया।
- इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ावा देना तथा रेगिस्तानी इलाके में विशेष बलों के आपसी तालमेल, संचालन और पेशेवराना कौशल को एक-दूसरे से साझा करना है।

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

### नीलकुरिंजी संरक्षित पौधों की सूची में शामिल

- केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-III के तहत् नीलकुरिंजी या कुरिंजी (Strobilanthes kunthiana) को संरक्षित पौधों की सूची में शामिल करते हुए सूचीबद्ध किया है।
- आदेशानुसार इस पौधे को उखाड़ने या नष्ट करने वालों पर 3 वर्ष की कैद के साथ ₹ 25,000 का जुर्माना लगाया जाएगा।

**Salient Point...**

➢ नीलकुरिंजी का पौधा पश्चिमी घाट में एक छोटे से हिस्से मंगलादेवी पहाड़ियों से नीलगिरी पहाड़ियों तक के लिए एंडेमिक (स्थानिक) प्रजाति से है।

➢ उल्लेखनीय है कि पश्चिमी घाट क्षेत्र में नीलकुरिंजी पौधों की लगभग 70 किस्मों की पहचान की गई है। सबसे लोकप्रिय नीलकुरिंजी स्ट्रोबिलैंथेस कुंथियाना है जो 12 वर्ष में एक बार खिलता है।

### वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली (AI-AQMS V1.0) के लिए प्रौद्योगिकी का किया शुभारम्भ

- इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (Ministry of Electronics and Information Technology) ने 17 जनवरी, 2023 को वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली (Air Quality Monitoring System) के लिए प्रौद्योगिकी **AI-AQMS V1.0** का शुभारम्भ किया है।
- सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ एडवांस कम्प्यूटिंग (C-DAC), कोलकाता ने टैक्समिन (ISM) धनवाद के सहयोग से पर्यावरण प्रदूषकों की निगरानी के लिए एक बाह्य वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन विकसित किया है।
- इस पर्यावरण प्रदूषक में पर्यावरण के निरंतर वायु गुणवत्ता विश्लेषण के लिए PM1.0, PM2.5, PM10.0, $SO_2$, $NO_2$, CO, $O_2$, परिवेशीय तापमान (Ambient Temperature), सापेक्ष आर्द्रता (Relative Humidity) आदि जैसे मानदण्ड शामिल हैं।

### राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने 4 जनवरी, 2023 को ₹ 19,477 करोड़ की लागत वाले 'राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (National Green Hydrogen Mission–NGHM)' को मंजूरी दे दी।
- मिशन का उद्देश्य भारत को हरित हाइड्रोजन के उपयोग, उत्पादन और निर्यात के लिए 'वैश्विक केन्द्र' बनाना है।
- **नोडल मंत्रालय :** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय।

**महत्वपूर्ण बिन्दु**

- वर्ष 2030 तक देश में लगभग 125 GW (गीगावॉट) की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता विकसित करना।
- प्रति वर्ष कम-से-कम 5 MMT (मिलियन मीट्रिक टन) की हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता का विकास करना।
- वर्ष 2030 तक ₹ 8 लाख करोड़ का निवेश कर 6 लाख से अधिक रोजगार सृजित होने की सम्भावना है।
- जीवाश्म ईंधन के आयात में ₹ 1 लाख करोड़ से अधिक की शुद्ध कमी लाना तथा देश में वार्षिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में लगभग 50 मीट्रिक टन की कमी करना।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

### पहली इंट्रानेजल वैक्सीन लॉन्च

- देश में पहली बार नाक से दी जाने वाली **इंट्रानेजल कोरोना वैक्सीन** 26 जनवरी, 2023 को लॉन्च हो गई।
- गणतंत्र दिवस के अवसर पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इस वैक्सीन को लॉन्च किया।

**विश्व की यह पहली इंट्रानेजल वैक्सीन**

- जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) और इसके लोक उपक्रम, जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद् (बाइरैक–BIRAC) ने भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड (BBIL) के साथ मिलकर विश्व की यह पहली इंट्रानेजल वैक्सीन तैयार की है, जिसे दवा नियामक ने इस्तेमाल करने की 23 दिसम्बर, 2022 को मंजूरी दी थी।
  - ✓ *उल्लेखनीय है कि भारत द्वारा कोविड के लिए विकसित विश्व के पहले इंट्रा-नेसल वैक्सीन को 18 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग में आपातकालीन स्थितियों में प्रतिबंधित उपयोग के लिए केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) से स्वीकृति मिली।*
- भारत बायोटेक ने नाक के जरिए दी जाने वाली इस नेजल वैक्सीन का नाम **iNCOVACC** रखा है। पहले इसका नाम **BBV154** था।

## विविध

### राष्ट्रपति भवन में मुगल गार्डन का नाम अब अमृत उद्यान

- स्वतंत्रता के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे 'आजादी का अमृत उत्सव' के अन्तर्गत राष्ट्रपति भवन में मुगल गार्डन का नाम बदल कर 'अमृत उद्यान' कर दिया है।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 29 जनवरी, 2023 को इस अमृत उद्यान की आधिकारिक शुरुआत की।
- मुगल गार्डन (बदला हुआ नाम अमृत उद्यान) वर्ष में एक बार आम जनता के लिए खोला जाता है। इस बार यह 31 जनवरी से 26 मार्च, 2023 तक खोला जाएगा।

# नवीनतम वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. भारत के 74वें गणतंत्र दिवस समारोह के सम्बन्ध में असत्य कथन का चयन कीजिए?
(A) मिस्र के राष्ट्रपति समारोह में मुख्य अतिथि थे।
(B) वायुसेना की गरुड कमांडो परेड में पहली बार शामिल हुई।
(C) गरुड कमांडो का नेतृत्व स्क्वाड्रन लीडर पी. एस. जैतावत ने किया।
(D) राज्यों की झाँकी में राजस्थान की झाँकी प्रथम स्थान पर रही।
2. नोवाक जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन-2023 के पुरुष एकल का खिताब जीतने के साथ ही वह अब तक कितने ग्रैंड स्लैम जीत चुके हैं?
(A) 21 (B) 22
(C) 23 (D) 24
3. 11वाँ जैव ऊर्जा शिखर सम्मेलन-2023 का आयोजन 12 जनवरी, 2023 को कहाँ किया गया?
(A) मुम्बई (B) नई दिल्ली
(C) गुवाहाटी (D) लखनऊ
4. गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर घोषित 'पद्म विभूषण' पुरस्कारों का कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है?
(A) बालकृष्ण दोषी- वास्तु-कला
(B) दिलीप महालनाबिस - मेडिसिन
(C) एसएम कृष्णा - ललित कला
(D) श्रीनिवास वर्धन - विज्ञान और इंजीनियरिंग
5. (30वें) 'राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023' का आयोजन 27-31 जनवरी, 2023 को कहाँ किया गया ?
(A) गुजरात (B) महाराष्ट्र
(C) राजस्थान (D) ओडिशा
6. भारत और मिस्र द्वारा कौनसा संयुक्त सैन्य अभ्यास राजस्थान के जैसलमेर जिले में 14-27 जनवरी, 2023 को आयोजित किया गया?
(A) हरिकेन-1 (B) साइक्लोन-1
(C) टाइफून-1 (D) विलीविली-1
7. नासा द्वारा खोजे गए किस नए ग्रह की घोषणा 10 जनवरी, 2023 को की गई?
(A) CMI 900p (B) GYV 956b
(C) TOI 700e (D) CFR 365s
8. दक्षिण अफ्रीका में 14-29 जनवरी, 2023 को आयोजित आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' किसे चुना गया है?
(A) ग्रेस स्क्रीवेंस (B) श्वेता सहरावत
(C) एलेक्सा स्टोनहाउस (D) शैफाली वर्मा
9. ओडिशा में 13-29 जनवरी, 2023 को आयोजित एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप-2023 का खिताब किस टीम ने जीता है ?
(A) बेल्जियम (B) जर्मनी
(C) ऑस्ट्रेलिया (D) भारत
10. स्कॉर्पीन श्रेणी की किस पाँचवीं पनडुब्बी को 23 जनवरी, 2023 को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया है?
(A) आईएनएस तरकश (B) आईएनएस खंडेरी
(C) आईएनएस वेला (D) आईएनएस वागीर
11. हाल ही में हुई नियुक्तियों में असुमेलित है?
(A) पंकज कुमार सिंह- उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार
(B) अनिल कुमार लाहोटी - अध्यक्ष व सीईओ, रेलवे बोर्ड
(C) प्रवीण कुमार श्रीवास्तव - कार्यवाहक मुख्य सतर्कता आयुक्त
(D) भरत भास्कर- महासचिव, एशियन-प्रशांत डाक संघ
12. न्यू आर्लेयंस (अमेरिका) में आयोजित वर्ष 2022 की 'मिस यूनिवर्स' का खिताब 14 जनवरी, 2023 को किसने जीता है?
(A) अमेंडा डुडामेल (B) आर बोनी गैब्रिएल
(C) एंड्रिना मार्टिनेज (D) दिविता राय
13. भारत और फ्रांस के बीच किस द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास का 21वाँ संस्करण भारत के पश्चिमी समुद्र तट पर 16-20 जनवरी, 2023 को आयोजित किया गया?
(A) वरुण 2023 (B) गरुण 2023
(C) अरुण 2023 (D) तरुण 2023
14. कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा कृषि महोत्सव-प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण का आयोजन 24-25 जनवरी, 2023 को कहाँ किया गया?
(A) महीसागर, गुजरात (B) हिंगोली, महाराष्ट्र
(C) सागर, मध्य प्रदेश (D) कोटा, राजस्थान
15. विश्व के सबसे ऊँचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन के कुमार पोस्ट में सक्रिय रूप से तैनात होने वाली पहली महिला अधिकारी कौन बनीं हैं?
(A) कैप्टन तृषा खत्री (B) कैप्टन अनीता वर्मा
(C) कैप्टन शिवा चौहान (D) कैप्टन अभिलाषा बराक
16. जी-20 अभियान के तहत् 'स्टार्ट-अप 20 एक्स' का आयोजन 28-29 जनवरी, 2023 को कहाँ किया गया?
(A) मैसूर (B) जयपुर
(C) गुवाहाटी (D) हैदराबाद
17. वर्ष 2023 के लिए राष्ट्रीय युवा दिवस (12 जनवरी) की थीम क्या थी ?
(A) विकसित युवा, विकसित भारत
(B) भारत निर्माण के लिए सक्षम युवा
(C) सक्षम भारत, सुदृढ़ युवा
(D) नवोन्मेषी युवा, प्रगतिशील भारत

| उत्तरमाला | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. (D) | 2. (B) | 3. (B) | 4. (C) | 5. (A) | 6. (B) |
| 7. (C) | 8. (A) | 9. (B) | 10. (D) | 11. (D) | 12. (B) |
| 13. (A) | 14. (D) | 15. (C) | 16. (D) | 17. (A) | |